CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

मुरादाबाद, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी की सुरक्षा पेज 2




केएल राहुल का अर्धशतक, भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता खेल टाइम्स



बिहार विधानसभा चुनावः पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी सम्पादकीय



गाजा में इजरायल ने मचाई 13 परमाणु बमों जितनी तबाही: यूएन पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सितम्बर में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** सितम्बर महीने में थोक महंगाई दर में मामूली गिरावट देखी गई। इस दौरान खाने-पीने की चीजों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी दिखी। इसके असर से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) घटकर 0.13 प्रतिशत पर पहुंच गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई। थोक महंगाई दर अगस्त में 0.52 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष सितम्बर में 1.91 प्रतिशत थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितम्बर 2025 में थोक महंगाई के सकारात्मक रहने का कारण खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य वस्तुओं, परिवहन उपकरणों और कपड़ों के विनिर्माण कीमतों में वृद्धि है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सितम्बर में 5.22 प्रतिशत की गिरावट दिखी। अगस्त में इसकी कीमतें 3.06 कम हुई थी। इस दौरान सब्जियों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की कीमतों में सितम्बर में 24.41 प्रतिशत की नरमी आई।

### कर्नाटक में मालूर विस का चुनाव रद्द पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के मालूर विधानसभा का चुनाव रद्द करने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को रोक लगाते हुए पुनर्मतगणना का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाले कांग्रेस विधायक नानजेगौड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने चुनाव याचिका में सात मुद्दे तय किए थे, लेकिन एक पर भी फैसला नहीं सुनाया। इस दलील पर शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उक्त आदेश पर रोक लगाई।

### वरिष्ठ पुलिस अफसरों के घर गिफ्ट ले जाने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दीपावली के अवसर पर कोई भी पुलिसकर्मी या अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर उपहार, मिठाई या फूल लेकर न जाए। पुलिस कमिश्नर कार्यालय से जारी इस सर्कुलर में कहा गया है कि इस निर्देश का उल्लंघन अनुशासनहीनता मानी जाएगी और इसे प्रतिकूल दृष्टि से देखा जाएगा। यह आदेश जिला पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) मुख्यालय-द्वितीय बी. भारत रेड्डी द्वारा जारी किया गया है।

### नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों ने किया दो आतंकियों को ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी सतर्कता के बीच सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों को भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी दर्रे बंद होने से पहले ऐसी कोशिशों में बढ़ोतरी की आशंका है।

# भारत एक महान देश, मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्तः ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ**

शर्म अल शेख, वार्ता

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है और मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त वहीं शीर्ष पर हैं।

उन्होंने शानदार काम किया है। ट्रम्प ने यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल-शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान दिया, जो गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। गाजा में युद्धविराम समझौते के बाद मिस्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना बहुत अच्छा मित्र करार दिया और भारत की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा कि भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष पर मेरा एक बहुत अच्छा मित्र है, जिसने शानदार काम किया है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। बता दें कि इस दौरान खास बात यह रही कि जब ट्रम्प पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके पीछे ही खड़े थे। मोदी की तारीफ करते समय ट्रम्प ने शहबाज की ओर



भी देखा। इस पर शरीफ ने मुस्कुराते हुए ट्रम्प की बात का स्वागत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वर्षों की पीड़ा और रक्तपात के बाद, गाजा में युद्ध समाप्त हो गया है। अब मानवीय सहायता पहुंच रही है, जिसमें सैकड़ों ट्रक भरकर भोजन, चिकित्सा उपकरण और अन्य सामग्री शामिल है, जिसका अधिकांश भुगतान इस कमरे में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। नागरिक अपने घरों को लौट रहे हैं। बंधकों का पुनर्मिलन हो रहा है... एक नए और खूबसूरत दिन को उगते देखना बहुत ही सुंदर है और अब पुनर्निर्माण शुरू हो रहा है। इस दौरान ट्रम्प ने गाजा शांति शिखर सम्मेलन में कहा कि यह मध्य पूर्व से परे दुनिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि गाजा का समर्थन लोगों के उत्थान के लिए ही किया जाना चाहिए। लेकिन हम अतीत में हुए रक्तपात, घृणा या आतंक से जुड़ी किसी भी चीज को वित्तपोषित नहीं करना चाहते। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि इसे विसैन्यीकृत किया जाए और गाजा में लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए एक नए ईमानदार नागरिक पुलिस बल की स्थापना की जाए।

# चलती बस में आग लगने से 20 यात्री जिंदा जले

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर से जोधपुर जाने वाली यात्रियों से भरी निजी बस में मंगलवार को करीब साढ़े तीन बजे आग लगने से करीब 20 लोगों के जिंदा जलने की सूचना है।

मृतकों में महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या अधिक भी हो सकती है। बस में आग लगने का प्रारम्भिक तौर पर कारण एसी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कलक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे यह बस जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रास्ते में करीब 20 किलोमीटर दूर थईयात मार्ग पर वार म्यूजियम के पास बस के पिछले हिस्से में धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया। कुछ ही देर में पूरी बस आग का गोला जैसी नजर आने लगी। बस में 57 जने सवार थे। इनमें से अधिकांश सवारियां जैसलमेर से पोकरण के बीच के गांवों की थी।

# यूपी के 14.82 लाख राज्य कर्मियों को दिवाली गिफ्ट

## योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।

प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपये का लाभ मिलेगा। दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन- प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।



**यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है: सीएम योगी**

### सीएम योगी महिलाओं को देंगे निःशुल्क सिलेंडर का उपहार

■ **आज लोकभवन सभागार में योजना का करेंगे शुभारंभ**

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को राहत देते हुए दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की गई थी, ताकि वे ग्रामीण और वंचित परिवार जो अब तक लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले जैसे पारंपरिक ईंधन का उपयोग कर रहे थे, उन्हें एलपीजी जैसे स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिल सके। इस योजना ने ग्रामीण भारत की रसोई को न केवल धुएं से मुक्त किया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को भी कम किया।

# भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं पाक

## पहलगाम जैसी हरकत दोहराई, तो अंजाम होंगे भयावह

**जम्मू/नई दिल्ली।** पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है।

पत्रकारों से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। जनरल कटियार के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और हम पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिर से पहले जैसी हरकत करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसमें हमारे सामने खुलकर लड़ने की हिम्मत नहीं है। भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके -शेष पृष्ठ दो पर

**पाकिस्तान को चेतावनी**




■ **पश्चिमी सेना के कमांडर का ऐलान**
■ **ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक,**
■ **कैसे ध्वस्त किए थे पाक में आतंकी ठिकाने डीजीएमओ ने दिखाए सबूत**

### कुछ देश खुलेआम अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे: राजनाथ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों के प्रमुखों के सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है, यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है।

# देश में इस बार 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी

## हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 फीसदी हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है।

दिसम्बर में ला नीना सक्रिय हो रहा है, जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है। ऊपरी हिमालय यानी 4 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में औसत तापमान माइनस 15डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम रहता है। ला नीना के कारण उत्तर, मध्य और पूर्वी भागों में औसत तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। मध्य प्रदेश में ठंड ने समय से पहले दस्तक दे दी है। भोपाल में मिनिमम टेम्परेचर 15.8डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम है। भोपाल में यह तापमान पिछले 26 साल में अक्टूबर के पहले पखवाड़े में तीसरी बार इतना कम रिकॉर्ड हुआ है। इधर, राजस्थान में दिन और रात के तापमान में अंतर नजर आने लगा है। सीकर में रात का मिनिमम टेम्परेचर 15डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के ऊपरी हिस्सों पर पहाड़ों पर बर्फ जमने लगी है। डा. मेहता के मुताबिक ताजा बर्फबारी ने ग्लेशियरों की सेहत दुरुस्त होने के भी संकेत दिए हैं। हिमालय पर तापमान कम होने के चलते इस बार बर्फ पिघल नहीं रही। इससे ग्लेशियर 5 साल के लिए रिचार्ज हो जाएंगे। पूरे उत्तर भारत की नदियों के स्रोत नहीं सूखेंगे। सिक्किम, कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल से लेकर नेपाल तक पूरे उच्च हिमालय पर सफेद बर्फ की चादर बिछी हुई है।




■ **मप्र-राजस्थान में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा**

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-1 लागू

**नई दिल्ली।** राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है।

मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के खराब श्रेणी में बने रहने की भविष्यवाणी की गई है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरुआत की बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार



अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय पाने को भटक रहा है पूरन कुमार का परिवार: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। वे दर दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है। उन्होंने लिखा- हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने हाल ही में जातिगत उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। उनका परिवार न्याय के लिए भटक रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दीपावली के मद्देनजर नेपाल सीमा पर अलर्ट

**बस्ती।** दीपावली के पर्व एवं अयोध्या दीपोत्सव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी ने मंगलवार को कहा कि बस्ती परिक्षेत्र का सिद्धार्थनगर जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान निरन्तर चौकसी बरत रहे हैं। 20 अक्टूबर को अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस दौरान बस्ती जिले में भी सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सीमा से सटे सभी थाने, चौकियां सतर्क रहेंगी और हर आने-जाने पर पैनी निगाह रखेंगी।

## नगरों में तीव्र गति से बदल रहा विकास का स्वरूप

# यूपी में बनेगी व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं: सीएम योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। यह नीति केवल भवनों के पुनर्निर्माण तक सीमित न रहकर शहरों के समग्र पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

हमारे नगर केवल इमारतों का समूह नहीं, बल्कि जीवंत सामाजिक संरचनाएं हैं। इनके पुनर्जीवन के लिए ऐसी नीति आवश्यक है, जो आधुनिकता, परंपरा और मानवता तीनों का संतुलित समन्वय करे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को आवास विभाग की बैठक में कहा, नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। नीति में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिनसे निवास योग्य, सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगरों का निर्माण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नीति में भूमि पुनर्गठन, निजी निवेश को प्रोत्साहन, पारदर्शी पुनर्वास व्यवस्था और प्रभावित परिवारों की आजीविका की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। हर परियोजना में 'जनहित सर्वोपरि' की भावना हो तथा किसी की संपत्ति या जीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिए न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। सीएम योगी ने कहा, नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली व पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। निवेशकों को स्पष्ट दिशा-निर्देश, प्रोत्साहन और सुरक्षा दी जाए, ताकि निजी क्षेत्र पुनर्विकास में सक्रिय भागीदारी कर सके। साथ ही हर परियोजना में हरित भवन मानक, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रावधान अनिवार्य किए जाएं। नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुराने बाजारों, सरकारी आवास परिसरों, औद्योगिक क्षेत्रों और अनधिकृत बस्तियों के लिए क्षेत्रवार अलग रणनीति तैयार की जाए।

### ग्राम पंचायतों की समृद्धि आत्मनिर्भर भारत की नींव: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयां नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके लिए प्रत्एक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले।

## आजम खां ने ठुकराई वाई श्रेणी सुरक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ सपा नेता ने कहा: लिखित आदेश न मिलने तक नहीं लूंगा सुविधा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां ने वाई श्रेणी की सुरक्षा लेने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार की ओर से लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक वह सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगे।

जेल से रिहा होने के बाद आजम ने कहा कि उन्हें सुरक्षा दिए जाने की कोई आधिकारिक जानकारी या दस्तावेज नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने कहा है कि पहले वह सरकार का आदेश लेकर आएं, तभी वह इस व्यवस्था को मानेंगे। सपा नेता ने कहा कि जब एक बार के विधायक को केंद्र सरकार के कमांडो मिल सकते हैं, तो मुझे केवल वाई श्रेणी की सुरक्षा क्यों दी गई है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वाई श्रेणी की सुरक्षा में गाड़ी और अन्य खर्च का प्रावधान होता है, जिसका खर्च वह देने की स्थिति में नहीं हैं। जेल से बाहर आने के बाद से आजम लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।

अब सुरक्षा को लेकर दिया गया यह बयान एक बार फिर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। सपा नेता पूर्व में 27 माह तक सीतापुर जेल में रहे थे। उस वक्त जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद उनको सुरक्षा वापस दे दी थी, लेकिन उस वक्त सपा नेता ने सुरक्षा वापस कर दी थी। 23 माह बाद जेल से रिहा होने के सपा नेता आजम खां को पूर्व में दी गई वाई श्रेणी की सुरक्षा को वापस कर दिया गया है। वह छह पुलिस कर्मियों की निगरानी में चौबीस घंटे रहेंगे। सपा नेता आजम खां दस बार के विधायक, एक बार के लोकसभा सदस्य व राज्यसभा के सदस्य के साथ ही पांच बार प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2012-2017 तक कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां की मुश्किलें भाजपा सरकार आने के बाद 2019 से बढ़नी शुरू हुई थीं। उन पर कानूनी शिकंजा कसता चला गया। एक के बाद एक सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हुए। डूंगरपुर, यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व डकैती के साथ ही मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए। 23 माह पहले उन्हें बेटे के जन्म प्रमाणपत्र के मामले में कोर्ट से सजा हुई थी, जिसके बाद बेटे अब्दुल्ला आजम खां व पत्नी डॉ. तजीन फात्मा के साथ जेल चले गए थे।

हालांकि अब सभी जमानत पर रिहा हो चुके हैं। उनको डूंगरपुर केस में भी सजा हो चुकी है। फिलहाल 23 माह बाद 23 सितम्बर को सीतापुर जेल से रिहा हो गए थे। जेल जाने से पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, जिसे अब वापस कर दिया गया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत पांच पुलिस कर्मियों की एक गारद आवास पर तैनात होगी, जबकि तीन सुरक्षा कर्मी सपा नेता के साथ रहेंगे। वहीं एसपी विद्या सागर मिश्र ने कहा कि सपा नेता को पहले से ही वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। इसे खत्म नहीं किया गया था। अब फिर से सुरक्षा दे दी गई है।

## सूचना का अधिकार सिर्फ कागजों पर जिंदा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनता के शासन प्रशासन के कामकाज की जानकारी लेने वाले सूचना के अधिकार कानून को सिर्फ काग. जों पर जिंदा रखा है, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने इसको लेकर एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में विस्तार से लेख लिखकर कहा है कि यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का क्रांतिकारी विचार था, लेकिन जनता के इस अधिकार को मोदी सरकार ने किस तरह से ध्वस्त कर दिया है, उसका विवरण इस लेख में है। खेड़ा ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने लेख के बारे में जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया, कागजों पर तो आरटीआई जिंदा है, लेकिन व्यवहारिक तौर से मोदी सरकार ने इस क्रांतिकारी विचार की मशीनरी को ध्वस्त कर दिया है, जिसने कानून के जरिए ताकतवर लोगों को कमजोर लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया था। मैं मोदी सरकार द्वारा आरटीआई कानून को कुचले जाने पर लिख रहा हूं।

## उप्र में आठ सालों के दौरान 256 दुर्दांत अपराधी ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राज्य के 18 पुलिसकर्मी भी इस अवधि में मुठभेड़ों में वीरगति को प्राप्त हुए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने पिछले आठ सालों में 256 दुर्दांत अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। इस दौरान 18 पुलिसकर्मी भी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने मिशन शक्ति 5-0 के तहत पिछले बीस दिनों में एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ों में कई अपराधियों को मार गिराया, जबकि कई को हॉफ एनकाउंटर में दबोचा। पुलिस ने बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया, जबकि कुछ दिन पहले बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले बदमाशों को करारा जवाब दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर में 256 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 15,726 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 31,960 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 10,324 अपराधी घायल हुए। वहीं अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में दर्ज की गई, जहां पुलिस ने 4,453 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गए जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। वहीं 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए। एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है। इसी तरह, वाराणसी ज़ोन में 1,108 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए।



सेंसेक्स 82029.98
निफ्टी 25145.50



सोना रु. 120845
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 184100
प्रति किलो



## वैश्विक तनाव से लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के मद्देनजर मंगलवार को भारत समेत दुनिया के सभी देशों में शेयर बाजारों में गिरावट रही। सुबह लगभग 250 अंक की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स अंत में 297.07 अंक (0.36 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,029. 98 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक में लगभग 800 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत नीचे 25,145.50 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी बाजार में गिरावट रही थी। कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को देखते हुए निवेशकों ने शेयरों से पैसे निकालकर सोना और डेट में निवेश किया। इससे शेयर बाजार दबाव में रहे। बाजार में बिकवाली चौतरफा रही और एनएसई के सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, रियलिटी, फार्मा, धातु, एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंक और स्वास्थ्य सेक्टरों पर अधिक दबाव रहा।

एनएसई में जिन 3,197 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,266 के शेयर लुढ़क गए। वहीं 836 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए जबकि 95 के अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियों पर अधिक दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.92 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य सात के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 1.80 प्रतिशत, बीईएल में 1.76, टाटा स्टील में 1. 71 और टीसीएस में 1.56 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.40 फीसदी, ट्रेंट का 1.38, एशियन पेंट्स का 1. 22 और एक्सिस बैंक का 1.08 फीसदी गिरकर बंद हुआ। सनफार्मा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बेंक, अडानी पोर्ट्स आईटीसी और मारुति सुजुकी के शेयर भी लाल निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.25 प्रतिशत की तेजी रही।

आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 1.73 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.62 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 प्रतिशत नीचे था।

## स्वास्थ्य और सावधि जीवन बीमा की खरीद में जबरदस्त वृद्धि

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा को कर मुक्त करने के बाद इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। ऑनलाइन बीमा कंपनी पॉलिसीबाजार ने मंगलवार को बताया कि सितम्बर 2025 की तुलना में अक्टूबर में मांग में औसत वृद्धि ने कोरोना महामारी के दौरान देखी गई वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है। उसके प्लेटफ़ॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा की मांग में 1.7 गुना और सावधि (निश्चित समय के लिए) जीवन बीमा की मांग में 1.8 गुना वृद्धि हुई है। पीबी फिनटेक समूह के ज्वाइंट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा जीएसटी कटौती की घोषणा ने छिपी हुई मांग को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर कर शून्य करने के सरकार के फैसले को एक प्रगतिशील सुधार बताया, जो अनगिनत परिवारों को आश्वस्त करता है और उद्योग को पूरे आत्मविश्वास के साथ देश के हर कोने तक तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## चावल, चीनी मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमत में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया जबकि चीनी महंगी हुई।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 39 रिंगिट घटकर 4,460 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपए बढ़कर 3,855.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 2,853 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रही। आटे की कीमत आठ रुपए बढ़ी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 13 रुपए और सोया तेल की 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 25 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं सूरजमुखी तेल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। वनस्पति 30 रुपए और मूंगफली तेल 87 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 23 रुपए महंगी हुई। तुअर दाल 193 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मूंग दाल की औसत कीमत तीन रुपए प्रति क्विंटल घट गई, जबकि उड़द दाल के भाव में टिकाव रहा। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत से युद्ध...** लिए हमें खासकर पूर्व सैनिकों और जनता के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान की सोच नहीं बदलती, तब तक इस तरह की हरकतें होती रहेंगी, लेकिन भारतीय सेना हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है। वहींभारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि अगर हम मुरीदके की बात करें, तो यह लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य आतंकी ठिकाना है। स्क्रीन पर जो भारतीय वायुसेना की स्ट्राइक दिख रही है, वह वहीं की है। इसमें पहले और बाद की तस्वीरें हैं, जिनमें कुछ अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। उन्होंने बताया कि ये हमले सात मई की सुबह के शुरुआती घंटों में किए गए थे। इन स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसके अलावा, बहावलपुर में भी ऐसे ही हमले किए गए। उन्होंने वहां की पहले और बाद की सैटेलाइट तस्वीरें दिखाईं, जिनमें साफ देखा जा सकता है कि रॉकेट और मिसाइलें कहां जाकर लगीं। लेफ्टिन जनरल राजीव घई ने कहा कि इन इलाकों में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच का खुला गठजोड़ साफ दिखाई दिया। यह इतनी स्पष्टता से दिखा कि हमें भी हैरानी हुई कि उन्होंने कोई एहतियात नहीं बरती। तस्वीरें खुद सारी कहानी बयान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकी को मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ाते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान सेना की चार कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और कई अन्य बड़े अधिकारी भी इस जनाजे में शामिल हुए थे। डीजीएमओ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या 1980 के दशक के अंत में शुरू हुई थी। तबसे अब तक 28 हजार से ज्यादा आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक से अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के एक लाख से अधिक लोगों को घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिनमें करीब 60 हजार परिवार शामिल हैं। इस पूरे दौर में 15,000 से अधिक निर्दोष नागरिकों और 3,000 से ज्यादा सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा चुकी है।

### आत्महत्या करने वाले केरल के युवक के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने केरल में आरएसएस के लोगों के कथित दुर्व्यहार के बाद एक युवक के आत्महत्या करने की घटना के विरोध में मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि संघ की शाखाएं अब शोषण का अड्डा बन गई हैं। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि प्रदर्शन के लिए सगठन के सदस्य बड़ी संख्या में सुबह से उनके कार्यालय पर पहुंच गए थे। प्रदर्शन शुरु होने से पहले ही वहां युवकों का जमवाड़ा हो गया था और जैसे ही युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने यात्रा शुरु करने की इजाजत दी बड़ी संख्या में युवक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए संगठन के मुख्यालय के बाहर एकत्रित हो गए।

## उप्र: कफ सिरप बनाने में हो रही अनदेखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने अपने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए

**लखनऊ।** प्रदेश में कफ सिरप बनाने के मानकों की अनदेखी हो रही है। कई फर्म जुगाड़ से चल रही हैं, तो कुछ ने आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं किए हैं। यह खुलासा हुआ है विभिन्न फर्मों की जांच में। अब केंद्रीय टीम भी उत्तर प्रदेश में निगाह गड़ा दी है। सोमवार को इस टीम ने हापुड़ में पांच नमूने लिए। यह टीम अन्य जिलों में भी रैंडम जांच करेगी। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में भी जांच अभियान चलाया गया है। प्रदेश में मौजूद कफ सिरप बनाने वाली 37 कंपनियों में 17 सिरप निर्माण में लगी हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने इनकी जांच की। निर्मित सिरप के साथ ही कच्चे माल के भी नमूने लिए गए हैं। अब तक विभिन्न कंपनियों करीब 780 नमूने लैब में भेजे गए हैं। इनकी जांच शुरू हो गई है। इस बीच विभिन्न जिलों से आई जांच रिपोर्ट का आकलन किया गया, तो नतीजे चौकाने वाले मिले हैं। कंपनियों में स्वच्छता के मानकों की अनदेखी पाई गई है। निर्धारित उपकरणों का अभाव, कई जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। ऐसे में लखनऊ, सहारनपुर, मथुरा और अलीगढ़ की एक-एक कंपनी में सिरप निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अन्य को नोटिस जारी किया गया है। सिरप और कच्चे माल के नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए एफएसडीए की केंद्रीय टीम सोमवार से उत्तर प्रदेश में पहुंच गई है। हापुड़ में सिरप निर्माण में लगी फर्म की जांच की गई। मौके से पांच नमूने लिए गए हैं। आयुक्त और उप आयुक्त स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में गठित यह टीम स्थानीय औषधि निरीक्षक के साथ अलग-अलग जिलों में जाएगी। निर्माण में लगी कंपनी के साथ ही मेडिकल स्टोर से भी कफ सिरप के नमूने लेगी। इन नमूनों की जांच के बाद संबंधित निर्माता फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ में बरामद कोडिन कफ सिरप का बाजार पूरे प्रदेश में फैला है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया था कि उनके कारोबार के केंद्र में दवा से ज्यादा नशे में प्रयोग करने वाले हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने लखनऊ के मेडिकल स्टोरों से मिले दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कई जिलों में यहां से बड़ी खेप पहुंची है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पत्नी के कत्ल के आरोपी शाहिद को उम्र कैद

## बीस हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे प्रथम ने पत्नी के कत्ल के आरोपी स्योहारा के शाहिद को उम्र कैद व बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 18 मार्च 2020 को वादिनी श्रीमती मोमिन पत्नी स्व. मौहम्मद यामीन निवासी मौहल्ला कटारमल, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर द्वारा थाना स्योहारा पर तहरीर दी गयी कि उसके दामाद शाहिद पुत्र मौहम्मद रिहान निवासी मौहल्ला इस्लाम नगर, कस्बा व थाना स्योहारा द्वारा घरेलू विवाद को लेकर उसकी पुत्री रूबीना की हत्या कर दी थी। तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा पर मुकदमा अपराध संख्या 131/20 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना में वादिनी की पुत्री का पति शाहिद उपरोक्त के विरूद्ध पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा न्यायालय में सशक्त प्रभावी पैरवी की गई एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसके परिणामस्वरूप आज न्यायालय एडीजे प्रथम, जनपद बिजनौर द्वारा धारा 302 भादवि के आरोपित अभियुक्त शाहिद पुत्र मौ. रिहान निवासी मौहल्ला इस्लामनगर, कस्बा व थाना स्योहारा को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद बिजनौर में महिला संबंधित अभियोगों में जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपितों को सजा कराई जा रही है। यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है, जिसमें पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## चांदपुर में तीन किशोरों को पकड़ा

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में 19 सितम्बर को ग्राम बूचानांगल निवासी नासिर पुत्र इकरामुद्दीन ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी बाइक अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई है। चांदपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर इस मामले में तीन किशोरों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। इनके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है।

# मंडावर डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत दौड़ प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मंडावर डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा, महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में सुबह 9:00 बजे से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिस्पर्धा की भावना, शारीरिक तंदुरुस्ती और टीम भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। 200 मीटर दौड़ में बीएससी की छात्रा शबाना ने प्रथम, सानिया ने द्वितीय और सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सीमा ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय और प्राची ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, रस्साकशी प्रतियोगिता में शिवानी, नगमा, अंजलि, सनी, सलोनी, निशु, आंचल, तनु, प्रियांशी और हिमानी की टीम ने विजय प्राप्त की। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष सुमित राठी, उपनिरीक्षक रामअवतार सिंह, उपनिरीक्षक श्रीमती प्रेरणा यादव, महिला कांस्टेबल जावित्री, कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा वर्मा और कॉलेज के स्टाफ की उपस्थिति रही।

# प्रदेश में बसपा की सरकार बनना जरूरी: जितेंद्र सागर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा के जिला प्रभारी जितेंद्र सागर ने कहा कि प्रदेश के मौजूदा हालात अच्छे नहीं है और बसपा की सरकार बनना जरूरी हो गया है।

उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व सरकार बनी, तो चारों तरफ खुशहाली और अमन चैन का माहौल दिखाई दिया। बसपा सरकार में सर्वजन खुशहाल था और किसी का भी उत्पीड़न नहीं हुआ। आज भाजपा सरकार में दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का उत्पीड़न हो रहा है। अधिकारी निरंकुश हो कर कार्य कर रहे है। भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। जबकि बसपा सरकार में सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठ कर जन सुनवाई करते थे। अधिकारियों पर बसपा सरकार का पूरा नियंत्रण था। जो अधिकारी गलती करता था, उसे सजा भी मिलती थी। आज इसके उल्टा हो रहा है। दलित समाज के अधिकारियों को अच्छे पदों पर तैनाती नहीं दी जा रही है। जाति विशेष के अधिकारियों को तैनात किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसपा का संगठन सबसे ज्यादा मजबूत है। इसे बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह एक बार फिर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने का संकल्प ले कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनपद की आठों सीटों पर बसपा के प्रत्याशियों की रिकार्ड वोटों से जीत होगी। मतदाता भी जागरूक हो गए है। उन्हें पता है कि भाजपा को सिर्फ बसपा ही हरा सकती है। बसपा के पास मजबूत वोट बैंक है। अगर भाजपा की निरंकुश व भेदभाव करने वाली सरकार को हराना है, तो बसपा को वोट देना होगा।

## मायावती की सरकार में नहीं होता किसी का उत्पीड़न

वैसे भी इस बार प्रदेश में रिकार्ड बहुमत से बसपा की सरकार बनने जा रही है। मतदाताओं को चुनाव का इंतजार है।

# गुलदार पिंजरे में कैद





## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दहशत का पर्याय बना गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका में काफी समय से तीन गुलदार आबादी क्षेत्र से सटे गांव के बाईपास मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे थे। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल था तथा शाम होते ही गांव का बाईपास मार्ग सुनसान हो जाता था। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक व ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक द्वारा वन विभाग को मौखिक व लिखित सूचना दी थी। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की सुरक्षा के दृष्टिगत दो सप्ताह पूर्व डा. सुशील कुमार के आम के बाग में पिंजरा लगाया था। पिंजरे में आज एक गुलदार में कैद हो गया। ग्रामीणों व वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सूचना मिलते ही कासमपुर गढ़ी चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार सिंह, आरक्षी प्रशान्त कुमार व नगीना वानिकी विभाग क्षेत्र के रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा, दरोगा नईम अहमद, मौहम्मद अब्बास आदि मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम पिंजरे में कैद गुलदार को अमानगढ़ वन क्षेत्र के पीली बांध ले गई।

इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बाकी बचे गुलदारों को भी शीघ्र ही पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। किसान अपने गन्ना व धान के खेतों में समूह बनाकर जाएं। इस मौके पर मौजूद भाजपा नेता डॉ. सुशील कुमार, ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक, सपा नेता इंजीनियर मौहम्मद इकबाल, संदीप कुमार, राजेंद्र शर्मा, मास्टर वीरेंद्र सिंह महासचिव भाकियू अराजनैतिक, प्रेम प्रशाद सिंह आदि ने वन विभाग का आभार व्यक्त किया।

# आनन्दू के यौन उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस का मार्च

## जघन्य अपराध के आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की उठाई मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा कांग्रेस कमेटी ने युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनन्दू अजी के साथ हुए यौन उत्पीड़न के जघन्य अपराध के खिलाफ एक सशक्त कदम उठाया। इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस कमेटी ने आज सुबह जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से एक विरोध मार्च निकाला।जो जिलाधिकारी कार्यालय तक गया।

इस मार्च के उपरांत कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह एवं युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर गौतम सिसोदिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में इस जघन्य अपराध के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की मांग की गई। श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने कहा, आनन्दू अजी के साथ हुआ यह अमानवीय कृत्य समाज के लिए कलंक है। हमारी पार्टी इस मामले में पूर्ण न्याय मिलने तक चुप नहीं बैठेगी। हम सरकार और प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मामले की गहन जांच कर दोषियों को सजा दी जाए। युवा जिला अध्यक्ष गौतम सिसौदिया ने भी पीड़िता को न्याय दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को पीड़ित के लिए न्याय मांगने के लिए एकजुट होना चाहिए।

कांग्रेस कमेटी बिजनौर इस मुहिम को और तेज करते हुए समाज के हर वर्ग से समर्थन की अपील करती है ताकि इस तरह के अपराधों के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया जा सके। हम आनन्दू अजी को न्याय दिलाने के लिए अपने संघर्ष को निरंतर जारी रखेंगे। अन्य कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि आज पूरे देश के सामने सच्चाई सामने आ गई है। किस तरह से यह संगठन कुकर्मियों का अड्डा बन चुका है। इनके पास संस्कार नाम की कोई चीज नहीं है।

इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी, मौहम्मद अकबर, हुकुम सिंह, जावेद अंसारी, जैद मेहताब, व्यापार प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह, मौहम्मद सलीम, गुलशन कुमार, अब्दुल समद आजाद, नदीम नजाकत, हिमांशु देवरा, त्रिलोक शर्मा, कुणाल गांधी, रति राम, राम लखन, अजहर मंसूर, निजामुद्दीन, रफत नेता, सैफ मंसूरी, जैद बेग, मलखान सिंह,जमशेद आलम, शीतल कुमार, कपिल कुमार, खालिद अंसारी, मौहम्मद साहिल, मुनेश्वर सिंह, महेश कुमार, रकीब आलम, रईस अहमद, अमजद, शुएब, सुकेश कुमार, दीपक, मिथुन, रॉकी रानी और अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जंगल में काम कर रहे किसान पर गुलदार ने किया हमला

## गुलदार से संघर्ष कर बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जंगल में काम करने गए किसान पर गुलदार ने हमला कर दिया। किसान ने गुलदार से संघर्ष कर बामुश्किल अपनी जान बचाई। गुलदार की दस्तक से जंगल में काम कर रहे किसानों में दहशत फैल गई। किसान अपने घरों को लौट आए।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम राजपुर नंहेड़ा निवासी रोहित कुमार पुत्र अजय कुमार शर्मा अपने जंगल गया था। सायं करीब 4:00 बजे अचानक गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। किसान ने गुलदार से संघर्ष करते हुए किसी तरह से अपने आप को बचाया। गुलदार के हमले में किसान घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि काफी देर तक किसान गुलदार से संघर्ष करता रहा। गुलदार ने पंजे मार कर उसको घायल किया। किसी तरह से किसान ने गुलदार से अपनी जान बचाई। जंगल में गुलदार के हमले को लेकर हड़कंप मच गया। आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। खेतों में काम कर रहे किसान अपने घरों को लौट गए। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है।

डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है, जानकारी कराई जाएगी।

# गोशाला में अव्यवस्थाओं की शिकायत

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को भेजा ज्ञापन

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता बेगमपुर चायमल स्थित गोशाला पहुंचे। गोशाला में व्यवस्था ठीक नहीं होने की शिकायत सम्बन्धित अधिकारियों से की। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन भेजा।

संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश काकरान ने एसडीएम नगीना को भेजे ज्ञापन में बताया कि गोशाला में पशुओं के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं बन पा रही है । गोशाला की लगभग 45 बीघा भूमि है, किंतु मौके पर आधी भूमि भी नहीं है। भूमि की पैमाइश करा तारबंदी कराई जाए। गोशाला की देखरेख करने वाले केयर टेकर द्वारा सही कार्य नहीं किया जा रहा है। उन्हें हटाकर नए केयरटेकर रखे जाएं। गोशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी मॉनिटरिंग सीधी कोतवाली देहात ब्लॉक से की जाए। गोशाला में सफाई, चारा, पशुओं के पीने के लिए पानी की व्यवस्था खराब है। इसे तुरंत सही कराया जाए। गोशाला में सर्दी के मौसम में पशुओं के बचाव के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था तुरंत कराई जाए। मांग न मानने की स्थिति में संगठन द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई।

इस दौरान चौधरी नमेद्र सिंह, मुकुल त्यागी, धर्मपाल सिंह, जितेंद्र प्रधान, चौधरी नागेंद्र सिंह, पूरन सिंह, सर्वेंद्र सिंह, रोहित राठी, भजन सिंह, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक नजर

## बिजनौर में शबनम गिरफ्तार

**बिजनौर।** 22 सितम्बर को यूपी 112 के माध्यम से थाना कोतवाली शहर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत जोधूवाला रोड पर एक अज्ञात महिला (उम्र करीब 35 वर्ष) का शव मिला था। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीगण स्थानीय पुलिस व फिल्ड यूनिट टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। मौके पर मौजूद लोगों से मृतका की शिनाख्त कराई गई, तो शिनाख्त नहीं हो पाई थी। मृतका का चेहरा सड़ी-गली अवस्था में था। स्थानीय पुलिस द्वारा मृतका के शव कब्जे में लेकर मृत्यु का वास्तविक कारण जानने के लिए शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त जिला अस्पताल मोर्चरी भिजवाया गया, तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया, जिसके आधार पर वादी ब्रह्मपाल सिंह पुत्र शुक्के सिंह निवासी ग्राम जोधूवाला थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर मुकदमा अपराध संख्या- 844/25 धारा 103 (1) 238 (1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियुक्त शबनम पत्नी मुकार निवासी जोधूवाला रोड, बक्शीवाला थाना कोतवाली शहर व हैदर अब्बास पुत्र तहाब्बर हुसैन निवासी ग्राम सुहाबा थाना साहबाद, जनपद रामपुर हाल निवासी मौहल्ला लालमंजिल, थाना कोतवाली शहर का नाम प्रकाश में आया। आज थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा अभियोग से संबंधित अभियुक्ता शबनम पत्नी मुकार निवासी जोधूवाला रोड, बक्शीवाला थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त शबनम की निशानदेही पर मृतका की एक जोड़ी चप्पल बरामद की गयी। शेष अभियुक्त हैदर की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पूछताछ में अभियुक्त शबनम ने बताया कि मृतका का नाम रूबी है, जो हैदर की परिचित थी तथा 16 सितम्बर को अभियुक्त हैदर, रूबी को सहारनुपर से अपने साथ उसके घर लेकर आया था। 19 सितम्बर को रूबी के साथ रुपयों के लेने-देने को लेकर उसने व हैदर ने मिल कर रूबी की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी और शव को जोधूवाला रोड पर झाड़ियों में छिपा दिया।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा निवासी गुलशेर (30) पुत्र जीशान शाह बीते चार वर्षों से चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। परिवारिक विवाद के बाद उसने गांव छोड़कर वहीं काम करना शुरू कर दिया था। मृतक के साले ने बताया कि गुलशेर की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव आ गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार गुलशेर की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व झिलमिला गढ़ी निवासी गुलफशा से हुई थी। दंपति के दो बच्चे ईस्माइल और भूरा हैं। पत्नी और बच्चों के साथ उसका पारिवारिक विवाद काफी समय से चल रहा था, जिसके चलते वह अलग रह रहा था। एसओ अवनीत मान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## महिला को लगा करंट

**नहटौर।** ग्राम धींगरपुर निवासी पूजा देवी (37 वर्ष) पत्नी प्रमोद घर में वाशिंग मशीन का प्लग लगा रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान उसको करंट लग गया। करंट लगने से वह नीचे गिर गई। आनन फानन में उसे सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## उपचुनाव के लिए मतदान आज

**हल्दौर।** नगर के वार्ड नंबर 13 की पालिका सभासद सीट पर कल (आज) उपचुनाव होना है। यह सीट करीब छह महीने पूर्व तत्कालीन सभासद गुलफाम फरीदी के आकस्मिक निधन के बाद रिक्त हो गई थी।

उपचुनाव में दिवंगत सभासद की पत्नी तरन्नुम परवीन और सुमित वर्मा के बीच मुकाबला है। दोनों ही प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ जोर-शोर से प्रचार-प्रसार में लगे रहे। मतदाताओं में भी चुनाव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। उपचुनाव सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक नगर के आरएचएस इंटर कॉलेज में कराया जाएगा। प्रशासन ने मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करेंगे। उपचुनाव में वार्डवासियों की सहभागिता और परिणाम की निगाहें सभी पर लगी हैं।

## ब्लॉक सभागार में मिशन शक्ति कार्यक्रम

**कोतवाली देहात।** ब्लॉक सभागार में थाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1098, 112, 1076, एंबुलेंस नंबर 102, 108 एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि की जानकारी दी। इस दौरान महिला हेड कॉन्स्टेबल चित्रा भास्कर, महिला कांस्टेबल कुसुम रानी, करिश्मा आदि मौजूद रहे।

# आखिर किस की शह पर हो रहा अवैध खनन

## मिट्टी व रेत का खुलेआम अवैध खनन जारी रहने से उठ रहे सवाल









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में खुलेआम मिट्टी एवं रेत का अवैध खनन हो रहा है। जिससे प्रशासनिक एवं खनन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लग रहे है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जनपद के भ्रष्ट अधिकारियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूरे जनपद में रेत एवं मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। महिला अधिकारी न तो अवैध खनन की शिकायतों को गंभीरता से लेती है और न ही फील्ड में जा कर अवैध खनन के वाहनों को पकड़ती है। सूत्रों का कहना है कि उनके ऊपर सत्ता पक्ष का भारी दबाव है। ज्यादातर स्थानों पर सत्ता पक्ष से जुड़े माफिया ही अवैध खनन करा रहे है। इनके साथ कई सफेद पोश भी पार्टनर बने हुए है। यह सत्ता का संरक्षण मिलने एवं ऊपर तक महीना देने की वजह से इतने ज्यादा बेखौफ हो गए है कि दिन में भी हाइवें पर इनके अवैध खनन के ओवर लोड वाहन दौड़ रहे है। पुलिस भी इतनी ताकत नहीं रखती है कि अवैध खनन के इन ओवर लोड वाहनों को पकड़ कर सीज कर सकें। पुलिस अधिकारियों की आंखों के सामने से यह वाहन गुजर जाते है, मगर वह इन वाहनों को रोक कर कागजों की जांच करने का साहस भी नहीं जुटा पाते है। उन्हें पता है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के संरक्षण में यह अवैध खनन हो रहा है और अगर इन वाहनों को रोका, तो उनका ट्रांसफर हो जाएगा।

सूत्रों का कहना कि वर्तमान में जितना अवैध खनन हो रहा है, उतना अवैध खनन तो सपा व बसपा सरकार के कार्यकाल में भी नहीं हुआ था।

भाजपा नेताओं का मानना है कि अगर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया, तो फिर उन्हें अवैध खनन का मौका नहीं मिलेगा। सूत्रों का कहना है कि जनपद में प्रतिदिन करोड़ों रुपए खनन माफिया कमा रहे है। वह लग्जरी गाड़ियों में घूम रहे है और जहां-तहां इनके द्वारा प्रोपर्टी खरीदी जा रही है। इनके द्वारा अपनी काली कमाई प्रोपर्टी डीलरों के साथ पार्टनशीप करने में लगाई जा रही है। जनपद में जहां भी अवैध रूप से कृषि भूमि में कालोनियां काटी जा रही है, वहां पर इन खनन माफियाओं की भी काली कमाई लगी हुई है।

## योगी सरकार की छवि को खराब कर रहे अफसर

**बिजनौर।** भ्रष्ट प्रशासनिक राजस्व एवं खनन अफसर योगी सरकार की छवि को खराब कर रहे है। इनके द्वारा खनन माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही न करने से सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सरकार ने ऐसा कराने की छूट दे रखी है। सच्चाई तो सरकार को पता होगी, मगर कार्यवाही न होने से सवाल उठना भी वाजिब है। बिना सरकार की मर्जी के पत्ता भी नहीं हिल सकता है। खनन माफियाओं को खुली छूट मिलने से योगी सरकार की छवि भी अब पहले जैसी नहीं रही है। योगी सरकार की कार्यशैली को लेकर तो पहले से ही सवाल खड़े होते रहे है और अब उसकी छवि पर काले दाग लग रहे है। सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बिलाई चीनी मिल को 15 दिन का अल्टीमेटम

## गन्ना भुगतान न होने पर सभापति ने दिए आरसी जारी करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति श्री किरण पाल कश्यप ने बिलाई चीनी मिल बिजनौर द्वारा किसान बंधुओं को विगत पैराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य का पूर्ण भुगतान अभी तक न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि यदि 15 दिन के अंदर किसानों को उनके गन्ना मूल्य का शत-प्रतिशत रूप से भुगतान नहीं किया जाता, तो मिल के विरुद्ध आरसी की कार्यवाही जारी कर किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरण पाल कश्यप आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला बिजनौर एवं अमरोहा के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सभापति ने जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा नियमानुसार सूचनाओं को व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराने की प्रशंसा की। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को समिति के उद्देश्यों की जानकारी देकर निर्देश दिए कि जनहित के कार्यों पर जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर समय से कार्यवाही करते हुए लिखित में जानकारी देना सुनिश्चित करें। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी के उत्तरदायित्व निर्धारित है जिस पर सभी के द्वारा कार्य किया जाता है, अत: सभी अधिकारी अपने निर्धारित उत्तरदायित्वों को पूर्ण गुणवत्ता एवं ससमय से पूर्ण करें ताकि अवाम को राहत प्राप्त हो। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों को वर्तमान पराई प्रक्रिय के अंतर्गत गन्ना में लेकर भुगतान शत प्रतिशत रूप से 15 दिन के भीतर करना सुनिश्चित कराएं ताकि आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े और वे अपनी आवश्यकताओं को समय पूर्वक पूरा कर सकें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले में मानव गुलदार संघर्ष को न्यूनतम स्तर पर लाने का प्रयास करें और यह भी प्रयास करें कि कोई जन हानि न होने पाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों का 15 दिन के भीतर लिखित जवाब देना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से उनको अनिवार्य रूप से अवगत भी कराएं।

बैठक से पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा तथा अपर जिलाधिकारी वि/रा श्रीमती वान्या सिंह द्वारा समिति के सभापति एवं समिति के सदस्यगणों को बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा ओडीओपी नगीना के काष्ठ कलां उत्पाद घड़ी तथा राष्ट्रीय आजी. विका मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित विदुर ब्रांड सामग्री की किट भेंट की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अमरोहा श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमरोहा श्रीमती गरिमा सिंह भी सभापति एवं सदस्यगणों को बुके देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित एवं अमरोहा में उत्पादित सामग्री पर आधारित किट भेंट की गई।

बैठक में सभापति द्वारा ग्राम्य विकास, नगर विकास, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, विकास, राजस्व, चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा, खाद्य एवं रसद, गृह, ऊर्जा, आबकारी, सांस्कृतिक, पर्यटन, होमगार्ड, पर्यावरण, पंचायती राज, लोक निर्माण, डूडा, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यापार कर, गन्ना, ग्रामीण अभियन्त्रण, आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक, चीनी, विद्युत सुरक्षा, कारागार, भूतत्व एवं खनिजकर्म, दुग्ध विकास, सहकारिता, समाज कल्याण, आयुष, पशुपालन विभाग से संबंधित जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों, जिला स्तर पर अनुमन्य प्रोटोकाल एवं सुविधा तथा सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने सभापति को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप सदस्यों के पत्रों का निस्तारण समय पूर्वक कराते हुए संबंधित सदस्य ग्राम को भी अवगत कराया जाएगा तथा उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरश: तथा गंभीरता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, सभी उप जिलाधिकारी सहित बिजनौर एवं अमरोहा जिलों के संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## दुकानदार के परिवार हमला

**किरतपुर।** क्षेत्र के ग्राम चाण्डक तुर्क में शनिवार रात्रि एक परचून दुकानदार के परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शमीम पुत्र अमीर बेग ने थाना किरतपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह रात करीब 8 बजे अपनी दुकान पर सामान बेच रहा था, तभी गांव के ही नसीम उर्फ बोडा पुत्र यासीन अपने बेटों ताजीम, ओसामा, पत्नी अफसाना, ओसामा की पत्नी तथा छोटे बेटे नज्जू के साथ लाठी-डंडे, व धारदार हथियार लेकर दुकान पर आ धमके। आरोप है कि सभी लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। बीच में मौजूद शमीम का दामाद मतीन पुत्र तसलीम निवासी मिर्दगान, मौहल्ला कोतवाली बिजनौर, जो हाल ही में गांव में ही मकान बनाकर रह रहा है, को फावड़े से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल मतीन बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के समय दुकान पर मौजूद सोनू उर्फ इंतजार पुत्र इस्तेखार, जावेद पुत्र कल्लन भी हमलावरों की जद में आ गए। बचाव के लिए आई सोनू की बहन महरुनिसा तथा पिता इस्तेखार को भी बेरहमी से पीटा गया। हमलावर हथियार लहराते हुए भाग गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

## युवती को जहरीला पदार्थ खिलाने के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र में युवती को जहरीला पदार्थ खिलाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र से पूछताछ शुरू कर दी है, वहीं युवती की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवती सोमवार देर शाम साइकिल से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर युवती को उसके परिचित युवक विशाल और उसके पिता हरवेंद्र सिंह ने रोक लिया। ग्रामीणों के अनुसार दोनों ने युवती को जबरन जहरीला पदार्थ खिलाने की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी गौतम राय ने पुलिस टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी विशाल और उसके पिता हरवेंद्र सिंह के खिलाफ छेड़छाड़, प्रताड़ना और जान से मारने के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक काटने के चार आरोपी गिरफ्तार

## ट्रक के कटे हुए हिस्से, टायर, लोहे की कमानियां और गैस कटर बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** पुलिस ने अट्टे वाले बाबा के पास एक ट्रक को मालिक की अनुमति के बिना कटवाने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए ट्रक चालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने ट्रक के कटे हुए हिस्से, टायर, लोहे की कमानियां और गैस कटर बरामद किए हैं।

गांव कड़ापुर निवासी विजयपाल सिंह ने बिलाई चीनी मिल में गन्ना ढुलाई के लिए एक ट्रक लिया था। ट्रक का चालक धर्मेंद्र उर्फ राजेंद्र निवासी शाहपुर खेड़ी, थाना स्योहारा था। गन्ना सीजन समाप्त होने के बाद चालक ने ट्रक को मालिक को लौटाने के बजाय अपने गांव में खड़ा कर लिया। जब विजयपाल ने वाहन की जानकारी ली तो चालक ने ट्रक के सुरक्षित खड़े होने का झूठा भरोसा दिलाते हुए फोटो भी भेज दी।

पुलिस के अनुसार बाद में धर्मेंद्र ने अपने साथी जीशान के साथ मिलकर ट्रक को हड़पने की नीयत से गैस कटर की मदद से उसकी बॉडी काट डाली। कटे हुए हिस्से को उन्होंने गोहावर निवासी सलीम पुत्र भूरे को बेच दिया, जबकि टायर और कुछ कमानियां सलीम की दुकान के पास टायर का कारोबार करने वाले दिलशाद को बेच दी गईं।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि बरामद लोहे के टुकड़े उसी ट्रक के अवशेष हैं और बरामद गैस कटर उसी वाहन को काटने में इस्तेमाल किया गया था। वे ट्रक के इंजन और बाकी हिस्सों को बेचने की फिराक में थे, जबकि कुछ सामान उन्होंने राहगीरों को बेचकर खर्च कर दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों धर्मेंद्र उर्फ राजेंद्र, जीशान, सलीम और दिलशाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई से वाहन चोरी और कटाई में लिप्त गिरोह के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है।

# नगीना में प्रसव के बाद महिला की मौत

## परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नहटौर रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। महिला का ऑपरेशन किया गया था, लेकिन इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। चिकित्साधिकारी ने बताया कि जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगीना-नहटौर रोड पर मुदित नर्सिंग होम में ऑपरेशन से बच्चे को जन्म देने के कुछ देर बाद बीती शाम महिला ने दम तोड़ दिया। स्वजन ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर पूछताछ की और समझाकर शांत कराया।

नगीना के ग्राम कोटरा निवासी कृष्णा ने बताया कि उसकी पत्नी प्रीति गर्भवती थी। बच्चे का जन्म होना था। सोमवार को प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी को लाकर मुदित नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव किया गया। पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। प्रसव के बाद पत्नी की तबीयत बिगड़ गई। स्वजन ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजन से पूछताछ की। पुलिस के काफी देर समझाने पर स्वजन शांत हुए।

चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चकरोड के रास्ते पर राजस्व विभाग ने की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जहां योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश कराने में लिए हर जतन कर रही है, परन्तु कब्जाधारियों अवैध कब्जा करने में बाज नहीं आ रहे।

धामपुर तहसील दिवस में नगर मौहल्ला बेगम सराय वसीम अंसारी ने प्रार्थना पत्र देकर खसरा नंबर 553, 560, 565, 573 पर सरकारी चकरोड रास्ता पर कब्जा करके अवैध कालोनी बनाने के संबंध में प्रार्थना पर दिया था। आज लेखपाल अनुरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उक्त नंबर की पैमाइश कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कही। वसीम अंसारी ने प्रार्थना पत्र में बताया कि मौजा मेघपुर खेतीहर भूमि पर चकमार्ग दर्ज है, किंतु भूमाफियाओं के द्वारा शासन प्रशासन के अधिकारियों को गुमराह कर उक्त भूमि पर आवासीय और व्यवसायिक गतिविधियों की जा रही है और चकमार्ग पूर्णत: समाप्त कर दिया है। आरटीआई के मध्य खसरा नंबर 576, 262, 263, 270 हरा भरा आम का बगीचा था जो कि ग्रीन बेल्ट अन्तर्गत आता था। वन विभाग द्वारा मांगी गयी सूचना का कोई सही जवाब नहीं दिया।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

मूल प्रकीर्ण वाद संख्या 177/2025

1- अंशिका पुत्री स्व. मुकेश कुमार आयु लगभग 09 वर्ष, 2- रिंघम कुमार पुत्र स्व. मुकेश कुमार आयु लगभग 06 वर्ष, 3- तनु रानी पुत्री स्व. मुकेश कुमार आयु लगभग 03 वर्ष निवासीगण ग्राम सद्दोबेर उर्फ बेरखा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, नाबालिकान द्वारा संरक्षिका सगी दादी मुन्नी देवी पत्नी हरीशचन्द निवासी ग्राम सद्दोबेर उर्फ बेरखा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर -**वादीगण**

**बनाम**

1- राकेश कुमार आयु लगभग 55 वर्ष, 2- सुदेश कुमार आयु लगभग 48 वर्ष, 3- नितिन कुमार आयु लगभग 30 वर्ष पुत्रगण हरीशचन्द निवासीगण ग्राम सद्दोबेर उर्फ बेरखा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थी वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा अंशिका आदि मुसबफा राकेश कुमार आदि पुत्र हरीशचंद निवासी सद्दोबेर उर्फ बेरखा परगना व तहसील धामपुर अपने मूजिव एक्ट 7 सन 1878 ई. वक्त संरक्षिका मुन्नी देवी हरगाह मुसम्मा अंशिका ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 28.10.2025 मास सन 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम नगीना में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक 28.10.2025

**प्रबंधक**

**सिविल जज ( जू.डि. )**

**नगीना, बिजनौर**

## विनियमन शुल्क अग्रिम रूप से जमा करने पर होगा ईंट भट्टे का संचालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद स्थित समस्त ईंट भट्टा स्वामियों को सूचित करते हुए बताया है कि विशेष सचिव, उ.प्र. शासन, भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग के पत्र द्वारा निर्देश दिये गये है कि ईंट भट्टा सत्र 2025-26 के लिए उ.प्र. उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम 21(2) के अनुसार ईंट भट्टा मालिकों से पायों के आधार पर विनियमन शुल्क लिये जाने का निर्णय लिया गया है। विनियमन शुल्क ईट भट्टा सत्र एक अक्टूबर, 2025 से 30 सितम्बर, 2026 तक के लिये मान्य होगा। गत ईट भट्टा सत्र 2024-25 में देय विनियमन शुल्क के अनुसार ही आगामी ईट भट्टा सत्र 2025-26 के लिए ईट भट्टों एवं पायों की संख्या के आधार पर विनियमन शुल्क देय होगा।

उन्होंने बताया कि ईंट-भट्टा स्वामी को http://upmines.upsdc.gov.in पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ रुपए 2000 का आवेदन शुल्क, ईंट भट्टा स्वामी का विवरण, भट्टा स्थल का Geo.cordinate सहित विवरण, भट्टा का प्रकार (सामान्य/जिग-जैग), पायों की संख्या, ईट-मिट्टी के खनन क्षेत्र का विवरण, भट्टा सत्र सहित वाछित विवरण फीड करना होगा। ईंट-भट्टा स्वामी को आवेदन-पत्र के साथ ईंट-भट्टे के सम्बन्ध में रायल्टी/ विनियमन शुल्क बकाया न होने का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। फीड की गयी सूचना के अनुसार ईंट भट्टा के पायों की संख्या के आधार पर निर्धारित विनियमन शुल्क एवं पलोथन की धनराशि अग्रिम रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के लेखा शीर्षक 0853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग, 107-लघु खनिज रियायत शुल्क में जमा की जायेगी। विनियमन शुल्क एवं पलोथन की धनराशि आनलाइन जमा करने पर ईंट-भट्टा स्वामी पोर्टल से 'विनियमन शुल्क जमा का प्रमाण पत्र' जनित कर सकेंगे। ईंट-भट्टा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क अग्रिम रूप से जमा किये जाने के उपरान्त ही ईंट भट्टे का संचालन किया जायेगा। विनियमन शुल्क की धनराशि जमा किये बिना संचालित ईंट भट्टों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। 30 नवंबर, 2025 तक जमा की गयी विनियमन शुल्क की धनराशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। किन्तु उक्त तिथि के उपरान्त जमा की गयी धनराशि पर नियमानुसार ब्याज देय होगा। यदि किसी ईंट भट्टों में पायों की संख्या ईंट भट्टा स्वामियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में घोषित पायों की संख्या से अधिक पायी जाती है तो ऐसे ईट भट्टा के वास्तविक पायों की संख्या के आधार पर नियमानुसार राजस्व क्षति की वसूली की जायेगी। यदि किसी ईंट भट्टों के पायों की संख्या अथवा स्थान में परिवर्तन किया जाता है तो संबंधित ईट भट्टा स्वामी द्वारा तत्सम्बन्धी सूचना 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं खान अधिकारी/ खान निरीक्षक जनपद बिजनौर सहित भूतत्त्व एवं खनिकर्म निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय को देना अनिवार्य होगा।

## महिला से झगड़ा होने के बाद युवक ने खाया जहर, मौत

**बिजनौर।** एम महिला द्वारा पुलिस में शिकायत करने से घबराकर जहर खाने वाले युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने महिला पर जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शहर कोतवाली के कांशीराम कालोनी आवास विकास निवासी सुहेल (21 वर्ष) पुत्र इरशाद का कालोनी में रहने वाली एक महिला से चार दिन पहले झगड़ा हो गया था। महिला ने सुहेल के खिलाफ पुलिस में तहरीर दे दी थी। तहरीर का पता चलने पर सुहेल ने 11 अक्टूबर को जहर खा लिया था। उसे आनन-फानन में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सुहेल ने सोमवार को दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। उधर सुहेल के भाई जुनैद ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर महिला व उसके परिजनों पर अपने घर बुलाकर मारपीट करने व जबरदस्ती जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के बाद सुहेल को कांशीराम कालोनी के बाहर एनएच किनारे फेंक दिया। एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# त्यौहारों के मद्देनजर विधिक माप विज्ञान विभाग ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विधिक माप विज्ञान विभाग को नगर के विशाल मेगा मार्ट में घटतोली की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसको लेकर वहां पर पहुंचकर जांच की गई। बहरहाल सब ठीक पाया गया।

कार्यालय विधिक माप विज्ञान विभाग नजीबाबाद दीप्ति श्रीवास्तव वरिष्ठ निरीक्षक ने कहा कि दीपावली पर्व को देखते हुए अभियान चलाया गया है। जिसमें क्षेत्र के मॉल, मिठाइयों की दुकानें, किराना की दुकानें, गिफ्ट आइटम, एलपीजी गैस आदि अन्य वस्तुएं जिसको ग्राहक खरीदते हैं को चेक किया जाता है देखा जाता है कि दुकानदार द्वारा या कंपनी द्वारा जितना पैकिंग पर वजन दर्शाया गया है क्या उसका वजन उसी के अनुसार है। मिठाई विक्रेता डिब्बे के साथ अगर मिठाई तोलता है, तो डिब्बे का वजन उसके द्वारा अलग से किया गया है या नहीं इसको लेकर भी समय-समय पर चेकिंग की जाती है। त्यौहारों को देखते हुए गैस एजेंसियों की भी जांच की जा रही है। देखा जा रहा है कि सिलेंडर में कम गैस तो नहीं दी जा रही। सर्राफा की दुकानों पर भी जांच की जा रही है कि कोई घटतोली तो नहीं की जा रही है। मॉल में बिकने वाले कपड़ों की भी जांच की जा रही है। दिवाली पर बिकने वाले गिफ्ट आइटम की भी जांच चल रही है। छोटे दुकानदार भी इस दौरान अपनी तराजू में सही मात्रा में वजन तोल कर ग्राहक को दे रहे हैं या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा गया कि उनके द्वारा खरीदी गई वस्तु को वह सही से देख ले कि उसमें वस्तु की कीमत, उसका वजन और उस वस्तु पर प्रोडक्ट का नाम है या नहीं, उसकी उत्पादन तिथि देखें। उपभोक्ता (ग्राहक) अपने अधिकारों को समझें। इसके लिए उपभोक्ताओं को जागरूक होना पड़ेगा ताकि ग्राहकों के लिए भी अच्छा हो और हमारे लिए भी आसान होगा।

## एक नजर

### सीओ कार्यालय में सांप के जोड़े से हड़कंप



**अफजलगढ़।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक सिंह अपने कार्यालय में बैठे सरकारी काम काज निपटा रहे थे कि उन्हें कार्यालय से संलग्न शौचालय में लगे वेंटीलेशन (विन्डो) पर हार्पिक आदि की रखी बोतल गिरने की आहट हुई तो सीओ आलोक सिंह ने शौचालय के अंदर जाकर देखा तो वेंटीलेशन की टूटी हुई जाली में एक जहरीला कोबरा सांप झूल रहा था तथा एक सांप नीचे फर्श पर टहल रहा था। सांप का जोड़ा देखते ही तुरंत बाहर आकर उन्होंने कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मियों को जानकारी दी। सांप को देखकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस कर्मी विजय तोमर ने वन विभाग को सूचना दी, जिस पर वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने तुरन्त रेस्क्यू टीम लेकर सीओ कार्यालय पहुंच गए। तब तक सांप का जोड़ा झाड़ियों में गायब हो गया। सीओ कार्यालय में सांप निकलने से खलबली मची हुई है।

### रामलीला मंचन का शुभारंभ



**अफजलगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ. दीप सौरभ सिंह ने ग्राम मीरापुर मोदीवाला पहुंचकर श्रीराम लीला मंचन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. दीप सौरभ ने कहा कि श्रीराम का पूरा जीवन चरित्र समाज में समरसता का संदेश देता है। सनातन में जातिगत ऊंच-नीच के आधार पर किसी प्रकार का कोई भेदभाव कभी भी नहीं रहा। यह जो आज दिखाई दे रहा है वह सब पराधीन भारत में विदेशी आक्रांताओं द्वारा पैदा किया गया है। सतयुग में राजा हरिश्चंद्र को डोम के द्वारा खरीदा जाना, त्रेता युग में भीलनी के भाव पूर्ण जूठे बेर का श्री राम जी के द्वारा खाया जाना, द्वापर युग में श्री कृष्ण जी के द्वारा विदुर जी का साग खाया जाना यह सब सनातन की समरस संस्कृति को दर्शाता है। समरसता के लिए सर्वाधिक जरूरी है स्वच्छता, इसीलिए यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने खुद अपने हाथों में झाड़ू लेकर देश में स्वच्छता अभियान शुरू किया, जिसका प्रभाव दिखने लगा है। इस अवसर पर भाजपा नेता कामेश्वर राजपूत, रामानन्द, राकेश प्रधान, कामेश्वर प्रसाद, महेंद्र जीत, राजेंद्र सिंह, अवतार सिंह, सतपाल सिंह मेहरा आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने किया पैदल गश्त

**हीमपुर दीपा।** थाना प्रभारी हीमपुर दीपा बिजेंद्र सिंह राठी ने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द और हीमपुर दीपा में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने मुख्य चौराहों व तिराहों पर बेतरतीब खड़े वाहनों को ठीक कराया। साथ ही उन्होंने संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी और व्यापारियों से संवाद किया। उन्होंने व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए किसी भी आपात स्थिति में सीधे उनसे संपर्क की बात कही, जिसके लिए उन्होंने अपना पर्सनल नंबर भी व्यापारियों को उपलब्ध कराया।

### दो दिवसीय आईसीटी कार्यशाला

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में दो दिवसीय आईसीटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आईसीटी कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी जी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात डॉ. सारिका महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर पारूल त्यागी को बैज लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बीएड विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने स्वागत संभाषण दिया। इसके पश्चात आईसीटी कार्यशाला समन्वयक डॉ. शीरीन फातिमा ने अपने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वर्तमान समय में आई.सी.टी. की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में अपने आशीर्वचन देते हुए महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर पारूल त्यागी ने छात्राओं को वर्तमान समय में एआई से जनित समस्याओं से अवगत कराते हुए उनसे प्रश्न पूछे एवं आईसीटी में महत्व और उपयोगिता के साथ-साथ उसकी सीमाओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। इस कार्यशाला में बीएड, एम एड. एवं बीएल एड. की समस्त छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यशाला के दूसरे सत्र में डॉ. शीरीन फातिमा ने परम्परागत शिक्षण एवं आईसीटी आधारित शिक्षण, ओवर हेड प्रोजेक्टर का संचालन एवं ट्रांसपेरेंसी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण करना सिखाया। साथ में ईमेल आई.डी. तथा पीपीटी बनाना सिखाया। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. मुकुल पंवार, डॉ. प्रताप कुमार सिकंदर, कु. हिमानी, श्रीमती ज्योति, कु. अनुष्का, कु. रूकैया का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला का सफल संचालन डॉ. नज्मुन्निसा ने किया।

### किशोर कुमार को दी श्रद्धांजलि



**नगीना।** महान गायक व अभिनेता स्व.किशोर कुमार को उनकी 38वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दो गई। हलचल म्यूजिकल ग्रुप की ओर से आयोजित संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर दा के गीतों को गाकर अपनी श्रधांजलि अर्पित की। बीती शाम काशीनाथ मेमोरियल हॉल में आयोजित संगीतमय श्रधांजलि कार्यक्रम की शुरुआत हलचल म्यूजिकल सोसाइटी के पदाधिकारियों क्रमश: डॉ. अंजू विश्नोई (अध्यक्ष), आशा माहेश्वरी, शीतल अग्रवाल (संरक्षक), स्वाति अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) एवम वरिष्ठ अधिवक्ता अजय माहेश्वरी द्वारा किशोर कुमार के चित्र के समक्ष दीप जलाकर की गई। संगीतमय कार्यक्रम की शुरूआत हलचल म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर सुशील गुप्ता द्वारा गाये किशोर दा के सदाबहार गीत किसी शायर की गजल, ड्रीमगर्लष्से हुई। इसके बाद ग्रुप के कलाकारों क्रमश: स्वाति अग्रवाल, एडवोकेट विशाल गुप्ता, शाहनवाज आलम, ईश्वर, बेगराज, के.के.विश्नोई, स्वाति गुप्ता, विशाल सैनी, कवि निशीथ गर्ग एडवोकेट ने किशोर कुमार के सुपरहिट गीतों को सुनाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। हलचल म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर सुशील गुप्ता के निर्देशन में आयोजित संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का कुशल संचालन मशहूर हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने किया।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र फैसल अकील को मेरी नाफरमानी व गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल संपत्ति से बेदखल आंक कर दिया है। यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति फैसल अकील से किसी भी तरह का लेनदेन करता है, तो वह स्वयं उसका जिम्मेदार होगा। मुझ व मेरे परिवार से लेन देन का कोई मतलब नहीं होगा। **अकील अहमद पुत्र अजीज अहमद मोहल्ला शेखान, कस्बा व थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** महर्षि वाल्मीकि की प्रकट उत्सव के उपलक्ष में वाल्मीकि समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

प्राप्त समाचार के अनुसार वाल्मीकि बस्ती मे मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि प्रतिमा पर पूजा अर्चना की गई तथा समाज के लोगों ने अपने परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना की। लगभग 4:00 बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में सबसे आगे भगवा झंडा लिए घुड़सवार शोभा यात्रा की अगवानी करते चल रहे थे। इसके पीछे हवन कुंड चल रहा था तथा अखाड़े में प्रतिभागी अपना करतब दिखाते चल रहे थे। बैंड धार्मिक धुने बजाते चल रहे थे। काली का अखाड़ा अपने आप में आकर्षण का केंद्र था। कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।



## झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा एजेंसी चौक, ईदगाह मोड, मौहल्ला जोशियान, मौलवियान, पीर की चुंगी, मक्खन मार्केट, अफगान, चौधरियान, पंचायत मदिर, सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढ़त से होते हुए वाल्मीकि बस्ती में जाकर संपन्न हुई। साथ ही इससे पूर्व सोमवार की रात को प्रोजेक्टर के माध्यम से लव कुश की लीला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ समाजवादी के वरिष्ठ नेता उमेश वाल्मीकि ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, महावीर सैनी, प्रशांत वर्मा, अध्यक्ष पवन सूद, उपाध्यक्ष नीरज सूद, राजकुमार वाल्मीकि, लक्ष्मण, रंजीत, सावन सूद, नरेंद्र चैनवाल, रोहित वाल्मीकि, दीपराज वाल्मीकि, दीपेंद्र वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, बी भास्कर, अर्जुन वाल्मीकि आदि वाल्मीकि समाज के महिला पुरुष शोभायात्रा में शामिल रहे।

# मुस्लिम फंड कन्या कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मिशन शक्ति फेस अभियान के अंतर्गत मुस्लिम फंड कन्या इंटर कॉलेज में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छात्राओं ने रैली निकाली। उप निरीक्षक ललित कुमार, महेश कुमार, हेड कांस्टेबल चौन सिंह, कांस्टेबल सोनू कुमार, कांस्टेबल आकाश, महिला कांस्टेबल अमृता और महिला कांस्टेबल रीनू शामिल रहे। पुलिस टीम ने विद्यालय में बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी और जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें लगभग 135 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। अधिकारीगणों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, अश्लील संदेश भेजने और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें।

अंत में थाना अध्यक्ष ने उपस्थित बालिकाओं से उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य था कि हर बेटी अपने अधिकारों को जाने और निर्भीक होकर समाज में अपनी भूमिका निभाए।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल में विश्वविद्यालयों का मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल के तत्वावधान में विश्वविद्यालयों का मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देशभर के कई विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को उनके आगामी करियर के प्रति दिशा देने के उद्देश्य से विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। मेले में विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों के बीच उपयोगी विचार-विमर्श हुआ।

प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कला, विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को व्यावसायिक कोर्सों की जानकारी दी तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डी. एस. नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों को

## विद्यार्थियों को मिला भविष्य का मार्गदर्शन

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके भविष्य की दिशा तय करने हेतु विद्यालय प्रतिबद्ध है। विद्यालय के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण में सक्षम बनाने की दिशा में यह आयोजन एक सशक्त पहल है। विद्यालय प्रशासिका अदिति सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देना और उनकी चिंताओं का समाधान करना ही शिक्षा का सार है। इस अवसर पर अकादमिक कोऑर्डिनेटर मयंक कौशिक सहित राजीव चौहान, एस.के. देवरा, रूपराज सिसोदिया, तबरेज खान, संजय चौहान, कमल भट्ट, कामेन्द्र कुमार, सतनाम सिंह, रीता राणा और रीता देवी का विशेष सहयोग रहा।

# हुदा शाहिद बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य

## मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत पीजेएम इंटर कॉलेज में अनूठी पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत पी जे एम इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की टॉपर हुदा शाहिद को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में विद्यालय की दिनचर्या संचालित की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के पीजीएम इन्टर कालेज की हुदा शाहिद जो हाईस्कूल की परीक्षा में कॉलेज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सुर्खियों में आई थी, ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने विद्यालय में अनुशासन, छात्र-छात्राओं की समस्याओं और शिक्षकों के सहयोग पर विशेष ध्यान दिया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने कहा कि इस तरह की पहल छात्राओं में आत्मबल और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देती है। हुदा जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं समाज के लिए प्रेरणा है।

# सोलर पैनल के वायर चोरी करने का आरोपी पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना किरतपुर पुलिस ने जल जीवन मिशन की अलर्ट कम्पनी द्वारा स्थापित पानी की टंकी पर लगे सोलर पैनल के वायर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 14 सितंबर को साजिद पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम जीवन सराय ने थाना किरतपुर पर सूचना दी थी कि 10 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोलर पैनल के वायर चोरी कर लिए गए हैं। इस संबंध में थाना किरतपुर पर मु.अ.सं. 264/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर सूरज पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना खेराबाद जनपद सीतापुर का नाम प्रकाश में आया, जिसके बाद अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा संचालित संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की सघन चैकिंग अभियान के तहत किरतपुर पुलिस ने आज कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सूरज को चोरी किए गए वायर सहित गिरफ्तार कर लिया।

किरतपुर पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# आसिफ अंसारी बने समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर आसिफ अंसारी को समाजवादी मजदूर सभा, जनपद बिजनौर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल ने नियुक्ति की औपचारिक घोषणा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अंसारी अपने दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आसिफ



अंसारी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मजदूर वर्ग की समस्याओं को आवाज देने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार कार्य करेंगे।

# प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण

## खेल मैदानों के निर्माण कार्य को शुरू कराए जाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में युवा कल्याण विभाग के पांच युवक मंगल दलों एवं पांच महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण किया गया। प्रत्येक मंगल दल को पांच वालीबाल, पांच फुटबाल, वालीबाल नेट, एयर पम्प, फुटबाल, फिटनेस ट्यूट, तीन स्किपिंग रोप, दो बैग प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित करना और



उनके मनोबल को बढ़ावा देना है ताकि वह सामाजिक और खेल गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मंगल दलों से वार्ता कर उन गांवों की सूची उपलब्ध करायी जाए, जहां पर खेल मैदान नहीं हैं, ताकि ऐसे गांवों में खेल मैदानों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जा सके। उन्होंने मंगल दल के सदस्यों से चर्चा करते हुए उन्हें खेल के महत्व के बारे बताया और संबंधित खेल मैदानों व ग्रामीण स्टेडियमों की जानकारी ली।

इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री द्वारा मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभागार में उपस्थित सभी के द्वारा देखा गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई खेल किटों को पूर्व में वितरण किया जा चुका है।

## एक नजर

### एसबीडी में मानचित्र प्रतियोगिता



**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज के भूगोल विभाग में मानचित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन विभागाध्यक्षा डा. रेणु सिंह एवं चंद्रभान सिंह के निर्देशन में हुआ। भूगोल विभाग की छात्राओं ने भौगोलिक मानचित्र, स्थलाकृतिक मानचित्र, भूकर व राजस्व विषयगत मानचित्रों सहित विभिन्न प्रकार के मानचित्रों के माध्यम से प्राकृतिक और सांस्कृतिक विशेषताओं का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतिभागी छात्राओं ने मानचित्रों के जरिए आर्थिक गतिविधियों, प्राकृतिक संसाधनों, जनसंख्या, पर्वत, नदियों, शहरों, सड़कों और राजमार्गों जैसे विषयों पर जानकारी साझा की। निर्णायक के रूप में डा. पूनम रानी (समाजशास्त्र विभाग) और डा. रेणुका सिंह (हिंदी विभाग) उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में कु. इकरा ने प्रथम, कु. आरजू ने द्वितीय, कु. अरसिल परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु. वैशाली रानी और सानिया परवीन को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. पूनम रानी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विषयगत समीक्षा प्रस्तुत की। वहीं संयोजिका डा. रेणु सिंह ने मानचित्र कला की उपयोगिता और बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। अंत में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### समस्याओं के समाधान की मांग



**नहटौर।** ग्राम सदरुद्दीन के ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र नहटौर पहुंचे। वहां उन्होंने लाइट बिल अधिक होने की समस्या को लेकर उपखंड अधिकारी विवेक कुमार विश्वकर्मा को प्रार्थना पत्र सौंप कर समस्या के समाधान की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि जब से स्मार्ट मीटर लगे है, तब से बिल में तीन गुना की बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की। उपखंड अधिकारी विवेक कुमार विश्वकर्मा ने समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मौ. हारून, सुहैल, दिलशाद असलम, मौ. आदिल, नईम, अतीक, अनीस, अबरार, अफजाल, मौ. नाजिम, मौ. जावेद, सरफराज, शाहनवाज, इदरीश, नासिर, जाकिर, लियाकत, नफीस सहित महिला पुरुष मौजूद रहे।

### चौधरी मांगेराम का स्वागत



**किरतपुर।** सहारनपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा चौधरी मांगेराम का नगर के गणमान्य लोगों ने रेलवे स्टेशन किरतपुर पर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में भेंट कर लौट रहे थे। तब किरतपुर में उनके शुभचिंतकों ने उनसे भेंट कर फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास की चर्चा की और उन्हें मां शाकुम्भरी देवी शक्ति पीठ मेले का प्रसाद सप्रेम भेंट किया। मुख्यमंत्री से वार्ता में उनके साथ जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र सिंह और मुकेश चौहान रहे। किरतपुर में उनके स्वागत में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. छतरपाल सिंह अध्यक्ष कल्याणी अस्पताल, निर्वाल क्लीनिक, डॉ. शिव प्रताप सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता, चौधरी अमन सिंह, चौधरी जगवीर सिंह, चौधरी सुरेश सिंह, अवनीश राठी, अंकित रस्तोगी, ऋषभ रस्तोगी, यश अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह, आदर्श कुमार, रोहताश सिंह, डा. आदित्य निर्वाल आदि शामिल रहे।

### गुलाब सिंह महाविद्यालय में विचार संगोष्ठी



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ और डॉ. उदिता राजपूत के निर्देशन में 'महिला सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयास' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रदीप कुमार तालान ने छात्र-छात्राओं को समझाया कि सरकार निरन्तर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराती है और साथ ही सरकार ने आपातकाल में महिलाओं की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने महिलाओं को जागरूक होने और सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर को प्रयोग करने से संबंधित जानकारी दी तथा सरकार की इन नीतियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के साथ महाविद्यालय के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

### नहर की भूमि से हटेगा अतिक्रमण

**नहटौर।** अफजलगढ़ सिंचाई उपखंड नगीना के सहायक अभियंता प्रथम की ओर से ग्राम बल्लाशेरपुर में मकानों व दुकान पर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई है। नहर शाखा किरतपुर पर अवैध अतिक्रमण करने को लेकर यह नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई है। सात दिन के भीतर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए है। अतिक्रमण नहीं हटाने पर ध्वस्तीकरण की चेतावनी दी गई है। बताया जाता है कि वर्तमान में गांव बल्लाशेरपुर, बढियोवाला, कश्मीरी आदि क्षेत्र में इस नहर के बंद होने पर भूमि लोगों ने अपने उपयोग में लानी शुरू कर दी थी। काफी लम्बे समय से इस भूमि का उपयोग किया जा रहा है।

### तिगरी गंगा मेले में सेवा शिविर 25 से

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने कहा कि आगामी गंगा स्नान के पर्व पर यूनियन की ओर से गंगा तिगरी मेले में एक सेवा शिविर लगाया जायेगा। गंगा मेले में श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुविधा हेतु एक सेवा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियो से अपील करते हुए कहा है कि वह इस अवसर पर अपने स्तर से एक बजट बनाएं और उसके अनुसार सहयोग धनराशि एकत्र करें ताकि सभी के सहयोग से आपका कैंप कार्यालय सुचारू रूप से चल सके। इमरान मंसूरी ने कहा कि जिन पदाधिकारी को कैंप कार्यालय मैं फैमिली के लिए टेंट चाहिए। वह राष्ट्रीय कार्यालय चौधरी चरण सिंह नगर पर जाकर अपना नाम नोट करा दें।

## एक नजर

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता



**धामपुर।** ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर की ओर से एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में एक दिवसीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर सेक्रेटरी अंकुर चौधरी रहे। प्रतियोगिता में अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें सिमराह इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्य मंसूर अली खान ने बच्चों को बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर इरफान मलिक, मदीहा, इफरा सलीम, देव कुमार, राजवंश, मायला निगार, अरशद, आहिल राजा ने येलो बेल्ट जोया, मौहम्मद अब्दुल्ला, शान ने ग्रीन बेल्ट मरियम खान, अंमार ने ग्रीन वन बेल्ट प्राप्त की। ताइक्वांडो प्रतियोगिता का संचालन ताइक्वांडो कोच दीपिका सिंह व शिवानी सिंह ने किया। यह जानकारी कॉर्डिनेटर रोहित गुप्ता न दी।

### आबादी से मगरमच्छ का रेस्क्यू किया



**नांगल सोती।** नांगल क्षेत्र में आए दिन मगरमच्छ के बस्ती में पहुंचने की खबर आम हो चुकी है। वन विभाग कई मगरमच्छ पकड़ कर रेस्क्यू कर चुका है। ग्राम सौफतपुर से एक 8 फिट लंबा मगरमच्छ तालाब से निकलकर गांव में पहुंच गया। बस्ती बड़े मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी विभाग को दी। सूचना पर विभाग के दरोगा विकास कुमार अपनी टीम मौके पर पहुंच गए। इसके बाद विभागीय टीम के कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू कर नांगल गंगा घाट पर गंगा नदी में छोड़ दिया।

### 'साइबर क्राइम' विषय पर वक्तव्य



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालयमें प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन में साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरों के बारे में जागरूक करते हुए 'साइबर क्राइम' विषय पर एक वक्तव्य का आयोजन कराया गया। मुख्य वक्ता गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज के प्रो. अनिल वर्मा रहे। उन्होंने बताया डिजिटल दुनिया में जैसे-जैसे हमारी निर्भरता बढ़ रही है, वैसे-वैसे साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा ना करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात व्यक्तियों के साथ बात न करें। फिर भी यदि आप साइबर क्राइम का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करें या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इस अवसर पर मिशन शक्ति समन्वयक श्रीमती अनु रानी, सह समन्वयक डॉ. अल्पना सिंह एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### महिलाओं को किया जागरूक



**नांगल सोती।** ग्राम ढोलापुरी में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी सुनील पुनिया और दरोगा गौरव कुमार, महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी पूनम शर्मा, ललिता सिंह, रविता, पूजा, निशांत कुमार और प्रवीण चौहान, आकाश कुमार ने 1090, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

### हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता



**नहटौर।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) नहटौर पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लेखन में शुद्धता और गति के कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हिंदी भाषा में श्रुतलेख प्रतियोगिता और अंग्रेजी भाषा में स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से एक विद्यार्थी ने भाग लिया, जिन्होंने श्रुतलेख और स्पेल बी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में प्राथमिक वर्ग में दिव्यांशी प्रा. वि. नकीबपुर 2, जूनियर वर्ग में मिस्वा उच्च प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर साधो, कंपोजिट प्राथमिक स्तर में खुशनुमा क.वि. पाडली मांडू एवं कृष्णकांत क.वि. गिलाड़ा विजेता बने। ये विजेता बच्चे आगामी 16 अक्टूबर को डायट, इस्माइलपुर में आयोजित जिला स्तरीय श्रुतलेख और स्पेल बी प्रतियोगिता में अपने विकास क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के निर्णयक मंडल में सोनू तोमर, आरती वर्मा, स्वाति सिवाच, अखिल कुमार, अंकित कुमार रहे। विपिन कुमार, थम्मन सिंह, एआरपी अभिषेक भटनागर, हेमराज सिंह आर्य और सुखबीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

# दूसरे दिन भी जमी रहीं जांच टीमें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मांस निर्यातक के निवास और प्रतिष्ठान पर ईडी, आईटी अथवा सीबीआई की जांच टीमे दूसरे दिन भी डटी रहीं।
हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के उप नगरी सराय तरीन निवासी मांस निर्यातक के सोमवार को शुरू हुइ छापमार कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। जांच में कई रिश्तेदारों और फैक्ट्री कर्मियों के यहां भी जांच टीम का डेरा रहा। घर और प्रतिष्ठान पर जमी टीमों ने दूसरे दिन भी अपनी जांच जारी रखी। हालांकि जॉंच टीमों ने अंदर क्या-क्या जांच की और किन'किन दस्तावेज़ों को खंगाला इसकी कोई भी अधिकारिक जानकारी तो नहीं मिल सकी,लेकिन जांच टीमों में शामिल अधिकारियों का संख्या लगातार बढ़ती रही। सम्भावना यह भी लगायी जा रही है कि सोमवार सुबह 6 बजे से जमी जांच टीमें मांस निर्यात से होने वाली आय और लेन-देन से जुड़े अभिलेखो को खंगालकर जानकारियां एकत्र करने में लगी हुई है। जबकि जांच टीमों की यह कार्रवाई मंगलवार को भी रही। इसके अलावा पीलाखदाना, चौधरी सराय, चमन सराय और चन्दौसी व बरेली एवं मुरादाबाद आदि स्थानों पर भी जांच अधिकारियों का डेरा रहा। लेकिन 24 घण्टे से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आखिर यह छापामार कार्यवाही किस लिए की गई है। वित्त मंत्रलय मे शिकायत थी या फिर खातों से किया गया लेन-देन का मामला था। कुछ कहा नहीं जा सकता। क्योंकि जांच करने आयी टीमों के अधिकारियों ने दूसरे दिन भी मीडिया से पूरी तरह से दूरी बनाये रखी और किसी को भी कुछ नहीं बताया गया। जांच के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।

**○ जांच टीमों की मीडिया से बराबर बनी रही दूरी**

## मांस दुकानदारों पर गहराया रोज़ी रोटी का संकट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आखिर यह कैसी जांच है जो कमज़ारों की रोजी रोटी पर संकट गहरा गया है। जांच को पहुंची टीमों ने फैक्ट्री से आवागमन बंद कर दिया है। जिससे मांस दुकानदारों को मांस की सप्लाइ नहीं हो पायी।



सम्भल- विदेशी सामान का पुतला दहन करते भारतीय इतिहास संकलन समिति के कार्यकर्ता।

# धूं-धूंकर जला विदेशी सामान का पुतला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने विदेशी कंपनियों के उत्पादों का पुतला जलाकर विदेशी कंपनियां के उत्पादन का विरोध किया।

असमोली के मिल रोड चौराहे पर भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने विदेशी कंपनियों के उत्पादों का पुतला बनाकर भीमकाय पुतले का रूप दिया। उसके हाथों में शरीर पर विदेशी कंपनियों के उत्पाद जूता चप्पल बिस्कुट मोबाइल खिलौने आदि लटकाए। जबकि विदेशी कंपनी भारत छोड़ो स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करो भारत माता की जय के नारे लगाकर विदेशी कंपनियां के रक्षा नुमा पुतले को आग के हवाले किया गया। इस अवसर पर पंकज सांख्यधर ने कहा की विदेशी कंपनियों से आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक नुकसान हो रहा है। देश के पैसे को लूटकर विदेश में जा रहा है। इससे निजात पाने के लिए जरूरी है कि देशवासी विदेशी सामान ना खरीद कर देश में बने हुए सामान की खरीदारी करें। अंकुश त्यागी ने कहा कि देसी कंपनियों का बना हुआ सामान खरीदना उपयोग में लाना देशभक्ति के समान है और विदेशी सामान खरीदना देश के साथ गद्दारी के समान है। उन्होंने स्वर का लोकल की बात कहते हुए सभी देशवासियों से अपने निकट बने हुए समान को उपयोग में लाने का आहवान किया।जबकि विदेशी कंपनियों का राक्षसी पुतला धूं धूं कर जलाया गया। दहन कार्यक्रम समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर पुनीत त्यागी, कमर पाल, वैभव गुप्ता, अनुज कुमार, अमन कुमार, कपिल कुमार, विंटू, जितेन्द्र, कृष्णा, छत्रपाल आदि मौजूद रहे।

**○विदेशी सामान का किया विरोध**

# कथित तालाब वाली भूमि पर हाइकोर्ट ने लगाई रोक

**○तहसीलदार ने नोटिस देकर 15 दिन में मांगा था जवाब**

**○बैनामों से खरीदी गई निजी सम्पत्ति पर बने मकानों पर लगाए गए थे लाल निशान**

**○सदर विधायक ने जिलाधिकारी से मिलकर की थी वार्ता**

**○पूर्व में तत्कालीन एडीएम ने निजि भूमि पर पीपी एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं चलने के दिए थे आदेश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कथित तालाब की भूमि पर लाल निशान और नोटिस देकर ध्वस्तीकरण के दिए गए आदेशों पर उच्च न्यायालय का चाबुक चल गया है। उच्च न्यायालय ने कथित आठ बीघा भूमि बने मकान और एक मस्जिद को लेकर दिए गए नोटिस पर उच्च न्यायाल की डबल बैंच ने रोक लगा दी है।

हातिम सराय स्थित कथित तालाब की भूमि पर बने मकान स्वामियों को तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने नोटिस जारी कर 80 मकानों और एक मस्जिद के निर्माण को तालाब की भूमि पर बताते हुए 15 दिन के भीतर जवाब मांगा गया था। जबकि मकानों और मस्जिद के निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया था। नोटिस देने के दूसरे दिन ही नापजोख कर मकानों और मस्जिद पर लाल निशान लगा दिए थे। जिससे लोगों में में हड़कम्प मच गया था। इसे लेकर सपा विधायक इकबाल महमूद ने जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया से मिलकर भूमि के दस्तावेज सौंपे थे। विधायक ने एक प्रेस वार्ता इस भूमि को राम सुनीति देवी की निजी संपत्ति होने के साथ इस पर पूर्व भाजपा विधायक सत्यप्रकाश गुप्ता द्वारा इसका भराव कराये जाने की जानकारी दी थी। जबकि उक्त भूमि कभी यहां तालाब नहीं बल्कि खेती होते स्वयं देखा होना कहा था। विधायक ने कहा कि प्रशासन द्वारा लाल निशान लगाने और पैमाइश के बाद लोगों को बुलडोजर का डर सता रहा था, जिससे उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। राम सुनीति देवी की पोती पूर्वी वार्ष्णेय ने कहा कि यह जमीन उनके परिवार द्वारा बेची गई थी। उन्होंने बताया कि यह भूमि पहले उनकी दादी और उससे पहले उनकी मां के नाम पर थी। पूर्वी वार्ष्णेय इसे निजी भूमि होने और प्रशासन के नोटिस को लेकर सवाल खड़े किए थे। जबकि इससे पूर्व वर्ष 2009 में 14 सितंबर को एडीएम प्रशासन हरज्ञान सिंह पुंडीर ने जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व मुरादाबाद की विधिक राय के आधार पर आदेश दिया था कि इस मामले में पीपी एक्ट की कार्रवाई नहीं चल सकती। आदेश में कहा गया था कि राम सुनीति देवी पत्नी हेमचंद निवासी हातिम सराय के नाम अंकित निजी संपत्ति पर पीपी एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। लेकिन इसके बावजूद तहसीलदार ने कथित तालाब की भूमि बताकर नोटिस जारी कर दिया था। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बैंच में मामले की सुनवायी की गई। उच्च न्यायालय ने फिलहाल रोक लगा दी गई है। उच्च न्यायालय के आदेश से मकान स्वामियों को जहां बड़ी राहत मिल गई है वहीं बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई करने को दिए गए नोटिसों पर पर पूर्व में उठाए गए सवालों से राजस्व प्रशासन की दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही का सच सामने ला दिया है। साथ ही अंधा-धुंध बिना जांच पड़ताल के की जाने वाली कार्यवाही पर सवालिया निशान लग गए है।

# कल्कि धाम के निकट बनी मस्जिद पर चला बुलडोजर

**○ तीस साल पूर्व किया गया था निर्माण**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि धाम मंदिर के निकट बनी मस्जिद को बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान दो थानों की पुलिस मौजूद रही। मस्जिद का निर्माण पार्क की भूमि पर किये जाने का लगा था आरोप।

एचौड़ा कम्बोह में निर्माणाधीन कल्किधाम के निकट तीस साल पुरानी मस्जिद बनी हुई थी। मस्जिद का निर्माण पार्क की 262 वर्गमीटर जमीन पर होने का आरोप लगाकर तहसीलदार ने 20 दिन पूर्व बेदखली का आदेश दिया था। एचौड़ा कम्बोह व सैदनगली मार्ग पर स्थित मस्जिद को मंगलवार को बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मस्जिद के निर्माण को लेकर 4 महीने पहले गांववालों ने लेखपाल से शिकायत की थी। लेखपाल ने जांच कर अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मस्जिद 30 साल पहले बनाई गई थी। पार्क के लिए एक हेक्टेयर से ज्यादा भूमि आरक्षित है, जिसमें 262 वर्गमीटर पर यह मस्जिद बनाई गई थी। जांच के बाद लेखपाल ने तहसीलदार न्यायालय ग्राम सभा बनाम जमील अहमद के नाम से वाद दायर किया था। मस्जिद को 11 जून को पहला नोटिस दिया गया था। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने 24 सितंबर को बेदखली का आदेश दिया था। मंगलवार को दोपहर 1 बजे राजस्व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार दीपक जुरैल, तीन राजस्व निरीक्षक अवनीश यादव, चंद्रपाल सिंह समेत कई लेखपाल भी टीम के साथ रहे। जबकि कानून और शांति व्यवस्था के लिए इस दौरान सीओ असमोली कुलदीप सिंह, एचौड़ा कम्बोह थानाध्यक्ष मोहित काजला और असमोली इंस्पेक्टर राजीव कुमार बालियान मौजूद रहे। जबकि दो थानों की फोर्स और पीएसी के जवानों को भी बुलाया गया। नायब तहसीलदार दीपक जुरैल ने बताया कि एक हेक्टेयर जमीन सार्वजनिक पार्क के नाम दर्ज है। इसमें से 262 वर्गमीटर पर निर्माण किया गया था। इस पर मस्जिद बना दी गई थी। जिसका निर्माण पूरी तरह से हटा दिया गया। सीओ असमोली कुलदीप सिंह ने बताया- न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गयी है।



सम्भल- कल्किधाम के निकट बनी तीस साल पुरानी मस्जिद को ध्वस्त करता बुल्डोजर जस्टिस।

## मिशन शक्ति अभियान में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 की ओर से एक महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। जिसमें मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क क्यों स्थापित की जा रही है। इसका क्या उद्देश्य है इसके विषय में विस्तार से समझाया। इसमें मंशा, महक, मुस्कान जूबी, विशाखा आदि 35 छात्राएं उपस्थित रही। डा..अनुभा गुप्ता, डा. हुमा फातिमा, डा. प्रीति सिंह, डा. अर्चना बंसल उपस्थित रहीं। संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने मिशन शक्ति की छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप मिशन शक्ति में सक्रिय योगदान दें। उत्तर प्रदेश सरकार ने आपके लिए एक विशेष अभियान चलाया चलाया है जिससे कि आप लोग सशक्त हों। इसके लिए आपको भी अपना पूर्ण समय देना होगा। यदि आप सशक्त होंगी तभी हमारा देश भी विकसित होगा और निरंतर उन्नति को प्राप्त होगा। इसमें कुछ छात्राओं ने भी अपने विचार रखे और मिशन शक्ति में सक्रिय योगदान के लिए कहा।

# पत्रकारों पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर लगे लगाम

**○आईरा ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की मांग को ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) के तत्वावधान में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डिप्टी कलैक्टर को सौंपा गया।

मंगलवार को जिला मुख्यालय पर डीएम कार्यालय के निकट डिप्टी कलैक्ट्रर को सौंपे गए पांच सूत्रीय ज्ञापन में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में अपनी जिम्मेदारी उठा रहे पत्रकारों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाने की मांग की। साथ पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और उत्पीड़न को देखते हुए तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। तथा समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को कानूनी संरक्षण और हमले की स्थिति में त्वरित न्याय की गारंटी देगा। प्रेस मान्यता प्रक्रिया में पारदर्शिता राज्य और जिला स्तर पर प्रेस मान्यता के लिए ऑनलाइन, पारदर्शी और निष्पक्ष व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। विशेष रूप से छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को उनकी पात्रता के आधार पर मान्यता प्रदान करने और पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना, पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए आकस्मिक दुर्घटना, बीमारी या मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता के लिए स्थायी पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना और नियमित अनुदान की मांग की गई है। सहायता वितरण की प्रक्रिया को सरल और समयबद्व करने पर जोर दिया गया। जबकि पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा, पेंशन और दुर्घटना बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल करने की मांग की गई है। स्वतंत्र और ग्रामीण पत्रकारों को भी इन सुविधाओं का लाभ देने की अपील की गई है। ज्ञापन में समाचार प्रकाशन या प्रसारण के कारण पत्रकारों पर झूठे मुकदमे, धमकी या उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। साथ ही, किसी भी मामले में गिरफ्तारी या पूछताछ से पहले प्रेस परिषद या जिला प्रेस समिति की अनुमति को अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेस कुमार, तहसील प्रभारी फरजंद अली वारसी,बॉबी कुमार, सलीम अहमद,नेत्रपाल, इस्लाम अली, बबलू सैफी, मुजफ्फर हुसैन, अफसर अली आदि मौजूद रहे।



सम्भल- डिप्टी कलैक्टर को ज्ञापन देते आइरा के सदस्य।

## एक नज़र इधर भी

### चारा मशीन से बच्चे का हाथ कटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में चारा काटने वाली मशीन में 4 वर्षीय बच्चे का हाथ आ जाने से कट गया। परिजन उसको लेकर अस्पताल पहुँचे।
मंगलवार को गुन्नौर तहसील के गांव घुघइया निवासी दुर्वेश का 4 वर्षीय पुत्र संजय चारा काटने वाली मशीन के पास पहुंच गया। उसका हाथ उसमें आकर पौंचा कट गया। बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसको तुरंत लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।

### स्वाभिमान सुरक्षा को किया जागरूक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के माधयम से बालिकाओं को उनके स्वाभिमान, अधिकार व सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। मंगलवार को गुन्नौर के डीएवी इंटर कॉलेज में बालिकाओं को जागरूक किया गया।मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला स्वावलंबन, अधिकारी, सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक किया।साथ ही पोस्टर के माध्यम से अभियान का उद्देश्य समझाया। उपनिरीक्षक नन्हें ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के स्वावलंबन का प्रतीक है, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। उन्होंने हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी और जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लेने के लिए जागरूक किया। इस दौरान शिक्षक रवि शर्मा, हरेश बाबू,चन्द्रकेश व महिला एसआई मौजूद रहीं।



सम्भल- कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक में भाग लेते जनप्रतिनिधि।

### दिशा की बैठक में उठा गोल्डन कार्ड का मुद्दा

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में 101 बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मनरेगा पर चर्चा में जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025- 26 में माह सितम्बर 2025 तक 7.69344 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 7.71186 लाख मानव दिवस सृजित किये गये। जोकि क्रमिक लक्ष्य का 100.24 प्रतिशत है। विधायक असमोली ने श्रमिकों के लंबित भुगतान को लेकर भी जानकारी ली। जबकि सांसद सम्भल द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत कितने रोजगार सृजित हुए उसको चेक कराने के लिए कहकर जियो टैगिंग की जानकारी ली। सांसद बदायूं आदित्य यादव ने दीन दयाल अंत्योदय योजना की समीक्षा की और इस निधि के तहत किस किस मद पर कहाँ कहाँ व्यय किया गया उसकी सूची सभी जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने की बात रखी। विधायक बिलारी ने इसके अंतर्गत अधूरे एवं पूरे कार्यों पर जानकारी ली। राज्यसभा सांसद जावेद अली द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड को लेकर चर्चा कि उन्होंने कहा कि परिवार में 5 से अधिक लोग होने पर ही आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं अगर परिवार में कम सदस्य हैं उनके कार्ड नहीं बन रहे हैं। इस पर शासन द्वारा विचार किया जाए। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर सहमति बनाते हुए कहा कि इसके संबंध में संबंधित द्वारा भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र प्रेषित करने व सांसद सम्भल द्वारा इस मुद्दे को संसद एवं विधानसभा में उठाने को भी जनप्रतिनिधियों से कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी पर चर्चा की तथा कितने आवेदन आये एवं कितने अस्वीकृत किये गये उसकी सूची संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराने के लिए सांसद सम्भल द्वारा निर्देश दिए गये। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बिन्दु पर भी चर्चा की गयी तथा विधायक गुन्नौर राम खिलाड़ी यादव द्वारा मृदा परीक्षण के लिए कितने गाँव चिन्हित किये गये उस पर जानकारी ली। खाद की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की। तथा विधायक असमोली ने कहा कि खाद निष्पक्षता के साथ किसानों को प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए।

# खाद्य सुरक्षा व औषधी प्रशासन की टीमों ने नमूने किए संग्रहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दीपावली, भैयूदूज और गोवर्धन पूजन पर्व पर मिलावटी सामान की बिक्री रोकने और मिलावट खोरों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषद्यी प्रशासन की कार्यवाही जारी है। डीएम के निर्देशों पर चल रहे अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने जिले भर में छापा मारकर नमूने संगग्रहित कर जांच को प्रयोगशाला भेजे।

आगामी पर्व पर खाद्य,पैय पदार्थों में मिलावट खोरों पर प्रभावी कार्यवाही करने के खाद्व सुरक्षा एवं औषद्यी प्रशासन आयुक्त के निर्देशें पर विभागीय टीमों ने इंदिरा चौक बबराला अग्रवाल स्वीटस, से खाद्य पदार्थ खोया, चन्दौसी स्थित लीलाधर पुरूषोत्तम सरन से खाद्य पदार्थ रिफाइंड सोयीबीन ऑयल, बबराला स्थित गंगा स्वीटस से खोया, जोया रोड नगर पालिका सम्भल स्थित नईम मिष्ठान भंडार से पेडक्ष इसी रोड पर समशीर मिष्ठान भंडार से सोनपापड़ी, ग्राम देहपा सम्भल स्थित बंटी मिष्ठान भंडार से खोया, ग्राम मंगनपुर से आरिफ पुत्र अशरफ अली से खद्व पदार्थ सफेद रसगुल्ला, का नूमना संग्रहित किया। जबकि खाद्य पदार्थ का भंडारण अस्वच्छकर दशा में पाये पायं जाने पर शेष 60 किग्रा खाद्य पदार्थ सफेद रसगुल्ला नष्ट कराये गए जबकि निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों के मददेनजर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अर्न्तगत सुधार को नोटिस जारी किया गया।

## कादरी नौशाही टीम ने कराया जश्ने गौसे आज़म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गौसे पाक रहमतुल्ला अलेह के 11 वीं शरीफ के मुबारक महीने मे जश्ने गौसे आजम का आयोजन किया गया।

नगर के दीपा सराय मे कादरी नौशाही टीम के तत्वावधान में गौसे पाक के मुबारक महीने 11 वीं शरीफ के मौके पर आयोजित जश्ने गौसे आजम में मौलाना हसीबुरर्हमान, सैफुल्लाह सुल्तानी, मौलाना गुल हसन अजमली ने नाते पाक पेश की। इस मौके पर सय्यद सुबहानी मियां, सय्यद अबूजर अशरफी अल जिलानी किछौछवी, सय्यद फैसल मियां सज्जादानशींन दरगाह मुवाहिदी शाहीदी हयातनगर, सय्यद जमन मियां जनेटा शरीफ, सय्यद इस्लाम मिया, मौलाना अदील हबी साबरी लतीफी दरगाह साबरी बुलबुल सीकरी, सय्यद अमान मियां, शहर मुफती कारी अलाउद्दीन, ख्वाजा कलीम अशरफ, मौलाना हसीबुरर्हमान आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक यूसी सक्सेना पर पितामह पोस्टर रिलीज



सम्भल- समाज सेवी व चिकित्सक यू सी सक्सैना पितामह पोस्टर रीलीज करते।

**○प्रतिष्ठित साहित्यकार डा. दीपा गुप्ता ने लिखी जीवन पर आधारित पुस्तक होगी रिलीज**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शहर जाने-माने समाजसेवी और चिकित्सक यू. सी. सक्सेना के जीवन पर आधारित एक पुस्तक 'पितामह' का पोस्टर अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल 25 के भव्य मंच पर जाने माने साहित्यकारों ,कलाकारों और संस्कृति कर्मियों के बीच रिलीज किया गया। इस पुस्तक को संभल में जन्मी प्रतिष्ठित साहित्यकार डा. दीपा गुप्ता ने लिखा है यह पुस्तक वाणी प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित होने जा रही है। मंच पर अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल की चेयरपर्सन डा. वसुधा पंत, पाल कॉलेज आफ इंजीनियरिंग हल्द्वानी की कामिनी पाल, पद्मश्री डा. ललित पांडे, जानी-मानी लोक गायिका लता पांडेय, प्रसिद्व व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय, डा. ललित मंडोला, उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति डा. नवीन लोहनी, प्रसिद्व पौराणिक लेखिका सुनीता पंत बंसल, फेस्टिवल की डायरेक्टर और लेखिका डा. दीपा गुप्ता, अनकॉमन सेंस फिल्म कम्पनी के डायरेक्टर आशुतोष जोशी,बालपहरी के प्रमुख संपादक उदय किरौला, प्रो नीरज पांगती, प्रसिद्व रंगकर्मी मनमोहन चौधरी, फेस्टिवल के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गुप्ता, तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्व समाजसेवी मीता उपाध्याय आदि के हाथों पुस्तक का पोस्टर रिलीज किया गया।

# एक ट्रक प्रतिबंधित पॉलीथीन की गई ज़ब्त



सम्भल- मंडी समिति के निकट ट्रक से जब्त की गई पॉलीथीन

**○नगर मजिस्ट्रेट व ईओ के नेतृत्व में हुई कार्रवाई**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** त्यौहार के मददेनजर मंगवायी गई प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलिथिन से भरे ट्रक को नगर मजिस्टेट के नेतत्व में टीम ने बरामद कर ज़ब्त कर लिया।

दीपावली पर्व करीब है। ऐंसे में बाज़ारों में दुकानों पर सामान की बिक्री भी अधिक होती है। बिन किसी थैले आदि के बाजार आने-जाने जाने वाले ग्राहक पॉलिथिन में ही सामान लेकर जाते हैं। बिक्री अधिक बढ़ने से एक ट्रक सिंगल यूज प्रतिबंधित पॉलिथिन को मंगवाया गया था। बाज़ार में पॉलिथिन की खैप भेजी जाती इससे पूर्व मुखबिर की सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद डा. मणि भूषण तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में ट्रक को बरामद कर लिया। मंडी समिति के गेट के निकट खड़े ट्रक पर छापा लगते ही वहां हड़कम्प मच गया। टीम ने पॉलिथिन को ज़ब्त कर लिया। नगर पालिका परिषद के ई ओ ने जब्त पॉलिथिन को एमआरएफ सेंटर भेज दिया।

# इंग्लैंड के मेयर ने किया शिला पूजन



सम्भल- कल्किधाम में शिला पूजन करते इंगलैंड के मेयर राज मिश्रा।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** इंग्लैंड की राजधानी लंदन की टाउन काउंसिल वैलिंगबोरो के मेयर राज मिश्रा ने कल्कि धाम पहुंचकर शिला पूजन किया।

मंगलवार मेयर राज मिश्रा सायं 4.00 बजे कल्कि धाम पहुंचे। कल्कि धाम पहुंचने पर धाम सेवा समिति ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। जबकि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें आशीर्वाद दिया। राज मिश्रा जी ने निर्माणाधीन कल्कि धाम में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित शिला के दर्शन किये, साथ ही इससे पूर्व कल्कि धाम निर्माणार्थ शिला पूजन किया। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए वैलिंगबोरो मेयर राज मिश्रा ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। जब मैं श्री कल्कि धाम में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सानिध्य में बैठा हूं। कल्किधाम के प्रवक्ता पंकज चाहल ने बताया कि श्री कल्कि धाम से विदाई देते कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मेयर राज मिश्रा को रामलला का स्वरूप भेंट किया।

# पहले पति को झूठे मुकदमे में फसाने के लिए महिला ने रची खौफनाक साजिश, दो लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद पुराने मुकदमे की रंजिश के चलते पहले पति को झूठे मुकदमे में फसाने के लिए महिला और उसके दूसरे पति और अन्य लोगों ने जानलेवा हमले की घटना का षड्यंत्र रचा था, और महिला ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने ऊपर फायरिंग कराई थी, पुलिस ने इस मामले में महिला के पति सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर घटना से पर्दा उठा दिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने मूढ़ापांडे थाना क्षेत्र की इस घटना को लेकर मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रेस वार्ता की।थाना मूँढापाण्डे पर दिनांक 13 अक्टूबर को रहाना की तहरीर के आधार पर आरोपियों द्वारा गाली गलौज करने व जान से मारने की नियत से फायर करने के सम्बन्ध में यासीन पुत्र चंदा,हबीव पुत्र भूरा व एक अज्ञात व्यक्ति निवासीगण ग्राम बीरपुर वरियार उर्फ खरग थाना मूँढापाण्डे के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें पुलिस को विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान गोपनीय रुप से जानकारी पर यह पता चला कि अफजाल की दूसरी पत्नी नसरीन का बलात्कार व छेडछाड के दो मुकदमे यासीन, हबीब आदि के ऊपर चल रहे है, जिसमे यह दोनो काफी समय जेल रहकर भी आये थे। नसरीन का हबीब के साथ पहला निकाह हुआ था और निकाह टूटने के बाद नसरीन ने हबीब पर बलात्कार और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें वह जेल गया था।यासीन व हबीब को पुनः जेल भेजने को लेकर नसरीन पत्नि अफजाल, अफजाल, अफजाल का खलेरा भाई नफीस व नफीस का दोस्त लल्ला और इसरार निवासीगण ग्राम वीरपुर वरियार उर्फ खरग थाना मूँढापाण्डे ने प्लान बनाकर यह काम किया।



उक्त घटना कारित करने वाले आरोपियों की थाना पुलिस टीम द्वारा तलाश की गयी तो आरोपी अफजाल और इसरार को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अफजाल का खलेरा भाई नफीस व नफीस का दोस्त लल्ला,इसरार नसरीन पत्नी अफजाल ने मिलकर यासीन व हबीव को पुनः जेल भेजने के लिये अफजाल के घर पर षडयन्त्र रचा कि अफजाल अपनी पत्नी नसरीन को मोटर साईकिल से मुड़िया मलूकपुर से शिवपुरी के रास्ते लेकर जायेगा और बाकी हम लोग रास्ते में पहले से ही बैठ जायेगे और वहाँ पर जाकर फायरिंग की घटना कर उसकी सूचना पुलिस को देंगे, जिससे घटना सही होना प्रतीत हो, जिससे हम आसानी से दोनो को फंसाकर जेल भेज सके।बनाये गये प्लान के अनुसार आरोपी अफजाल आदि के द्वारा अपनी पत्नी व अन्य साथियो के साथ उक्त घटना दिनांक 13 अक्टूबर की सुबह कारित की गयी थी।

## सोलह को होगी नगर पालिका बोर्ड की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक 16 अक्टूबर को पालिका सभागार में होगी। जिसमें अनेकों बिंदुओं को लेकर चर्चा की जाएगी। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के नेतृत्व में होने वाली बैठक में गन्ना समिति के सामने, गांधी पार्क के चारों ओर,कोतवाली बिलारी के सामने अंदर की ओर,कंपोजिट विद्यालय बिलारी के पास नगर पालिका द्वारा निर्मित किए जाने वाले कियोस्क की नीलामी पर विचार किया जाएगा, चौधरी चरण सिंह पार्क अंबेडकर पार्क व परशुराम पार्क में बनाए जाने वाली कैंटीन की नीलामी के अलावा चौधरी चरण सिंह पार्क के समीप पालिका की रिक्त भूमि पर निर्मित होने वाली दुकानों की नीलामी आदि को लेकर चर्चा की जाएगी।

नगर के विकास को लेकर भी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## एक नजर

### विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया मनोहर चाय पॉइंट का उद्घाटन



**कुन्दरकी।** क्षेत्र के विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने नगर में नाजिम खान के नए प्रतिष्ठान मनोहर चाय पॉइंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी और समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि ऐसे छोटे व्यवसाय रोजगार बढ़ाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नाजिम खान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत और ईमानदारी से किया गया कारोबार हमेशा तरक्की करता है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विधायक ठाकुर रामवीर सिंह चांद खान के गैलेक्सी शूज सेंटर पर भी पहुंचे, जहां दुकान स्वामी ने फूलमाला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने वहां उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहन देना विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर नगर के कई व्यापारी, युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विधायक के साथ तस्वीरें खिंचवाई और उनके जनसंपर्क व सरल स्वभाव की सराहना की। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सौहार्द का माहौल रहा।

## प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प



**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय रामनगर जो लंबे समय से जर्जर अवस्था में था, अब धीरे-धीरे संभलने लगा है। पहले जहां विद्यालय परिसर और मार्ग की हालत खराब थी, वहीं अब स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दे रहा है। विद्यालय के पास पर्याप्त जगह होने के बावजूद स्कूल का मुख्य द्वार दो स्थानों से टूटा हुआ था और सबसे बड़ी परेशानी जर्जर रास्ते को लेकर थी। गड्ढों और कीचड़ से भरे मार्ग के कारण बच्चों को आने-जाने में भारी दिक्कत होती थी। विद्यालय के सामने इंटरलॉकिंग लगने से सड़क अब सुंदर और सुगम हो गई है। विद्यालय के अंदर भी माहौल बदला है और बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था, पंखे तथा दीवारों पर रंगीन टीचिंग चार्ट तथा कविताओं से सजी दीवारें शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा रही हैं। बच्चे विभिन्न विषयों की अध्ययन सामग्री के साथ मन लगाकर पढ़ते दिखाई दे रहे हैं। स्कूल स्टाफ भी शिक्षण कार्य में रुचि लेकर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में जुटा है। प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प से न सिर्फ भवन और रास्ता बदला है, बल्कि बच्चों और शिक्षकों की कार्यप्रणाली में भी नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

# सिंचाई विभाग की मासिक बैठक में अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने लंबित कार्यों को लेकर जताई नाराजगी

**कांठ (शाह टाइम्स)।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की बैठक मंडल कार्यालय मुरादाबाद के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई जिसमें लंबित कार्यों पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। बताया गया कि शहीद राम प्रकाश सिंह महाविद्यालय शिवपुरी मुंडा पांडे के पुल की फाइल नक्शा न लगा होने के कारण वापस कर दी गई फाइल पूर्ण होते ही पुल का निर्माण किया जाएगा। छजलैट माइनर पर नींगु नंगला मैं पुल की बाउंड्री वॉल का टेंडर पास हो गया है शीघ्र ही निर्माण कर दिया जाएगा। फसियापुरा मैं नहर से रामेश्वर सिंह देवल के खेत तक पक्की नाली का प्रस्ताव पास कर दिया है। नलकूप संख्या 244 ए जी का री बोरिंग सामग्री उपलब्ध होते ही कर दिया जाएगा। नहर की सिल्ट सफाई 25 नवम्बर तक पूर्ण



कर 30 नवंबर को पानी छोड़ दिया जाएगा जिसमें किसानों को अगैती गेहूं बोने का अवसर प्राप्त होगा। लघु सिंचाई विभाग से संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और भविष्य में ऐसी गलती करने पर एक दिन का वेतन काटने का प्रस्ताव रखा। वर्तमान में नहर कटिंग, कुलाबे और सिंचाई शुल्क की कोई समस्या नहीं है 4 नलकूप यांत्रिक दोष एवं एक नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिसे एक सप्ताह के अंदर ठीक करा कर चालू करने का निर्देश अध्यक्ष ने दिया। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने की तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता ,नलकूप खंड प्रथम, राकेश कुमार एई नलकूप , कुलदीप सिंह एई सिंचाई खंड , कुमारी पूजा एई नलकूप खंड 4 , श्रद्धा भट्ट पीई नलकूप खंड , अंबरीश कुमार एजुकेटिव इंजीनियर विद्युत विभाग , गोपाल सिंह जेई सिंचाई खंड , मलखान सिंह एई अफजलगढ़ खंड, अमित कुमार डीएचओ एग्रीकल्चर , सुशील यादव टीडब्लू , और मुकेश उपाध्याय जेई बाढ़ खंड आदि अधिकारी उपस्थित रहे

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया वृक्षारोपण



**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मुरादाबाद मे स्वयं सेवकों द्वारा पौधरोपण किया गया इस कार्यक्रम मे कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन को सहयोग करते हुए पर्यावरण की जानकर हिन्दू डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डॉ अनामिका त्रिपाठी ने छात्रों को वृक्ष व पर्यावरण के बारे मे विस्तार से बताया.उन्होंने बताया कि आज हमने एक -एक फिट की दूरी पर पाखर,बरगद व पीपल के तीन पेड़ लगाये है जिनका उद्देश्य वातावरण को शीतल रखना है इन पेड़ो की जडे एक हो जाती है और तीनों मिलकर घनी छाया प्रदान करते है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नोमान जलील, आफताब आलम मतलूब अली खान, मन्नान, मोहम्मद यासिर, श्रीमती यास्मीन जहाँ, आफरीन अरशद व आफिया इकबाल आदि उपस्तिथ रहे।

## यूट्यूबर के विरुद्ध पेड़ चोरी की तहरीर देने पर भड़की भाकियू लोकशक्ति



**मूंढापाडे।** लखनऊ हाईवे नियामतपुर इकरोटिया पर स्थित टोल प्लाजा के पास के तीन पापुलर के पेड़ चोरी होने के मामले यूट्यूब रहमान के विरूद्ध तहरीर देने पर भाकियू लोकशक्ति ने टोल प्लाजा पर नारेबाजी कर विरोध जताया, भाकियू प्रदेश महासचिव फुरकान अहमद के अगुवाई में कार्यकता मंगलवार सुबह टोल पर पहुंचे और टोल कर्मियों के विरूद्ध नारेबाजी कर यूट्यूब के पत्रकार रहमान अली के विरूद्ध पेड़ चोरी की तहरीर देने पर नारा. जगी जताते हंगामा किया, इसके बाद कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंच कर थाना प्रभारी के नाम एसआई नरेन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा जिसमें टोल कर्मियों की मिली भगत से पेड़ काटने का आरोप लगाया है,यूट्यूबर के साथ पहुंचे किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों के सामने यूट्यूबर रहमान अली से गलत तहरीर देने पर टोल प्लाजा के रूट पैट्रोलिंग मैनेजर हसन अली ने माफी मांगी इसके बाद किसान शांत हुए।

## ट्रस्ट ने जरूरतमंद बच्चों के साथ साझा की दीपावली की खुशियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दीपावली के शुभ अवसर पर आओ हाथ बढ़ाएं चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद और वंचित बच्चों के बीच दीपावली सामग्री का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट में पढ़ने वाले बच्चों के साथ-साथ अन्य गरीब परिवारों के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें समा. जसेवी करणवीर सिंह, अनीता गुप्ता, नीलम कोठीवाल,ज्योत्सना मुंजाल एवं अनुभा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न सामा. जिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। दीपावली सामग्री के पैकेट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरा माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया। कार्यक्रम में।मुख्य अतिथियों में सरदार गुर. विंदर सिंह, आप सबकी रसोई से रवि यदुवंशी, परिवर्तन दी चेंज संस्था से कपिल कुमार एवं प्रिंस चौहान, श्रीजी फाउंडेशन से नीरज कुमार, बढ़ते कदम से सृष्टि अधिकारी, पराग ह्यूमन फाउंडेशन से गरिमा सिंह, उम्मीद एनजीओ से शालू सैनी, अल्फाज अपने फाउंडेशन से अमर सक्सेना एवं अभिव्यक्ति सिन्हा, कृति फाउंडेशन से आर.के. भारत और रूबी शामिल रहे।कार्यक्रम की मेजबानी ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजलि पांडेय ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट टीम से राघव रस्तोगी, प्रियंका भटनागर, अर्पित शर्मा, सनी सेठी, अंकुर गुप्ता एवं उमा शर्मा मौजूद रहे।

## सुसाइड से पहले युवक ने बनाया वीडियो, मंगेतर को ठहराया मौत का जिम्मेदार

**मुरादाबाद।** प्रेम में धोखे से आहत एक युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर अपनी मौत के लिए मंगेतर को जिम्मेदार ठहराया। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी की है, जहां 22 वर्षीय अनिकेत पुत्र मलखान ने अपने घर में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। कुछ माह पूर्व ही अनिकेत की मंगनी उसी कॉलोनी में रहने वाली युवती चारु से हुई थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था, लेकिन कुछ दिन पहले चारु अपने प्रेमी संग घर से फरार हो गई। इस घटना से आहत अनिकेत गहरे सदमे में चला गया और उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के समय अनिकेत के माता-पिता मुंबई में रिश्तेदारी में गए हुए थे।

# शिक्षक नेता मेजर डॉक्टर देवेंद्र सिंह का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद और समाजस. ेवी मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। मेजर डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने सबसे पहले कुंदरकी ब्लाक के अंतर्गत ग्राम हरियाणा स्थित मदन स्वरूप इंटर कॉलेज में भूगोल विषय के प्रवक्ता के रूप अपनी पारी की शुरुआत की थी यहीं पर वह कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर के पद पर भी रहे और एनसीसी की 24 बटालियन (छात्र) के मेजर भी रहे ।डॉक्टर देवेंद्र सिंह एक सामाजिक व्यक्ति थे जो हमेशा समाज की खिदमत करने के लिए तैयार रहते थे। सभी वर्ग के छात्रों से मोहब्बत करते थे और जब छात्र किसी भी परेशानी को लेकर उनसे संपर्क करता था और वह उसकी परेशानी को समझ कर दूर कर देते थे। वह किसी से भी नफरत की राजनीति नहीं करते थे। इसके उपरांत उनका



आयोग के द्वारा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर चयन हो गया। जिन्होंने चित्रगुप्त इंटर कॉलेज की एक अलग पहचान कायम की। उनके आने से पूर्व कॉलेज की दुर्दशा अच्छी नहीं थी । वहां छात्र एडमिशन लेने से कतराते थे । लेकिन डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने जब प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया उसके बाद कॉलेज की स्थिति दिन प्रतिदिन सुधरता गई और एक दौर ऐसा आया कि वह जनपद के टेन टॉप कॉलेज की सूची में आ गया।जहाँ पहले छात्रों के प्रवेश के लिए रुचि नहीं लेते थे लेकिन देवेंद्र सिंह के कार्यकाल में प्रवेश के लिए मारामारी रहती थी जो आज भी जारी है। कॉलेज का वातावरण उनके द्वारा बहुत ही खूबसूरत बनाया गया। बिल्डिंग को एक नया रूप उनके द्वारा दिया गया। उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। एक शिक्षक होने के साथ-साथ उन्होंने जहां छात्रों की परेशानी को समझा वही शिक्षकों की परेशानी को दूर करने के लिए उन्होंने अपने कदम आगे बढ़ाए और शिक्षक नेता के रूप में अपनी राजनीति शुरू की। उनके द्वारा मंडलीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ प्रदेश में भी कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य किया । जैसे ही अपने प्रिय शिक्षक नेता के निधन की खबर उनके चाहने वालों को लगी।

## हार्वर्ड कॉन्वेंट स्कूल में साइबर क्राइम और सहायता नंबरों के बारे में किया जागरूक



**कांठ।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी मे यातायात नियम एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पुलिस ने छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया और हेलमेट की अनिवार्यता तथा महत्व को समझाया। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा की भी जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी कांठ एवं उनके सहयोगी पुलिसकर्मियों ने पुलिस विभाग द्वारा जारी किए गए हेल्प लाइन नंबरों , 1090 ,1098। ,112,, 181 की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि यदि किसी भी नागरिक को अनजाने नंबरों से कॉल आती है अथवा किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा आवाज बदलकर गुमराह किया जाता है तो बे इन नंबरों पर कॉल करके अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने विद्यालय आगमन पर थाना प्रभारी कांठ एवं उनके सहयोगी पुलिस कर्मियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टिमिट में हुआ भव्य 'दिवाली उद्यमी महोत्सव 2.0'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में हुआ भव्य 'दीवाली उद्यमी महोत्सव 2.0' टिमिट-डीन, प्रोफेसर विपिन जैन ने फीता काटकर किया। शुभारंभ विद्यार्थियों की प्रतिभा से सजा परिसर विद्यार्थियों ने स्वयं संभाली जिम्मेदारी, उद्यमिता का सीधा पाठ सीखते हुए लगाए आकर्षक स्टॉल मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ प्रबंधन में



उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'दीवाली उद्यमी महोत्सव 2.0' का आयोजन पूरे उल्लास और हर्ष के साथ किया गया जैसे ही उद्घाटन हुआ पूरा परिसर उत्साह और आनंद से गूंज उठा। उद्घाटन के पश्चात प्रोफेसर विपिन जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यवसायिक सोच को विकसित करते हैं। टिमिट के छात्र आज के युग में भविष्य के सफल उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।" इस महोत्सव में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने अपने नवाचार और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए जिनमें खाने-पीने की वस्तुएँ, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, हस्तनिर्मित कलाकृतियाँ, खेल-कूद से जुड़ी गति. विधियाँ और सजावट की सामग्री प्रमुख आकर्षण रहीं। विशेष रूप से उल्लेखनीय बात यह रही कि खाने-पीने के सभी स्टॉलों की पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने स्वयं संभाली। उन्होंने अपने व्यंजनों की योजना बनाई स्वादिष्ट पकवान बनवाकर तैयार किए, उन्हें आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया और ग्राहकों से संवाद स्थापित किया। विद्यार्थियों ने मूल्य निर्धारण, लाभ-हानि, प्रचार और प्रबंधन की बारीकियाँ स्वयं सीखीं। इस प्रकार उन्होंने उद्यमिता का वास्तविक पाठ व्यवहारिक रूप में अनुभव किया। पूरे दिन परिसर में उल्लास, संगीत और रचनात्मकता का माहौल बना रहा। छात्र-छात्राओं की ऊर्जा और नवाचार ने कार्यक्रम को सजीव बना दिया। दीपावली की रौनक और उत्साह ने पूरे आयोजन को एक उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर विपिन जैन ने आयोजन के संयोजकों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों की मेहनत, एकजुटता और प्रतिभा का प्रतीक है।

Email id:- idmoradabad@gmail.com

**कार्यालय अधीशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद।**

पत्रांकः 3522/सि0ख0मु0/ई-निविदा सू0सं0-02/ई0ई0/2025-26 दिनांकः 06.10.2025

ई-निविदा सूचना सं0-02/ई0ई0/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड व फाइनेन्शियल बिड, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में निम्नांकित तालिकानुसार वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 16.10.2025 दोपहर 12:00 बजे से दिनांकः-27.10.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाईन ई-निविदा की प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांकः-27.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिंचाई विभाग, उ0प्र0 मुरादाबाद द्वारा गठित निविदा समिति/अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल बिड मूल्यांकन में क्वालीफाई पाये गये निविदादाताओं की ही फाइनेन्शियल बिड ई-पोर्टल पर खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने अथवा तकनीकी दिक्कतों की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। वेबसाइट पर ई-प्रक्योरमेन्ट प्रपत्र दिनांकः-27.10.2025 दोपहर 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेगें।

| लाट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 +स्टेशनरी सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | छजलैट माईनर के पटरी बायीं पर कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.071 तक क्षतिग्रस्त पक्की रोड़ के नवीनीकरण का कार्य। | 15.36 | 0.31 | 766.00 | 21 दिवस | सी एवं उच्च श्रेणी |

नोटः-यह ई-निविदा/बिड सूचना, नियम व शर्तें राजकीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। वेबसाईट से ड्राईंग उपलब्ध न होने की स्थिति में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद में देख सकेगें।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद

UPID-238894, DATE-13/10/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र आमिर अली को गलत संगत/गलत आचरण व अमानवीय व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में आमिर अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे अन्य पुत्र/पुत्री का आमिर अली से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
श्रीमती इशरत बेगम पत्नि मौ. हनीफ व मौ. हनीफ पुत्र अब्दुल मलिक निवासीगण मौहल्ला रहमत नगर गली नं. 1 निकट अहमद रजा मस्जिद थाना कटघर तह. व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पत्नी उजमा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सलमान पुत्र फुरकान निवासी ग्राम सैफपुर पल्ला, थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद बाबर पाशा व पुत्रवधू श्रीमती मेहमिश जहां व पुत्रवधू शाबिया पत्निगण मोहम्मद बाबर पाशा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौ. नजदीकुल इस्लाम पुत्र मौ. जान व श्रीमति रुखसाना पत्नी मौ. नजदीकुल इस्लाम निवासीगण मौहम्मद इब्राहीमपुर थाना व तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद**

# डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों और फोर्स के साथ किया पैदल मार्च



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में नजर आ रहे हैं। शहर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और जनता में भरोसा बनाए रखने के उद्देश्य से डीआईजी मुनिराज जी ने मंगलवार को पुलिस अधिकारियों और भारी फोर्स के साथ विभिन्न इलाकों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय व्यापारियों से संवाद भी किया।डीआईजी मुनिराज जी ने बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर सुरक्षा तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। साथ ही, उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह अपने प्रतिष्ठानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाएं ताकि किसी भी घटना की स्थिति में जांच में आसानी हो सके।फोर्स के साथ किए गए फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और हर स्थिति पर नजर रखे हुए है।फ्लैग मार्च में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एसपी सिटी रणविजय सिंह, एसपी ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, सीओ कटघर, सीओ कोतवाली, सीओ सिविल लाइंस समेत भारी पुलिस बल शामिल रहा।

# माटीकला मेले का सीडीओ ने किया भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर जनपद मुरादाबाद में 'क्षेत्रीय माटीकला मेला' 13 से 19 अक्टूबर तक मुरादाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित नुमाईस ग्राउंड, पंचायत भवन, परिसर में आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को माटीकला मेला में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भ्रमण किया गया। उन्होंने माटीकला मेले में आये कारीगरो को उनके द्वारा बनाये गये कलात्मक कार्य की सराहना करते हुए और अधिक माटीकला को बढावा देने हेतु प्रेरित किया। मिट्टी से निर्मित उत्पादो से जनप्रतिधि एवं आम जनमानस आकृषित हो रहे है तथा अधिक से अधिक संख्या में खरीदारी कर अन्य लोगो को भी माटीकला मेले में आने के प्रेरित कर रहे है। इस मौके पर मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मेजर डा. देवेन्द्र सिंह के निधन पर हुई शोकसभा



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )** डॉ० देवेंद्र सिंह चित्रगुप्त इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य के निधन पर आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में शौकसभा की गई। जानकारी के अनुसार चित्रगुप्त इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत थे। शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य हेतु आप राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित है।आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सभी स्टाफ ने शोक सभा कर ईश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। मिली जानकारी के अनुसार अंतिम क्रिया 15 अक्टूबर 2025 को साय 5:00 बजे मुरादाबाद मोक्ष धाम लोको शेड में होगा।

### श्रीमद्भागवत कथा भक्तियज्ञ भगवान श्रीकृष्ण समस्त ब्रह्माण्ड के सृजाता हैं: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र झांझनपुर, कांठ रोड पर आयोजित एक वर्ष पर्यन्त श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धेय धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि समस्त ब्रह्माण्ड, देवी देवताओं, समस्त योनियों एवं चर-अचर प्राणियों के उद्भव करने वाले भगवान श्रीकृष्ण ही है। सोने की परख उसे रगड़कर, काटकर, आग में तपा कर और पीट कर की जाती है। इन चार कार्यों को करने के पश्चात ही शुद्ध सोने की परख होती है। इसी प्रकार व्यक्ति को परखने से लिए भी चार बातों का ध्यान रखना चाहिए। व्यक्ति को परखने के लिए उसकी त्याग क्षमता को देखना चाहिए। दूसरों के सुख के लिए स्वयं के सुख का त्याग करने वाला अच्छा इंसान होता है। जिनमें त्याग की भावना नहीं होती वे अच्छे इंसान नहीं होते और न ही वे किसी का भला करते हैं।जिन लोगों का चरित्र अच्छा होता है वे भी अच्छे इंसान होते हैं। अच्छे चरित्र वाले लोगों के मन में दूसरों के प्रति गलत भावनाएं नहीं होती। 'जिस व्यक्ति के चरित्र और विचार ठीक नहीं है उनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए। इंसान की पहचान उसके गुणों से की जा सकती है। वैसे सभी में कुछ गुण और अवगुण होते हैं परंतु कुछ लोगों में अवगुण अधिक होते हैं। ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए। छोटी-छोटी बात पर क्रोधित होना, झूठ बोलना, दूसरों का अपमान करना, अहंकार आदि अवगुण होने वाला व्यक्ति श्रेष्ठ नहीं माना जाता। व्यक्ति के गुणों के साथ-साथ उसके कर्मों से भी उसकी पहचान की जा सकती है। व्यक्ति को परखते समय उसके कर्मों को देखना चाहिए। गलत तरीके से धन संचित करने वाला और अधार्मिक कार्य करने वाले से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। गलत कार्य करने वाले इंसान आस-पास के लोगों पर भी बुरा प्रभाव डालते है। इस प्रकार के लोगों से मित्रता करने पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। कथा में राजीव खन्ना, अलका गुप्ता, तुषार गुप्ता, सौम्या चौहान, अक्षिता गुप्ता, अभिनव गुप्ता, अंशिका खन्ना, सोनाली सरोज, सुधा शर्मा, सपना सिरोही आदि ने सहयोग दिया।

### मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ

**मुरादाबाद।** गोकुल दास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज मुरादाबाद में रसायन एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति 5.0के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करना है। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो चारू मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हममें से कई लोग रोजाना तनाव का सामना करते हैं, लेकिन इसे जिंदगी का एक हिस्सा मानकर इसे स्वीकार कर लेते हैं। हालाँकि, यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। तनाव आपकी नींद पर बुरा असर डाल सकता है, रक्तचाप बढ़ा सकता है और आपको बेचौन और उदास भी कर सकता है। लेकिन ध्यान इसमें मददगार साबित हुआ है। परीक्षा में तनाव को कम करने के लिए योग और मेडिटेशन बहुत प्रभावी हो सकते हैं। योग में प्राणायाम, आसन और योग निद्रा तनाव को कम करने में मदद करते हैं, जबकि मेडिटेशन मन को शांत और केंद्रित करने में सहायक होता है। नियमित अभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। उन्होंने छात्राओं को मेडिटेशन को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के कार्यक्रम का संयोजन रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ सविता अग्रवाल एवं क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती शिवानी गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो.किरण साहू ,प्रो.किरण त्रिपाठी ,प्रो.सीमा गुप्ता,प्रो.अनुराधा सिंह, प्रो.वंदना पांडे ,डॉ.रेनू शर्मा आदि की गरिमा में उपस्थिति रही द्यइस कार्यशाला में महाविद्यालय की 80 छात्राओं की प्रतिभागिता रहे।

### मदरसे में हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

**बिलारी।** मंडलाआयुक्त के निर्देश के बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह के निर्देशन में बिलारी में हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें मरीज का चेकअप करके उन्हें निशुल्क दवाई दी गई। मंगलवार को बिलारी के वार्ड संख्या 1, 2, 21, 22, 23 व 24 के मध्य स्थित मदरसे में हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। कैंप में भारी तादात में मरीज चेकअप कराने के लिए पहुंचे। 95 मरीज का चेस्ट का एक्सरे कराया गया। अन्य लोगों के अलावा टीवी आदि लोगों की जांच करके दवाओं का वितरण किया गया। इस बीच भारी तादात में मरीज चेकअप के लिए पहुंचे। टीम में डॉक्टर बीके सिंह, सुशील कुमार, राजीव गौड़,अनिल सागवान के अलावा स्टाफ मौजूद रहा।

# आईएफटीएम के छात्र को बेलारूस की मशरूम कंपनी में मिला प्रशिक्षण का अवसर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के बी.एससी, सातवें सेमेस्टर के छात्र फैजान अली को 'बेलारूस' देश की एलएलसी कम्पनी 'टुनी एचआर एजेंसी' की ओर से मशरूम कल्टीवेशन एंड हार्वेस्टिंग हेतु डेढ़ वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण का अवसर मिला है। प्रशिक्षण की उक्त अवधि के दौरान छात्र फैजान को आकर्षक मानदेय के अलावा आवासीय, यात्रा भत्ता व हेल्थ संबंधी अन्य सुविधाएं नि:शुल्क मिलेंगी। फैजान की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व. विद्यालय प्रबंधन हमेशा विद्यार्थियों के हित में अनवरत रूप से प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों को सही दिशा दिखा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फैजान की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थी भी प्रेरणा लेंगे। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विद. ेश में विद्यार्थियों के लिए अनेक चुनौतियां होती हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि विदेश जाने वाले विद्यार्थियों को उस देश के तौर तरीकों तथा नियमों का पालन करते हुए अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है, ताकि अपने देश, विश्वविद्यालय एवं उनके परिवार की अच्छी छवि बन सके। इस मौके पर प्रतिकुल. पति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने भी छात्र फैजान को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने फैजान को बधाई देते हुए बताया कि विदेशों में कृषि विद्यार्थियों की काफी मांग है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब तक एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों के लिए चार देशों स्वीडन, डेनमार्क, जर्मनी और फिनलैंड से ऑफर आ चुके हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने कहा कि विदेशों से आईएफटीएम के विद्यार्थियों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, जो कि हम सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि की बात है। छात्र फैजान की इस उपलब्धि पर सीनियर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आशीष अग्रवाल और एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल और स्कूल के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. ए.एन. चौबे समेत अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भी बधाई दी।

## महिला सुरक्षा टीम ने दी जागरूकता की जानकारी, बताया हेल्पलाइन नंबरों का महत्व

**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संपाददाता )।** महिला सुरक्षा को लेकर ग्राम फैजुल्लागंज में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक गोष्ठी/चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, समूह सखी सहित ग्राम की कई महिलाओं ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान महिला सुरक्षा टीम ने उपस्थित महिलाओं व बालि. काओं को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, पीएम आवास योजना आदि की जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया 108 एम्बुलेंस सेवा 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1090 वुमन पॉवर लाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबरो की कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पंपलेट भी वितरित किए गए। इस मौके पर महिला सुरक्षा टीम की उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कांस्टेबल पूनम, कांस्टेबल गौरव कुमार और कांस्टेबल रवि सैनी मौजूद रहे।

# स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, गांधी पार्क में लगा स्वदेशी मेला



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे स्वदेशी मेले के अंतर्गत चन्दौसी नगर के गांधी पार्क में भी स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ 09 अक्टूबर को पूर्व सांसद एवं वर्तमान एमएलसी सतपाल सिंह सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया था। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि 'देश की आत्मनिर्भरता का आधार स्वदेशी उत्पाद हैं।

जब हम स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुएं खरीदते हैं, तो न केवल अपने देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करते हैं, बल्कि छोटे उद्यमियों और कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलता है।' उन्होंने लोगों से अपील की कि विदेशी वस्तुओं की बजाय स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें, क्योंकि ये अधिक टिकाऊ, सस्ते और गुणवत्तापूर्ण होते हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों की स्टॉलें लगाई गई हैं, जिनमें हैंडीक्राफ्ट की टोकरी, खादी भंडार, मूर्तिकारों की कलाकृतियाँ, शुद्ध शहद, सरसों का तेल, सेंधा नमक, मखाने, अचार, धूपबत्तियाँ, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित अनेक घरेलू वस्तुएँ शामिल हैं। मेले में स्थानीय कारीगरों ने अपनी हस्तकला का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मेले में बड़ी संख्या में नगरवासी, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। लोगों ने न केवल स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी की, बल्कि कई स्टालों पर जाकर उनके निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानक. ारी भी ली। कार्यक्रम में नगर के सम्मानित नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने भी भाग लेकर स्वदेशी अभियान को समर्थन दिया।

आयोजकों ने बताया कि मेले का उद्देश्य 'वोकल फॉर लोकल' के संद. ेश को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था स्वावलंबी बने और ग्रामीण उद्योगों को नई दिशा मिल सके।

# आईएफटीएम में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज द्वारा शासन की ओर से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5' अभियान के अंतर्गत "महिला सशक्तिकरण" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि 'मिशन शक्ति' अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान को बढ़ावा देना एवं उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना है। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि देश की नारी सशक्त होगी, तभी भारत विकसित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा विविध योजनाएं प्रारम्भ की गई हैं तथा उनका संचालन सुचारु रूप से किया भी जा रहा है। इस मौके पर प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. निर्मि. कता यादव ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न विभागों के 50 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए, ऑनर्स, प्रथम वर्ष की छात्रा कविता सिन्हा प्रथम, बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जर्नलिज्म, प्रथम वर्ष के छात्र शिवम् कुमार द्वितीय तथा बीए, ऑनर्स, प्रथम वर्ष के छात्र वंश शर्मा तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें स्कूल के निदेशक डॉ. 'आर्य' ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, श्री पुलकित शर्मा, डॉ. मोहित मिश्रा, डॉ. सारिका दुबे एवं कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. लक्ष्मी मिश्रा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर स्कूल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "मैसर्स एम0 बी0 आर0 हॉस्पिटल", ग्राम शरीफपुर, तह0 व जिला- सम्भल (उ0प्र0) 244242 पंजीकरण सं0- SBU/0013001 नामक फर्म में छ: पार्टनर मनोज कुमार, मनजीत सिंह, रिहाना रियाज खां, वीरेश कुमार, राजवीर एवं सुधा शर्मा थे। पार्टनर मनोज कुमार ने दिनांक 14.10.2025 को रिटायरमेंट लेकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है। वर्तमान में फर्म में पाँच पार्टनर मनजीत सिंह, रिहाना रियाज खां, वीरेश कुमार, राजव. ीर एवं सुधा शर्मा रह गये हैं। रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की उक्त फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है।

**भवदीय-( मनजीत सिंह ) पार्टनर "मैसर्स एम० बी० आर० हॉस्पिटल"** ग्राम शरीफपुर, तहसील व जिला-सम्भल (उ0प्र0) 2442421

## सूचना

श्री गिरीजेश कुमार पुत्र श्री बी० एन० शर्मा निवासी मकान नं0 58 मधुबनी कांठ रोड मुरादाबाद सम्पत्ति-मकान नं० 58 मधुबनी कांठ रोड मुरादाबाद के स्वामी बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 22.03.1996 क्रम संख्या 1551 उपनिबन्धक द्वितीय मुरादाबाद से हैं। उक्त सम्पत्ति को श्री पवन कुमार गुप्ता पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद गुप्ता एवं श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पत्नि श्री पवन कुमार गुप्ता निवासी मकान नं0 50 मधुबनी कांठ रोड, मुरादाबाद द्वारा, एग्रीमेन्ट दिनांक 29.09.2025 के अनुसार खरीदा जाना है। जिसके लिये भारतीय स्टेट बैंक, रेलवे स्टेशन, शाखा मुरादाबाद के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराया जाना है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल बैनामे रजिस्टर्ड दिनांक 22.03.1996 क्रम संख्या 1551 के साथ संलग्न उसका भाग मूल नक्शा कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में को जानकारी मिलती है तो इस नम्बर पर सूचित करें। मोबाईल नं0 9411809346 (पवन कुमार गुप्ता)।

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 112 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 18.10.2025
**मधुबाला बनाम चन्द्रमोहन आदि।**
**बनाम**

1. चन्द्रमोहन पुत्र श्री भूप सिंह, 2. कमलेश पत्नी श्री चन्द्रमोहन, 3. धर्मपाल पुत्र रघुवीर सिंह, 4. फूलवती पत्नी भूप सिंह निवासीगण ग्राम मीरपुर मझौली तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 10 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 24 को निकाली गयी है।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**

## प्राथमिक विद्यालय पाठंगी, वि.खं. छजलैट, मुरादाबाद।

**नीलामी सूचना**

प्राथमिक विद्यालय पाठँगी में स्थित अतिरिक्त कक्षा कक्ष के ध्वस्तीकरण के लिए स्वीकृत जर्जर भवन की नीलामी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस.एस.ए./ज.भ./5555-60/2025-26 दिनांक 22.09.2025 के अनुपालन में दिनांक 17.10.2025 को विद्यालय परिसर में 10.00 बजे होगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की सभी शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

**सुरेश कुमार ( सचिव ) विद्यालय प्रबंध समिति,**
**प्राथमिक विद्यालय पाठंगी विकास खंड छजलैट, जनपद मुरादाबाद।**
**मोबाईल नम्बर**-9759631079

# जाटवान धर्मशाला में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण




**ठाकुरद्वारा। गांव लोगी कला में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण करते।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम लौंगी कला स्थित स्थानीय जाटवान धर्मशाला में मंगलवार बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया।

प्रतिमा का अनावरण ठाकुरद्वारा ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा एवं "डॉ. अम्बेडकर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत सदस्य होरी सिंह ने की तथा संचालन अचल कुमार ने किया।

गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, उनके योगदान तथा समाज सुधार के विच. ारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है कार्यक्रम में , डॉ. रामपाल सिंह गौतम अर्जुन सागर (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), शिवलाल सागर, इरशाद अली, अशोक कुमार, शेर सिंह सागर, ईश्वर सिंह सागर, शिव कुमार, वेदपाल सिंह, जगदीश, तेजपाल, अमर सिंह, चंद्रपाल सिंह, महावीर सिंह, धर्मेंद्र पालू, मुकेश चोधरी, डॉ. ओमपाल सैनी, राजीव कुमार समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गदीपुर के जंगल में अवैध खनन पर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के गांव गदीपुर के जंगल में माफियाओं द्वारा अवैध खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। प्रशासन की ओर से कई बार चेतावनी देने के बावजूद खनन का सिलसिला थम नहीं रहा था। सोमवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह की संस्तुति पर राजस्व निरीक्षक अकबर अली ने खनन के सरगना समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पत्राचार किया है। जानकारी के अनुसार, थानांतर्गत गदीपुर के जंगल में बिना स्वीकृति के मिट्टी खनन का कार्य चल रहा था। 12 अक्टूबर की रात ईधनपुर नगला निवासी अरकान ने अपने साथियों गुलाम कादिर, राबिल हुसैन और राहिल हुसैन के साथ मिलकर अवैध खनन किया। राजस्व निरीक्षक अकबर अली ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि गदीपुर क्षेत्र में अवैध खनन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर न. | T-10-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम: मुरादाबाद मंडल के MB-CH-BE, CH-HGJ, ON-BLM-SPC और GJL-MZM खंडों की साइबर सुरक्षा के लिए स्काडा प्रणाली का उन्नयन। | | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 05.11.2025, 11:00 hrs | | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,57,94,459.06/- (GST @18% सहित) | | |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 2,79,000/- | निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days | कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. | | |

निविदा सूचना स०: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-08 दिनांक 14.10.2025 3172/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राहुल की फिफ्टी: भारत ने पूरी की जीत की औपचारिकता

● **भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में मंगलवार को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। पांचवें दिन के खेल में उन्हें जीत के लिए सिर्फ़ 58 रनों की जरूरत थी, जिसे उन्होंने केएल राहुल के अर्द्धशतक की मदद से पांचवें दिन एक घंटे के भीतर ही हासिल कर लिया। हालांकि इस दौरान उन्हें अपने दो विकेट गंवाने पड़े। दिन की शुरूआत में राहुल और साई सुदर्शन (39) आराम से लक्ष्य की तरफ़ बढ़ रहे थे। राहुल ने दिन के पांचवें ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद पर आगे निकलकर मिड ऑफ के ऊपर से चौका लगाया और दिन की पहली बाउंड्री अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने खारी पिएर के ओवर में कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका भी हासिल किया। वहीं सुदर्शन पूरी तरह शांत रहें और जब उन्होंने रॉस्टन चेज की एक फ़ुलर गेंद को ड्राइव लगाने की कोशिश की, तो गेंद ने उनके बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में शाई होप ने दायीं ओर डाइव लगाकर एक बेहतरीन कैच लपका। इसके बाद आए भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने चेज को निशाना बनाते हुए कदमों का इस्तेमाल कर छक्का और चौका लगाया, लेकिन उसी ओवर में एक और छक्का मारने के चक्कर में गेंद को हवा में खेल बैठे और जस्टिन ग्रीव्स ने मिडविकेट से पीछे दौड़कर एक खूबसूरत कैच अपने नाम किया। हालांकि इसके बाद आए ध्रुव जुरेल ने कोई गलती नहीं की। इस बीच राहुल ने वारिकन की गेंद को फ़ाइन लेग की ओर दो रनों के लिए खेल अपना अर्द्धशतक पूरा किया और वारिकन के अगले ओवर में मिडविकेट पर चौका मारकर जीत की औपचारिकता पूरी की। सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद भारतीय टीम सीमित ओवर सीरीज के लिए




## घर में सर्वाधिक टेस्ट जीत तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

● **भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने दिल्ली टेस्ट के पांचवें दिन सुबह जीत के लिए आवश्यक 58 रन आसानी से हासिल कर लिए और सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज यह देखकर संतुष्ट हो सकता है कि उन्होंने इस साल का अपना सबसे मजबूत बल्लेबाज़ी प्रदर्शन करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खींचा, लेकिन भारत की जीत पर कभी कोई खतरा नहीं था। इसके साथ ही भारत ने सीरीज स्वीप के साथ कई रिकॉर्ड्स भी बनाए।

एक नजर मैच से जुडे अहम आंकड़ों पर। भारत अब अपने घरेलू मैदानों पर कुल 122 टेस्ट मैच जीत चुका है। इस मामले में भारत अब दक्षिण अफ्रीका (121) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत से आगे सिर्फ़ इंग्लैंड (241) और ऑस्ट्रेलिया (262) हैं। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब लगातार 10 सीरीज जीत हासिल कर ली है। यह क्रम 2002 से चला आ रहा है। भारत ने अब किसी एक विपक्षी के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के साथ साझा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 10-0 का रिकॉर्ड बनाया था। यह भारत का वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 27वां टेस्ट रहा, जिसमें उसे हार का सामना नहीं करना पड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ भारत का यह सबसे लंबा अपराजेय सिल.सिला है। आखिरी बार भारत को वेस्टइंडीज ने 2002 में हराया था। दिल्ली में भारत लगातार 14 टेस्ट मैचों से अपराजेय है। आखिरी बार भारत यहां 1987 में वेस्टइंडीज से हारा था। 1993 के बाद से भारत ने दिल्ली में 14 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 12 जीते और दो ड्रॉ रहे हैं। इस नतीजे के साथ दिल्ली ने मोहाली (1997 से 13 टेस्ट) और मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम (1948-1965 के बीच 13 टेस्ट) को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे लंबे अपराजेय घरेलू मैदानों में शीर्ष पर जगह बनाई। ध्रुव जुरेल अब तक जितने भी टेस्ट खेले हैं, उन सभी में भारत विजेता रहा है। उन्होंने 2024 की शुरुआत में राजकोट टेस्ट (इंग्लैंड के खिलाफ) में डेब्यू किया था। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार अपने पहले छह टेस्ट तक हर बार विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। इस सीरीज में भारत ने कुल 13 विकेट गंवाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पेरिस 2024 फेयर प्ले अवाड्र्स के विजेताओं की घोषिणा

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को पेरिस 2024 फेयर प्ले अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार मैत्री, खेल भावना और एकजुटता के प्रतीक हैं। नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कोथीम, स्पेन के एंटोनियो रोजास और जर्मन ओलंपिक खेल परिसंघ ने ओलंपिक संग्रहालय में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्राप्त किए। आईओसी द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय फेयर प्ले समिति ने स्कोथीम का चयन इसलिए किया क्योंकि उन्होंने पोल वॉल्ट में एक निश्चित ऊंचाई तक पहुंचने में असफल रहने के बावजूद पुरुषों की डेकाथलॉन प्रतियोगिता में भाग लेना जारी रखा।

### पर्थ वनडे में नहीं खेलेंगे जम्पा और जॉश इंगलिस

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा पितृत्व कारणों से पर्थ में भारत के खिलाफ पहला वनडे मिस करेंगे। उनकी जगह मैथ्यू कुनमन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि जॉश फ़िलिपे को जॉश इंगलिस के कवर के रूप में पर्थ बुलाया गया है क्योंकि एलेक्स केरी एशेज की तैयारी के तहत एक शेफ़ील्ड शील्ड मैच खेल रहे हैं। जम्पा की पत्नी हैरियट अपनी दूसरी संतान के अंतिम गर्भावस्था चरण में हैं और डिलीवरी की तारीख नजदीक होने के कारण जम्पा ने उत्तरी न्यू साउथ वेल्स के अपने घर पर ही रहने का फैसला किया है, क्योंकि पर्थ से लौटना अपेक्षाकृत कठिन है। वह एडिलेड और सिडनी में होने वाले दूसरे और तीसरे वनडे में वापसी कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों शहरों से घर लौटना आसान है। वह पूर्वी तट पर खेले जाने वाले पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी शामिल रहेंगे।

# गिल ने इंग्लैंड में कप्तानी की परीक्षा पास कर ली थी: गंभीर



● **व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है खासकर उनके लिए जो तीनों फॉर्मेट में खेलते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कोच गौतम गंभीर का कहना है कि भले ही क्रिकेट कैलेंडर बहुत व्यस्त है, लेकिन फिर भी जिस तरह से खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को महत्व दे रहे हैं और उसकी तैयारी के लिए घरेलू क्रिकेट और ए सीरीज खेल रहे हैं, उसे देखना सुखद है। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले भारतीय टेस्ट दल के 15 सदस्यों में से आठ ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनाधिकृत टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। जबकि इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जसप्रीत बुम.राह सहित कुछ अन्य खिलाड़ी उस समय एशिया कप में व्यस्त थे। 2-0 से सीरीज जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गंभीर ने मंगलवार को कहा कि व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर होना खिलाड़ियों के लिए बहुत कठिन है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो तीनों फ़ॉर्मेट खेल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से इस सीरीज की तैयारियों के लिए कुछ टेस्ट खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ए सीरीज खेली, वह बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह से इन खिलाड़ियों का दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ से पहले रणजी ट्रॉफ़ी खेलना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह कुछ ऐसी चीज़ है, जिसे इन खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहत.रीन ढंग से अपने ऊपर लागू किया है। वे टेस्ट क्रिकेट की तैयारी सही ढंग से कर रहे हैं और वह परिणामों में भी दिख रहा है। मुझे लगता है कि जो भी खिलाड़ी सिर्फ़ टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा हैं, उनके लिए घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है, बजाय इसके वह सिर्फ एनसीए जाए और अपने स्किल पर काम करें।

### हर्षित राणा पर सवाल उठाना शर्मनाक है: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** हर्षित राणा के तीनों फॉर्मेट में चयन पर लगातार हो रही आला.चनाओं पर भी भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कठोरता से जवाब दिया है। राणा घरेलू टेस्ट सीरीज में भारतीय दल का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे और टी-20 दोनों टीमों का हिस्सा हैं। पूर्व भारतीय कप्तान और पूर्व प्रमुख चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत सहित कई अन्य लोगों ने राणा के चयन की अपने यूट्यूब चैनल पर आला.चना की थी और कहा था कि उनका चयन सिर्फ़ इसलिए हुआ है क्योंकि वह गंभीर के बहुत करीब हैं। गंभीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह शर्मनाक है। आप अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए किसी 23-वर्षीय बच्चे को निशाना नहीं बना सकते। राणा के पिता चयनकर्ताओं के कोई पूर्व चेयरमैन या कोई पूर्व क्रिकेटर या कोई एनआरआई नहीं हैं। आप किसी की आला.चना उसके प्रदर्शन पर करिए और इसके लिए भी कोच और चयनकर्ता बैठे हुए हैं।

## गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर पिचों की वकालत की

● **भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाई, अहमदाबाद में विंडीज की दो बार खराब बल्लेबाजी हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पांचवें दिन के पहले घंटे में ही 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दिल्ली की पिच बेहतर हो सकती थी।

न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर 3-0 से मिली करारी हार के बाद, जहां काफ़ी स्पिन मिल रही थी, भारत ने अहमदाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर सपाट पिचें बनाईं। अहमदाबाद में, वेस्टइंडीज को दो बार खराब बल्लेबाजी का सामना करना पड़ा, जहां टीम 44.1 और 45.1 ओवर में ढेर हो गई। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कुछ सबक सीखे और एक ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन किया जो और भी सपाट लग रही थी। गंभीर ने इस पर ज्यादा रन न बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। गंभीर ने कहा कि मुझे लगा था कि यहां हमें बेहतर विकेट मिल सकता था। हां, हमें पांचवें दिन नतीजा जरूर मिला, लेकिन मुझे लगता है कि किनारों को स्लिप में पहुंचने की जरूरत है। भारत ने दिल्ली में दोनों पारियों में कुल 200-4 ओवर खेले, जिनमें से 118-5 ओवर दूसरी पारी में खेले, जब शुभमन गिल ने फ़ॉलो-ऑन दिया। बुमराह ने इस मैच में 31-5 ओवर फेंके,

जबकि सिराज ने 24 ओवर डाले। उन्होंने फिर भी बिना किसी रुकावट के शानदार मौके बनाए, लेकिन अक्सर बल्लेबाज़ों ने गेंद की लाइन के पीछे आसानी से पहुंचकर उन्हें नाकाम कर दिया। गंभीर ने कहा कि मुझे लगता है कि तेज गेंदबाज़ों के लिए भी कुछ होना चाहिए।मुझे पता है कि हम स्पिनरों की अहम भूमिका के बारे में बात करते रहते हैं, लेकिन जब आपके पास दो अच्छे तेज गेंदबाज़ हों।

## इंग्लैंड की नजरें संघर्षरत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी जीत पर

**कोलंबो, वार्ता।** लगातार तीन जीत के साथ, इंग्लैंड महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 16वें मैच में पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। कप्तान नैट शिवर-ब्रंट की अगुवाई में, इंग्लैंड ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें शक्तिशाली बल्लेबाजी और अनुशासित गें.दबाजी का संयोजन अपने विरो.धियों को मात देने के लिए किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 117 रनों की शानदार पारी खेलने वाली शिवर-ब्रंट और केवल 17 रन देकर चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन इंग्लैंड की सफलता के केंद्र में रही हैं। उनके मैच जिताऊ प्रदर्शन ने टीम को तालि.

# भरथ थम्मिनेनी 8000 मी. से ऊंची 9 चोटियां फतह करने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पर्वतारोहण इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आंध्र प्रदेश के कर्नूल के रहने वाले 36 वर्षीय पर्वतारोही भरथ थम्मिनेनी ने दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ाई कर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है।

सोमवार सुबह चीन के समयानुसार 6:55 बजे भरथ ने चो ओयू (8,188 मीटर)-जो विश्व की छठी सबसे ऊंची चोटी है। के शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की है। भरथ थम्मिनेनी भारत की अग्रणी पर्वतारोहण संस्था बूट्स एंड क्रेम्पोंस के संस्थापक हैं। उन्होंने अब तक दुनिया की 14 एट थाउज़ेंडर (8,000 मीटर से ऊंची) पर्वत चोटियों में से नौ पर सफलता प्राप्त की है। नेपाल की संस्था क्लीम्बलाया के सहयोग से यह चढ़ाई उन्होंने स्व. समर्थित अभियान के रूप में पूरी की है जिसकी सफलता के साथ वे भारत के सबसे सफल उच्च-ऊंचाई पर्वतारोहियों में शुमार हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद भरथ ने कहा कि यह चढ़ाई सिर्फ मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय पर्वतारोही को समर्पित है जो दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों को छूने का सपना देखता है। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार, दोस्तों, बूट्स एंड क्रेम्पोंस की टीम और भारत की उस अदम्य भावना को समर्पित करता हूं जो हर बार मुझे नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा

## भारत के जॉबी मैथ्यू ने पैरा पावर लिफ्टिंग विश्व चैंपियन में जीता कांस्य पदक

**काहिरा, वार्ता।** भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जॉबी मैथ्यू ने काहिरा, मिस्र में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर अपने शानदार करियर में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। 65 किग्रा लीजेंड (मास्टर्स) वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, जॉबी ने 148 किग्रा और 152 किग्रा का प्रभावशाली भार उठाकर कुल 300 किग्रा का भार उठाया और पोडियम स्थान हासिल किया। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा (155, 159, 162) उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरू के नील ग्रासिया ने 161 किग्रा भार उठाकर रजत पदक जीता। जॉबी का पदक तक का सफर धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानी है। 147 किग्रा का उनका पहला भार अमान्य घोषित होने के बाद, उन्होंने इसे एक व्यक्तिगत चुनौती के रूप में लिया और दूसरे प्रयास में 148 किग्रा तक भार उठाया और इसे त्रुटिहीन तरीके से पूरा किया। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने अपना वजन 152 किलोग्राम तक बढ़ाया और दो महीने पहले बीलजग विश्व कप में हासिल किए गए अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किलोग्राम को पार करते हुए सफलतापूर्वक भार उठाया। यह पदक जॉबी का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है, इससे

# तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा ने आसान जीत दर्ज की, चारों एकल खिलाड़ी आगे बढ़े



**गुवाहाटी, वार्ता।** पदक की दावेदार तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री आर ने मंगलवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की, जबकि चारों बालक एकल खिलाड़ी भी अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने पोलैंड की विक्टोरिया कालेत्का को मात्र 11 मिनट में 15-2, 15-1 से हराया, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने हांगकांग की लियू होई अन्ना को 23 मिनट में 15-8, 15-9 से आसानी से हरा दिया। इसके बाद रक्षिता श्री ने कनाडा की लुसी यांग को 15-5, 15-9 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। लड़कों के एकल वर्ग में, 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान ने श्रीलंका के थिसाथ रूपाथुंगा को 15-3, 15-6 से हराया, 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत ने तुर्किये के यिगितकन एरोल को 15-5, 15-8 से हराया, जबकि लालथाजुआला हमार ने अमे.रिका के रायलन टैन को 15-11, 15-5 से हराया। कुछ घंटे बाद, ज्ञान दत्तू टीटी ने भी अपने साथियों के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया और ब्राज़ील के जोआकिम मेंडोंका को 15-10, 15-13 से हराया। अगले दौर में, ज्ञान दत्तू प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए सूर्याक्ष से भिड़ेंगे। भारत के लिए एकल वर्ग में एकमात्र उलटफेर तब हुआ जब एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के अपनी लय नहीं बना पाईं और दूसरे दौर में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त टोनरुग साएहेंग से 6-15, 5-15 से हार गईं।

# सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है: गिल

● **मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए कभी-कभी कुछ कड़े फैसल भी लेने पड़ते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज पर 2-0 की जीत के बाद उन्होंने कहा कि अब वह ष्टीम के सभी खिलाड़ियों को मैनेज करने की आदत डाल रहे हैं। प्रेजेंटेशन समारोह में उन्होंने कहा कि यह सब कुछ सही परिस्थितियों में सही विकल्प चुनने की बात है। मैं कोशिश करता हूं कि जिस स्थिति में हम हैं, उसमें सबसे सही निर्णय लिया जाए। कभी-कभी आपको कुछ कड़े फैसले भी लेने पड़ते हैं।

उस एक्स-फ़ैक्टर को चुनना होता है, जिनसे आपको रन या विकेट मिल सकते हैं। सात टेस्ट में चार जीत किसी भी कप्तान के लिए शानदार शुरुआत है, लेकिन जब आप भारत की कप्तानी करते हैं तो इसके साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी भी आती है। दिल्ली टेस्ट में भारत ने 270 रन की बढ़त के बाद वेस्टइंडीज़ को फ़ॉलो-ऑन दिया। इसके बाद दूसरी पारी में जॉन कैंपबेल और शाई होप के बीच 177 रन की तीसरे विकेट की साझेदारी हुई और मैच पांचवें दिन तक पहुंच गया। फ़ॉलो-ऑन के सवाल पर गिल ने कहा कि हम लगभग 300 रन आगे थे और विकेट काफ़ी डेड था। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लें तो हमें पांचवें दिन छह या सात विकेट लेने होंगे, जो मुश्किल हो सकता था। नीतीश कुमार रेड्डी इस एकादश में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर खेलें, लेकिन उन्होंने पूरे मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका। गिल ने कहा कि (उन्होंने) इस मैच में ओवर नहीं फेंका, लेकिन हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ़ विदेशों में ही खेलें। इससे उन पर बहुत दबाव पड़ता है। अगर हम कुछ खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें विदेशों में जीत दिला सकें, तो हमें उन्हें मौके देने होंगे। इस सीरीज़ में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने एक अहम भूमिका निभाई। इसमें कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच और जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला।

जडेजा ने मज़ाक में हंसते हुए कहा कहा कि मुझे (अश्विन की अनुपस्थिति में) ज्यादा ओवर डालने का मौका मिला। हम एक टीम के रूप में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें पता है कि पिछले पांच-छह महीनों से हम किस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं। यह हमारे लिए एक अच्छा संकेत है और हम इसे लंबे समय तक जारी रख सकते हैं। जडेजा ने हाल के समय में बल्लेबाज़ी क्रम में ऊपर खेलना शुरू किया है और अब वह नंबर छह पर खेल रहे हैं। इस नंबर पर उनका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा है। इंग्लैंड में उन्होंने मैनचेस्टर में एक शतक लगाया था और अब अहमदाबाद में भी उन्होंने ऐसा ही किया है। इसके साथ ही उन्होंने कई और अच्छी पारियां भी खेली हैं। इस बाबत उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से मैं नंबर आठ या नंबर नौ पर बल्लेबाज़ी कर रहा था, तो मेरा माइंडसेट अलग था। लेकिन अब मैं कोशिश करता हूं कि जब भी मौका मिले तो ज्यादा समय क्रीज पर बिताऊं। अब उन्हें टीम के युवा स्पिनरों जैसे कुलदीप और वॉशिंगटन सुंदर को गाइड करने का भी मौका मिल रहा है।



# प्रेम-प्रसंग में बाधक बनने पर पत्नी ने प्रेमी से करा दी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अलहादपुर देवा नगला गांव में धान की रखवाली करने गए वीरपाल नामक किसान की हत्या प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर गला दबाकर उसकी पत्नी सुनीता के प्रेमी आशीष कुमार और अंशु ने की थी। पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए षड्यंत्र में शामिल पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

सोमवार की सवेरे वीरपाल की मौत की सूचना मिली तो पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी आदि मौके पर पहुंचे। तात्कालिक तौर पर परिजनों किसी से रंजिश नहीं होने की बात कही थी और अधिक शराब पीने से मौत की बात कही जा रही थी परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट में वीरपाल की मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई। घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई कुम. रपाल पुत्र भारत सिंह ने सुनीता और आशीष पर लिखाई थी। उसने कहा की आशीष और सुनीता के बीच प्रेम संबंध हो गए थे इसका पता चलने पर वीरपाल विरोध करता था बाहर है अक्टूबर को सेवर 8:00 बजे सुनीता अपने खेत में धार रही थी तभी पड़ोसी खेत से आशु उसके पास आकर बैठ गया इस दौरान उसने आपत्ति की और झगड़ा हुआ दोनों में झगड़ा हुआ। इससे पहले ही वीरपाल दोनों को आपत्तीजा भारत में देख लिया था जिसका वह विरोध करता था तब इन लोगों ने उसे रास्ते से हटाने की सोची। पुलिस ने दोनों नामजदों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह, उप निरीक्षक अमित कुमार, मीनू चौधरी, कांस्टेबल मोहित, नीलम शामिल रहे।

# एसपी ग्रामीण ने पोर्टल पर लंबित अभियोगों की समीक्षा कर दिए निस्तारण के निर्देश

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह के निर्देशन में मंगलवार को पुलिस कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी का उद्देश्य प्फ्ठ पोर्टल पर लंबित अभियोगों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करना था।बैठक में जिलेभर के संबंधित विवेचक उपस्थित रहे। एसपी ग्रामीण ने सभी लंबित मामलों की एक-एक कर गहन समीक्षा की और यह निर्देश दिए कि प्रत्येक विवेचक अपने अधीन लंबित मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि लंबित अभियोगों के निस्तारण में लापरवाही या विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।कुँवर आकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोपरि है। उन्होंने विवेचकों से कहा कि अभियोगों की विवेचना तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर की जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में मजबूती लाई जा सके। साथ ही, उन्होंने थानास्तर पर समयबद्ध रिपोर्टिंग और निगरानी प्रणाली को और सशक्त बनाने के निर्देश भी दिए।एसपी ग्रामीण ने यह भी कहा कि लंबित मामलों के त्वरित निपटान से न केवल जनविश्वास पुलिस पर और अधिक मजबूत होगा, बल्कि अपराध नियंत्रण की दिशा में भी ठोस परिणाम देखने को मिलेंगे। बैठक में विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं विवेचक मौजूद रहे।

# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में दीया डेकोरेशन एंड कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में कक्षा एक से पांच तक के छात्र छात्राओं के लिए दिया डेकोरेशन एंड कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।बताया गया कि दीया डेकोरेशन एंड कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता एक रचनात्मक और कलात्मक आयोजन था। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मनमो. हक और सुंदर दीयो को सजाया और आकर्षक कैंडल बनाए, जिन्होंने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। छात्रों ने अपने द्वारा सजाए गए दीए और कैंडल में विविधता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता को विकसित करने का अवसर मिला, और उन्हें अपने कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिला। स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई एवं प्रबंधक सचिन विश्नोई ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं की सराहना और उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** मंगलवार को नगर के मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के तत्वाधान में किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से 09 महिला कबड्डी टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन सर्वप्रथम सचिव डॉ अशोक यादव, प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल, प्राचार्य डॉ मनोज कुमार गुप्ता, डॉ पवन ठाकुर, डॉ भानुप्रताप सिंह, डॉ रैना शर्मा, राजू पाल, डॉ तेजपाल सिंह, डॉ निर्मल कुमार, जितेंद्र यादव, पारस वार्ष्णेय, संजय नागर एवं विश्वविद्यालय से आए हुए अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को भी बैज लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव डॉ अशोक यादव, प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल एवं प्राचार्य मॉडल लॉ कॉलेज डॉ मनोज कुमार गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया। पहला मैच एस.बी.डी. कॉलेज धामपुर एवं एस.एम. कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें एसबीडी कॉलेज विजयी रहा। वहीं दूसरा मैच वर्धमान कॉलेज एवं मॉडल कॉलेज की टीमों के बीच खेला गया जिसमें मॉडल कॉलेज की टीम विजय रही। तीसरा मैच एम.एच. पी.जी. कॉलेज



मुरादाबाद और एस.बी.डी. कॉलेज धामपुर के बीच खेला गया जिसमें एस.बी.डी. कॉलेज की टीम विजयी रही। फाइनल मैच मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज और एस. बी.डी. कॉलेज धामपुर का मुकाबला हुआ पुरस्कारों का वितरण प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल, डॉ0 पवन ठाकुर, डॉ टी.पी. सिंह, जे.पी. गौतम, डॉ मुजाहिद परवीन, मधु राठौर एवं कविता चौधरी, शर्मिल उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि अखिलेश कुमार खिलाड़ी को ज्ञापन सौंपकर नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' ने कहा कि दीपावली का पर्व नजदीक है।



इसलिए नगर में सफाई व्यवस्था को पूरी तरह चौकस किया जाए। प्रत्येक मंदिर के बाहर चूना डलवाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी कूड़े के ढेर न दिखाई दें। शहर की सभी स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त कराई जाएं तथा खुले हुए मैनहोल तत्काल बंद किए जाएं। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश कुमार ने आश्वासन दिया कि दीपावली से पूर्व नगर में अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर सफाई कराई जाएगी। नगर की सभी स्ट्रीट लाइटों की जांच कर उन्हें ठीक कराया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नई लाइटें भी लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि दीपावली रोशनी का त्योहार है, नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। ज्ञापन देने वालों में प्रभात कृष्णा, बृजेश वार्ष्णेय, डी.पी. प्रधान, लकी वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय और शुभम अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### पशुवध तस्करों के खिलाफ कराया गया मुकदमा

**भोजपुर।** प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने जिलाधिकारी की संस्तुति पर उत्तराखंड, मूंढापांडे एवं भोजपुर के सात गोवंशीय पशुवध तस्करों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि काफी दिनों से क्षेत्र में थाना क्षेत्र के गांव गोधी निवासी गैंग लीडर जाबुल हसन के अपने साथियों गांव अटरिया निवासी खुर्शीद व अनवार, थाना मूंढापांडे के गांव सिरसखेड़ा निवासी वसीम व छोटे,गोधी निवासी नाजिम और उत्तराखंड के काशीपुर के मोहल्ला खत्रियान काली बस्ती निवासी मुजफ्फर के साथ मिलकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने के उद्देश्य से गैंग बनाकर गोवंशीय पशुओं का वध करके मांस की तस्करी करने की सूचनाएं मिल रहीं थीं। बीट के सिपाहियों ने भी उनके गोवंशीय पशुओं का कटान करने के धंधे में संलिप्त होने का तस्करा थाने की जीडी में दर्ज किया है। शिकायतों को गंभीरता लेकर क्षेत्र का भ्रमण कर जांच की तो आरोप सही पाए गए। इस पर आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला तो उनके उपर गोवंशीय पशुवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे भिन्न अदालतों में विचाराधीन मिले। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उत्तर प्रदेश गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम का चार्ट बनाकर अनुमति के लिए जिलाधिकारी को भेजा गया। जिलाधिकारी अनुज कुमार की संस्तुति मिलने पर गैंग लीडर जाबुल हसन, नाजिम,वसीम, छोटे, खुर्शीद,अनवर और मुजफ्फर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी आरोपी जमानत पर जेल से बाहर बताएं जा रहे हैं।

### बच्चों के विवाद में महिलाओं में हुई जमकर मारपीट

**भोजपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला धर्मपुर आंगा में बच्चों को खेलने के दौरान दो पक्षों की महिलाओं में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने प्रीति की तहरीर पर सुनीता, कविता, विनीता,बोबी,तौसी और भूरी के खिलाफ वादी के भाई किशन को स्कूल जाते हुए रास्ते में रोककर पीटने एवं बीच-बचाव करने आई बहन सविता को सड़क में घेरकर मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में केस दर्ज कर घायल भाई बहन को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। केस की विवेचना उप निरीक्षक राहुल गोयल कर रहे हैं।

### ग्राम ग्वारखेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्ति का अद्भुत उत्सव



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** ग्राम ग्वारखेड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर पूतना वध और गो. पिकाओं के संग रासलीला के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराया गया। कथा व्यास प्रीति शास्त्री जी के मुखारविंद से अमृतमयी वाणी सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी ष्राधे-राधेष के जयकारों के साथ भक्ति में लीन होकर दिव्य आनंद का अनुभव कर रहे हैं। कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। श्रीकृष्ण लीला के मधुर प्रसंगों ने श्रद्धालुओं के हृदय को प्रेम और भक्ति रस से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम में देवकीनंदन, भूपाली, पूर्ण मौर्य, राजपाल, वृद्धाश्रम संच. ालक रोहन देव, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मौर्य, राजेंद्र मौर्य, लकी मोर्य भुवनेश मौर्य खीलेंद्र प्रधान जी अंकित मौर्य गंगा प्रसाद राजेंद्र ओमप्रकाश मौर्य, ग्वारखेड़ा डीलर सीपी मौर्य, सोमपाल नेताजी, रामअवतार साहू, काल महेंद्र सिंह, लाला हरिद्वारी, खेमचंद सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हाइवे पर मरम्मत कार्य से मूंढापांडे में लगा जाम



**मूंढापांडे।** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर पराग फैक्ट्री के सामने मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को कई घंटे तक जाम लगा रहा,बस में सवार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा,टोल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था सामान्य कराई,हाईवे पर दलपतपुर के नजदीक पराग फैक्ट्री के सामने यहां सड़क काफी उबड़ खाबड़ हो गई थी, मंगलवार को एनएचएआई ने सड़क की एक लेन को रोककर उसकी मरम्मत का कार्य शुरू कराया, दोपहर लगभग तीन बजे से एक लेन रोकने पर जाम लग गया,धीरे-धीरे हाईवे पर वाहनों की कतारें लग गईं,टोल कर्मचारियों ने किसी प्रकार एक लेन में वाहनों को खड़ा किया, सभी वाहन एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते थे, कर्मचारियों की सख्ती करने पर वाहन चालक एक लाइन में लग गए, इसके बाद मुरादाबाद और दिल्ली मार्ग पर वाहन चलने लगे,रात आठ बजे तक यातायात व्यवस्था सामान्य हो सकी,इस बारे में एनएचएआई के रूट मैनेजर हसन ने बताया कि सड़क मरम्मत कार्य चल रहा है दो दिन में मरम्मत कार्य पूर्ण रूप से हो जाएगा।

### खलीलपुर गांव में भागवत कथा का शुभारंभ



**कांठ( शाह टाइम्स )** खलीलपुर कददीम गांव में भागवत कथा का शुभारंभ किया गया जिसमें कथा वाचक अमृतानंद ने कहा कि भागवत कथा सुनने से जीवन का उद्धार होता है। उन्होंने कथा के माध्यम से अनेकों उदाहरण देते हुए कथा के महत्व को बताया कथा में विश्ववात्मानंद महाराज, जगदेवानंद महाराज आदि संत रहे। कथा का आयोजन चौकीदार परिवार एवं समस्त ग्रामवासी की तरफ से किया गया। रविंदर पाल लखनऊ योगेश शेरवा हरिओम सिंह सिद्धार्थ सिंह गुड़गांव प्रदीप मुरादाबाद समस्त भक्तगण उपस्थित रहे। संचालन श्री ओम बिश्नोई के द्वारा किया गया।

### तेज रफ्तार बाइक ने ग्रामीण को टक्कर मारकर किया घायल, हालत गंभीर

**कांठ ( शाह टाइम्स।** तेज रफ्तार बाइक ने जंगल से घर लौट रहे किसान को सड़क पर टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्तियारपुर नवादा निवासी सुखबीर पुत्र राम करन सिंह दोपहर को जंगल से काम करके घर वापस आ रहा था जैसे ही वह मुख्य मार्ग पर पहुंचा पीछे से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। लोगों ने डायल 112 को फोन करके बुलाया जिन्होंने उसे सरकारी अस्पताल ले जाकर भर्ती कर दिया लेकिन हालत खराब होने पर परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए जहां पर घायल का इलाज जारी है। परिजनों ने अभी बाइक चालक के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

# विश्नोई पंथ के 541वें स्थापना दिवस पर युवाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान

**कांठ( शाह टाइम्स )** बिश्नोई पंथ का 541 वा स्थापना दिवस आज भूड़ मंदिर कांठ में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया प्रात 8 बजे 120 शब्दों का संतो द्वारा हवन हुआ जिसमें देश और समाज की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके उपरांत 10:00 बजे से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आए समाज के लोगों ने युवाओं को समाज की मुख्य धारा में लाते हुए उन्हें समाज हित के कार्य करने की जिम्मेदारी देने की बात कही गई। गोष्ठी में महमूदपुर माफी गांव के महेश बिश्नोई ने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जोड़कर पंथ के प्रचार के लिए प्रेरित करना चाहिए उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज के जो लोग अच्छे अच्छे पदों से सेवा.



निवृत हुए हैं उन्हें अपने ज्ञान को युवाओं को सौंपते हुए समाज हित में लगाना चाहिए। संत समाज ने समाज हित को लेकर अपने विचार रखें। मास्टर सुरेंद्र सिंह डॉक्टर ओमराज सिंह सीपी सिंह अशोक बिश्नोई श्री ओम बिश्नोई आदि ने गुरु महाराज के नियमों का अनुसरण करते हुए उन पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजकुमार सिंह सेवक ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद महाराज की भूड़ मंदिर परिसर में एक महाविद्यालय संचा. लित करने की इच्छा थी जिसे पूरा करने का काम अब बिश्नोई समाज को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी बनने के बाद अब यह काम और भी आसान हो गया है और इससे बिश्नोई समाज के साथ-साथ अन्य समाज के युवाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। महंत चमन ऋषि ने अपने संबोधन में मुख्तियारपुर नवादा स्थित नहर के पास बने आश्रम को समाज के युवाओं को समर्पित करने की घोषणा की उन्होंने कहा कि जो युवा एकांत में बैठकर अपनी पढ़ाई करना चाहते हैं उनके लिए उनके आश्रम के दरवाजे हमेशा खुले हैं। और उस पढ़ाई के लिए आवश्यक चीजों को स्थापित करने का काम भी वह समाज के सहयोग से करने के लिए तैयार है। गोष्ठी में महमूदपुर माफी खलीलपुर रसूलपुर बंदे वाली मंड्या पट्टी वाला पेली विश्नोई सहित काफी गांव के लोग मौजूद रहे।

# विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के निर्णयों से कांपे अपराधी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिला संबंधी अपराधों में यदि पर्याप्त साक्ष्य पाए जाते हैं, तो आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। ऐसे मामलों की सुनवाई शीघ्रता से कर न्यायालय द्वारा निस्तारण किया जा रहा है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जनपद न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह के न्यायालय द्वारा पिछले छह माह में उत्तर प्रदेश सरकार की 'ऑपरेशन कनविक्शन' मुहिम के अंतर्गत महिला संबंधी अपराधों में लगभग 19 से 22 अपराधियों को दोषसिद्ध पाकर सजा सुनाई गई है। सभी दोषियों को न्यायालय से कारावास एवं अर्थदंड से दंडित कर जेल भेजा गया है। इसी क्रम में 13 अक्टूबर को संभल पुलिस की प्रभावी पैरवी से मु0अ0सं0 593/2019 धारा 354 आईपीसी व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना गुन्नौर, जिला संभल के आरा. ेपी पीकम उर्फ गूंगा पुत्र रामबाबू निवासी भौला नगला को विशेष न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने तीन वर्ष का कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। लगातार हो रही सजाओं से अपराधियों में भय का माहौल है और न्यायालय में महिला संबंधी आपराधिक मामलों में न्याय का पहिया तीव्र गति से घूम रहा है।

# रोडवेज बस परिचालक ने की सवारियो से मारपीट, ज्यादा पैसे वसूलने का लगा आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मुरादाबाद से काठ के लिए बैठी सवारियों को आज बस परिचालक की मनमानी का शिकार होना पड़ा उन्होंने बस चालक पर मारपीट करने के साथ-साथ उनसे डबल टिकट वसूलने का आरोप भी लगाया मामला पुलिस चौकी तक पहुंचा।

क्षेत्र के गांव मल्लीवाला निवासी एक परिवार मुरादाबाद पीएसी से कांठ के लिए सरकारी बस में बैठा था परिवार के मुखिया के मुताबिक उसने बस की अगली सीट पर बैठकर सभी 6 सवारी के टिकट ले लिए लेकिन परिचालक जब पीछे पहुंचा तो उसने तीन और सवारी के टिकट पीछे बैठी महिलाओं के काट दिए।

एक ओर टिकट देते वक्त उसके बाकी पैसे ना लौट कर उसके टिकट पर लिख दिए गए युवक ने जब कांठ आकर अपने पैसे मांगे तो परिचालक ने उससे अभद्रता शुरू कर दी और सवारी पर हमला कर दिया इस बात को लेकर लोगों ने बस को पुलिस चौकी के सामने रोक लिया और अपनी शिकायत रखी समाचार लिखे जाने तक दोनों ओर से बार्ता जारी थी।

# पत्रकारों की सुरक्षा व सम्मान के लिए पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

## उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) ने प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संभल के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय परएक पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। यह मांग पत्र पत्रकारों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाने की मांग करता है जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आईरा के प्रांतीय आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर सौंपे गए इस ज्ञापन में निम्नलिखित मांगें शामिल हैं। पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और उत्पीड़न को देखते हुए तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई है।



यह कानून समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को कानूनी संरक्षण और हमले की स्थिति में त्वरित न्याय की गारंटी देगा। साथ ही राज्य और जिला स्तर पर प्रेस मान्यता के लिए ऑनलाइन, पारदर्शी और निष्पक्ष व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। विशेष रूप से छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को उनकी पात्रता के आधार पर मान्यता प्रदान की जाए तथा पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए आकस्मिक दुर्घटना, बीमारी या मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सहायता के लिए स्थायी पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना और नियमित अनुदान की मांग की गई है। सहायता वितरण की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध करने पर जोर दिया गया है। पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा, पेंशन और दुर्घटना बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल करने की मांग की गई है। स्वतंत्र और ग्रामीण पत्रकारों को भी इन सुविधाओं का लाभ देने की अपील की गई है। समाचार प्रकाशन या प्रसारण के कारण पत्रकारों पर झूठे मुकदमे, धमकी या उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। साथ ही, किसी भी मामले में गिरफ्तारी या पूछताछ से पहले प्रेस परिषद या जिला प्रेस समिति की अनुमति को अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया है। आईरा के जिलाध्यक्ष वीरेश ठाकुर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। उनकी सुरक्षा, स्वतंत्रता और गरिमा का संरक्षण करना राज्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। हमारी मांग है कि इन पांच सूत्रों पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि पत्रकार निडर होकर जनहित में कार्य कर सकें। यह मांग पत्र उत्तर प्रदेश में पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित करता है और सरकार से उनकी सुरक्षा व कल्याण के लिए ठोस कदम उठाने की अपील करता है।

इस अवसर पर संभल जिलाअध्यक्ष वीरेश ठाकुर, जुगल किशोर शर्मा, एस के सक्सेना, महेश राघव, विनय राठौर, योगेश राघव, जरीफ अहमद, रिंकू चौहान, राजकुमार दिवाकर, गौरव कुमार, महानन्दन गौतम, फरजंद अली वारसी, सलीम अंसारी, दिनेश कुमार शर्मा, नेत्रपाल सिंह, अफसर अली, बब्लू सैफी, मुजफ्फर हुसैन, इस्लाम अली, बॉबी कुमार, अफसर अली आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**बुधवार, 15 अक्टूबर 2025**

## पीएम की प्रशंसा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर पीएम मोदी की चर्चा की है। उन्होंने भारत को महान देश बताते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उनका यह बयान मिस्र के शहर शर्म अल शेख में हुए विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान आया है। यह सम्मेलन गाजा में युद्ध विराम समझौते के बाद आयोजित किया गया था। जिसमें पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। जब वह पीएम मोदी की तारीफ कर रहे थे, तब ट्रम्प ने अपने पीछे खड़े शहबाज शरीफ की ओर देखा, जिस पर शरीफ ने भी उनकी हां में हां मिलाई। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी शरीक हुए। वहां उन्होंने ट्रम्प से मुलाकात भी की। भारत ने अपने वही पुराने स्टेंड को दोहराया और कहा कि भारत इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम और गाजा में शांति के लिए समझौते का स्वागत करता है। देर रात भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस ऐतिहासिक समझौते का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति होगी। भारत ने राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा शांति योजना का पूरी तरह समर्थन किया और इस शांति के मार्ग को आगे बढ़ाने में मिस्र और कतर की भूमिका की सराहना की। पाकिस्तान ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार से नवाजने की बात कही है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व में शांति स्थापित होने का श्रेय ट्रम्प व उनकी टीम का है। उनका कहना था कि पाक ने पहले भी ट्रम्प को शांति के नोबेल के लिए नामित किया था और अब वह दोबारा नामित करना चाहते हैं। ट्रम्प ने अपने बयान में उम्मीद जताई कि तीसरा विश्वयुद्ध नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर होता भी है तो यह मध्य पूर्व में शुरू नहीं होने वाला है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कह डाला कि उन्हें लगता है कि भारत-पाक अब बहुत अच्छे से साथ रहेंगे। अब ऐसा उन्हें क्यों लगता है यह तो वही जानें। भारतीय सैनिक अधिकारियों के हवाले से जो बयान आ रहे हैं वह तो इस तरफ इशारा नहीं करते, क्योंकि मंगलवार को प. सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कटियार ने पत्रकारों से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि पाक की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अभी भी जारी है और उन्होंने पाक से सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाक भारत से लड़ने की स्थिति में नहीं है लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर से कोशिश कर सकता है, लेकिन भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मतलब साफ है कि पाक की तरफ से अभी कुछ बदलता दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान अच्छे से साथ रहेंगे। भले ही ट्रम्प पीएम मोदी की प्रशंसा कर रहे हों, और अपना अच्छा मित्र बताते हो, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि जमीनी स्तर पर उनकी तरफ से ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता, क्योंकि जिस तरह के फैसले उन्होंने भारत के प्रति टैरिफ के रूप में लिए हैं और उससे भी पहले जिस तरह उन्होंने अप्रवासी भारतीयों को वापस भेजा था, इसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता।

### ऊंचे पदों पर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं



आत्महत्या करने वाले हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के परिवार के सदस्य न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, लेकिन परिवार के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है, वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, मगर उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है, यह पूरा प्रकरण इस बात का सबूत है कि भाजपा राज में ऊंचे पदों पर पहुंचकर भी दलित समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं और न ही उनके लिए न्याय है, ऐसी शर्मनाक घटनाएं देश और समाज के लिए कलंक हं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव, कांग्रेस**

# बिहार विधानसभा चुनाव: पीके को नजरअंदाज करना भूल होगी





**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद बीस साल पुराने मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय होने का न्यायालईय फरमान आया है। इसमें लालू यादव,उनकी पत्नी राबड़ी देवी, उनके पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कुछ बड़े होटल मालिक और अफसरों के खिलाफ आरोप तय हुआ है। काफी संभावना है कि अक्टूबर बीतते-बीतते इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और तेज हो। ऐन चुनाव के वक्त इस कार्रवाई को दो नजरिए से देखा जा रहा है। एक यह कि कानून अपना काम कर रहा है और दूसरा यह कि चुनाव के वक्त भाजपा विरोधियों के साथ ऐसा करती रहती है। ए दोनों तर्क अब बिहार की जनता की कसौटी पर है।

इस बीच यदि बिहार की राजनीति में लालू परिवार के राजनीतिक दबदबे को देखें तो पता चलता है कि 2014 के बाद जब जब इस परिवार पर कानूनी शिकंजा कसा गया है तब तब यह परिवार राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर नहीं हुआ है। चाहे 2015 का चुनाव रहा हो या 2020 का। दोनों ही बार गठबंधन में रहकर चुनाव में आए और गठबंधन के प्रमुख सहयोगियों से अधिक सीटें जीतने में कामयाब हुए। आरजेडी के साथ गठबंधन में लड़े गए 2015 के चुनाव में आरजेडी को 80 सीटों पर कामयाबी मिली थी जबकि जनता दल यूनाइटेड को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। भाजपा 53 सीटों पर जीत हासिल की थी। जदयू और आरजेडी की गठबंधन सरकार सत्ता में आई थी। अधिक सीटें जीतने के बाद भी आरजेडी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। 2020 के चुनाव में आरजेडी को 75 सीटों पर जीत हासिल हुई और जदयू को 49 सीटों पर जीत मिली जबकि भाजपा 74 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस चुनाव के शुरुआती दौर में भाजपा और जदयू गठबंधन की सरकार थी।

बाद में आरजेडी और जदयू की सरकार बनी और अब फिर भाजपा और जदयू की सरकार है। 2015 के मुकाबले 2020 में आरजेडी की सीटें घटकर 75 हो गई वहीं जदयू भी 71 से घटकर 49 पर आ गई लेकिन भाजपा आश्चर्यजनक रूप से 53 से बढ़कर 74 सीटों तक पहुंच गई। 2020 में बढ़ी सीटों को पैमाना मानते हुए 2025 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ बराबर बराबर सीटों पर समझौता किया है ताकि चुनाव परिणाम बाद सरकार के नेतृत्व का फैसला करने में कोई अड़चन न आए। भाजपा गठबंधन यदि सत्ता में वापसी करता है और वह जदयू से दो चार सीटें भी अधिक पा लिया तो नितीश बखूबी जानते हैं कि उन्हें महाराष्ट्र के एक नाथ शिंदे ही होना है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पिछले दो तीन चुनावों से हटकर होने जा रहा है। नीतीश कुमार ने पहले ही बिहार की महिलाओं के लिए ढेर सारी योजनाओं का अंबार लगा दिया है दूसरे प्रधानमंत्री मोदी ने जो 75 लाख महिलाओं के खाते में दस दस हजार नगदी की इमदाद दी है, वह भी कहीं न कहीं चुनाव को प्रभावित करेगा ही।

हालांकि प्रधानमंत्री के इस दस हजार के इमदाद को विपक्ष प्रधानमंत्री के दो लाख के वायदे के सापेक्ष महज झुनझुना करार दिया है लेकिन जनता यह मानें तब न। इसके अलावा 2020 में चिराग पासवान अकेले दम पर चुनाव लड़े थे। माना जा रहा है कि तब वे भाजपा को ही नुकसान पहुंचाए थे इस बार वे 39 सीटों के साथ भाजपा के साथ चुनाव मैदान में हैं। मुमकिन है कि भाजपा के सहयोगी जीतन राम मांझी संतोष जनक समझौता न होने पर भाजपा गठबंधन को थोड़ा बहुत नुक्सान करने की कोशिश करें लेकिन यह कोई गुल खिला पाए,यह मुमकिन नहीं है। इस चुनाव में दूसरा जो बड़ा फैक्टर है वह हैं पीके यानी प्रशांत किशोर। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को अंडर स्टीमेट करना सत्ता की दौड़ में शामिल किसी भी राजनी. तिक दल के लिए भूल होगी।

दो साल में उन्होंने अपनी चुनाव प्रवंधन की विशेष पहचान से अलग एक ईमानदार राजनीतिक चेहरे की पहचान भी स्थापित की है। वैसे भी जो शख्स अपने कुशल चुनावी प्रवंधन से दूसरे को सत्ता दिला सकता है वह क्या अपने लिए थोड़ा बहुत भी नहीं कर पाएगा वह भी उस बिहार में जहां की राजनीति जंगलराज और कथित सुशासन और कुशासन के बीच उलझ कर रह गया हो। कहना न होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पीके के जन सुराज की इंट्री ने मुकाबला तितरफा बना दिया है। जबसे बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ी है तब से देखा जाए तो यह साफ दिखता है कि पीके की पार्टी आरजेडी गठबंधन और जदयू गठबंधन दोनों को बराबर बराबर नुकसान पहुंचा रही है। और ये दोनों बड़ी पार्टियां इसे लेकर मुंह भले न खोलें अंदर अंदर परेशान बहुत हैं। 35 साल से आरजेडी और जदयू के बीच उलझा बिहार पीके के रूप में एक तीसरे विकल्प को भी देख रहा है। इस चुनाव में पीके अपनी साफ-सुथरी छवि के लिए खासा चर्चित हुए हैं। जाति से ब्राह्मण प्रशांत किशोर खूब जानते हैं कि जाति के जाल में फंसे बिहार की राजनीति को उसी जाल में फंसाकर ही बदला जा सकता है। जन सुराज के अबतक घोषित करीब 140 उम्मीदवारों को देखें तो जातीय समीकरण का ख्याल बहुत सोच-समझकर कर किया हुआ जान पड़ता है। पीके ने ईमानदार छवि के कुछ पूर्व नौकरशाहों पर भी दांव लगाया है तो भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पूर्व पत्नी ज्योति सिंह को टिकट देकर महिलाओं को आकर्षित करने का इमोशनल कार्ड भी खेला है। बिहार की राजनीति में अन्दर तक पकड़ रखने वाले विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वोटों में थोड़ा-सा झुकाव भी चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। चुनाव बाद बिहार के संभावित सरकार में पीके की भूमिका क्या होगी,यह कहना मुश्किल है लेकिन वे खुद कहते हैं यह चुनाव उनकी आगे की राजनीति के लिए अर्श या फर्श जैसा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नतीजा वही जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही



**हफीज किदवई**



लाखों मौतों के बाद गिद्धों ने कहा कि चलो अब पेट भर गया। अब शांति की बात की जाए। वह बात जो ठीक 777 दिन पहले भी हो सकती थी। वह बात जो कोई भी, कभी भी कर सकता था। मगर जब लाखों घर ढह गए, इंसान मर गए, शैतान भी बेरहमी से चीख उठा,बच्चों की लाशें चिंदी चिंदी करके वहशी खा गए, तब बात फिर वहीं पहुंची, बात. चीत और शांति। यह सब उस मिस्र में इकठे होकर शांति के समझौते को रख रहे हैं। जिस मिस्र ने गजा में मदद तक न पहुंचने दी थी। यह वह जॉर्डन और मिस्र हैं, यह वह अरब हैं, जिनकी किताबों में दर्ज था कि अगर पड़ोसी भूखा है, तो तुम पर खाना हराम है। इनका पड़ोसी भूखा तो छोड़िए, तबाह हो बर्बाद हो गया, यह अय्याशियों में मस्त रहे। जब इनकी आवाम ने सुर्ख आंखे दिखाई और एक हलचल पैदा हुई कि अगर तुमने हरकत न करी, तो तख्त उलट जाएंगे। तब यह पलटे और मिस्र में इकठे हो गए।

अमरीका के पिछलग्गुओं ने देर ही में सही,कम से कम इतनी तबाही के बाद एक फिक्र को अमली जामा पहनाया। अब कम से कम यहीं से उस मिट्टी पर सुकून आ जाए। अब यहां से ही सही, फलस्तीन एक नई शुरुआत करे। उसे सब मिलकर वैसे ही उसकी जमीन पर रोप दें और मदद करें। जैसे तमाम तबाह हो चुके यहूदियों को एक बार रोपा गया था। फिलिस्तीन नाम का मुल्क अगर जमीन पर उभर आया तो यह मीटिंग का कुछ तो फायदा होगा वरना बस यही है कि जमीन जायदाद और जान छीनकर खामोश कर दिया। यह एक तारीखी पहल हो सकती है। यहीं से उम्मीद के रास्ते बन सकते हैं। इसीलिए दुनिया के तमाम लीडर्स यहां इकट्ठे हैं मगर फिर भी अगर यहां चीन और रूस होते, तो कदम ज्यादा ठोस मालूम देते। यह तो अमरीका के दोस्त इकट्ठे हुए हैं। उसकी नाजायज औलाद इजराइल के किए को लीप रहे हैं। देखते हैं कि पूरा लिप जाता है या नहीं, क्योंकि सबकी नियत में लालच और खोट है, सबकी आंखों में अमरीका का खौफ भी है।

गजा की तबाही हमारी पीढ़ी की देखी सबसे खौफनाक कहानी है। हमने अपनी आंखों से बच्चों, औरतों, नौजवानों, बूढ़ों, जानवरों, इमारतों, स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों को जमीन में मिलते देखा है। हमने इंसानियत पर सबसे बड़े जुल्म को होते देखा है। भूख से पिचके पेट, धंसी आंखे, सूखे होंठ और बच्चों के गालों पर झुर्रियां देखीं हैं। यह सब एक समझौते से मिट नही जाएंगी, दर्द रहेगा, सदियों रहेगा,बस सुकून आ जाए।

हम शांति चाहते थे। किसी भी हाल में शांति ही हमारा पहला मकसद था। इसलिए जब युद्ध रुका और इन सबों ने शांति के लिए कदम उठाया। सारी दुनिया यहां इकट्ठी हो गई। तो बस यही सुकून है कि चलो, मौत का नंगा नाच तो रुकेगा। बाकी सियासत, कूटनीति और बंदरबाट एक तरफ, कम से कम मौत तो रुकीं। मरना तो रुका। बस इतने के लिए यह कदम ठीक ही लग रहा है। आज से ही सही, उम्मीद और सुकून का रास्ता बन जाए। अरब अपने पड़ोस की इस तबाही को अपनी मदद से भर सकें। जमीन का यह हिस्सा भी अपने हिस्से की सुकून और तरक्की को पा सके। यहीं से ही सही,कम सेकम शांति की बात बढ़ चले। इतना ही बहुत है। आखिर में बस इतना,तमाम मतलबपरस्त मिलकर कोई फैसला ले रहे हैं। इसमे सिर्फ एक बात ही पक्की हो जाए कि अब और मौतें नहीं, अब और तबाही नहीं। दुनिया का हर मसला आखिर में बातचीत की मेज पर ही आता है । यही बात 7 दिन, 77 दिन पर हो सकती थी मगर 777 दिन लग गए। नतीजा वही,जो हर युद्ध का होता है और रास्ता वही, बातचीत। बस अब से यहां सुकून आ जाए,यही दुआ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस दीपावली में लाएं चेहरे पर सोने सा निखार



**शहनाज हुसैन**

त्योहारों का सिलसिला शुरू हो गया है। दीपोत्सव के पावन दिन हर महिला रंगों की तरह दमकना चाहती है ६ लेकिन इसके बिपरीत पहले नवरात्रों में डांडिया की धूम की बजह से घर से बाहर रहने और फिर दीवाली के लिए घर की साफ सफाई, डेकोरेशन ,लाइटिंग तथा शॉपिंग की जिम्मेदारी की बजह से से त्वचा धूल ,मिट्टी और प्रदूषण के सम्पर्क में आने से करना एकदम खराब हो जाती है। घर की साज सज्जा और मेहमानों की खातिरदारी की तैयारियों की बजह से ज्यादातर महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पाती हैं जिसकी बजह से पावन दिन पर उनका चेहरा बुझा, थका और उदास सा दिखने लगता है, लेकिन इसके लिए आपको टेंशन लेने की कोइ बात नहीं है। अगर आप इस त्योहार पर ग्लोइंग स्किन पाना चाहती है तो अभी से अपने लिए कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर दीजिए जिससे आप नेचुरल ग्लो के साथ सब के साथ अलग और खूबसूरत दिखें और आपके चेहरे से प्रकृतिक आभा झलके आपको महज कुछ सौन्दर्य सावधानियां अपनानी होंगी तथा बाजार के महंगे सौन्दर्य प्रसाधनों की बजाय घरेलू ऑर्गनिक प्रसाधनों का उपयोग करना होगा जोकि आपकी बाटिका तथा किचन कैबिनेट में मौजूद हैं। इस अबसर पर परम्पारिक घाघरा-चोली, साड़ी, कुर्ता, सलवार के साथ आर्गेनिक सौन्दर्य प्रसाधनों से आपके सौन्दर्य को चार चांद लग जाएंगे तथा आप इस खास दिन आकर्षण का केंद्र बन जाएंगी। घरेलू आर्गेनिक नुस्खे अपनाकर न केवल आप त्यौहार में अपनी रंगत निखार कर इस उत्सव की आभा बढ़ा सकती हैं बल्कि आपके चेहरे का आकर्षण त्यौहार में चार चांद लगा सकता है। दिवाली के साथ-साथ मौसम भी करवट लेता है। इस मौसम में ठंडक बढ़ जाने से दिनों दिन बाताबरण में आद्रर्ता की कमी आनी शुरू हो जाती है जिससे त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है। आपके होंठ ,चेहरे, त्वचा तथा बालों पर ठंडक की मार साफ झलकने लगती है। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की पहली बर्फबारी के साथ ही त्वचा का प्रकृति संतुलन बिगड़ना शुरू हो गया है तथा त्वचा में रूखापन आने के साथ ही त्वचा में चकते ,फोड़े, फुन्सिया, मुहांसे पैदा हो जाते हैं तथा बाल रूखे सूखे होकर बेजान तथा निर्जीव लगने लगते है। इसलिए त्वचा में नमी बनाए रखना अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मौसम में सामान्य तथा सूखी त्वचा को जैल के साथ दिन में दो बार साफ करना चाहिए। क्लीनजर से त्वचा की हल्के तरीके से मालिश कीजिए तथा विषैले एवं गन्दे पदार्थो को गीले कॉटन वूल से हटा दीजिए। इसके बाद त्वचा पर कॉटनवूल के मदद से गुलाब जल तथा त्वचा टानिक का प्रयोग कीजिए। इस दौरान वाताबरण में प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर जाता है तथा वातावरण में रासायनिक वायु प्रदूषण, गन्दगी तथा कालिख एवं मेल विद्यमान रहती है। इन सबसे त्वचा सम्बन्धी विकार पैदा होते है। शहरों में रहने वाली महिलाओं को रात्रि में अपने अंगों की सफाई आवश्यक रूप से करनी चाहिए। रात्रि में सभी प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन शरीर में हटा देने चाहिए क्योंकि इनसे त्वचा में रूखापन आ जाता है तथा त्वचा का प्राकृतिक अम्लीय-क्षारीय संतुलन भी बिगड़ जाता है जिससे त्वचा ड्राई हो जाती है। हालांकि मौसम में ठण्डक जरूर आ गई है लेकिन दिन का तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। यदि आप कामकाजी महिला हैं तथा दिन भर खुले बाताबरण में सफर करती हैं तो सुबह घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए तथा यदि आप घर के अन्दर रह रही है तो त्वचा पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। आज कल बाजार में माइस्चराईजर क्रीम तथा तरल रूप में उपलब्ध है। रूखी त्वचा के लिए रात्रि में क्लीजिंग के बाद नरीशिंगध्पौषक लगाकर इसे पूरे चेहरे पर मल लीजिए तथा बाद में कॉटनवूल की मदद से इसे साफ कर लीजिए। जिसके बाद आप त्वचा पर सीरम लगा लीजिए।

तेलीय त्वचा को भी माइस्चराईजर की जरूरत होती है। अगर तैलीय त्वचा पर क्रीम लगाई जाए तो कील मुंहासे उभर आते है। तैलीय त्वचा में नमी प्रदान करने के लिए एक चम्मच शुद्ध गलीसरीन में 100 मिली लीटर गुलाब जल मिलाऐं। इस मिश्रण को फ्रिज में एयरटाईट जार में रखे। इस मिश्रण को क्लीनजिंग के बाद उपयोग कीजिए। उससे त्वचा में तैलीयपन की बजाय नमी का प्रभाव आता है। त्वचा को साफ करने के लिए दूध या फेसवॉश का उपयोग करें। फेसिअल स्क्रब से चेहरे की त्वचा में लालिमा तथा चमक आती है। हफ्ते में दो बार फेसिअल स्क्रब का उपयोग करना चाहिए। पीसे हुए बादाम या चावल पाऊडर को दही तथा थोड़ी सी हल्दी में मिलाईए। आप इसमें सूखा तथा पाऊडर संगतरा व नींबू के छिलके मिला लीजिए। इसे चेहरे पर लगाकर चेहरे की हल्की अहिस्ता से मालिश कर लीजिए तथा बाद में कुछ समय बाद चेहरे को ताजे पानी से धो डालिए। दिन में घर में बाहर निकलने से पहले त्वचा पर सनस्क्रीन जरूर लगा लीजिए। आप अपनी त्वचा की प्रकृति के अनुसार सनस्क्रीन लोशन या क्रीम को उपयोग में ला सकती है। आपको दिन में क्रीम, पौषाहार तथा रात्रि में भी रात्रि क्रीम तथा सीरम का उपयोग करना चाहिए। दीवाली त्यौहार अपने साथ सर्द ऋतु की सौगात लाती है। प्रतिदिन चेहरे पर 10 मिनट तक शहद लगाइए तथा बाद में इसे ताजा स्वच्छ जल से धो डालिए। यदि आप के घर में घृतकुमारी या एलोवेरा का पौधा लगा है तो इसकी आन्तरिक हिस्से की पत्तियों में विद्यमान जैल को चेहरे पर नमी तथा ताजगी प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। गाजर को रगड़कर इसे चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगाऐ। गाजर विटामिन 'ए' में भरपूर मानी जाती है तथा सर्दियों में त्वचा को पौषाहार प्रदान करने में काफी सक्षम होती है। यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक मानी जाती है। आधा चम्मच शहद में एक चम्मच गुलाब जल तथा एक चम्मच सूखा दूध् का पाऊडर मिलाईए। इन सबका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लीजिए तथा 20 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। यह मिश्रण सूखी तथा सामान्य दोनों प्रकार की त्वचा के लिए लाभदायक साबित होता है मेयोनेज या अण्डे का योक चेहरे पर लगाने से सभी प्रकार की त्वचा में सूखेपन से राहत मिलती है। सप्ताह में दो बार बालों की तेल से ट्रीटमेंट करें। जैतून के तेल को गर्म करके इसे बालों तथा खोपड़ी पर मालिश करें। इसके बाद तौलिए को गर्म पानी में डुबोए तथा पानी को निचोडने के बाद तोलिए को सिर पर पगड़ी की तरह पांच मिनट तक लपेट लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दो. हराएं तथा इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में आसानी होती है। अण्डे का सफेद हिस्सा तैलीय बालों को प्राकृतिक क्लीनजर का अदभुत कार्य करता है था इसके प्रोटिन तत्वों से शरीर को सुदृढ करने में प्रभाव मदद मिलती है। अंडे में सफेद हिससे को बालों को शैम्पू करने से आधा घण्टा पहला लगा लीजिए। बालों को पोषण प्रदान करने के लिए अण्डे के योक से खोपड़ी को हल्की-हल्की मालिश कीजिए तथा इसे आध घंटा तक रहने दीजिए तथा बाद में बालों को ताजे स्वच्छ पानी से धो डालिए। इससे बाल मुलायम हो जाते है। यदि आप दीवाली त्यौहार को यादगार बनाने के लिए घर में कड़ी मेहनत कर रही है तो आपको कुछ टिप्स कापफी मददगार साबित हो सकते है। त्यौहार में पहले आप नरव प्रसाध्न तथा पादचिकित्सा अवश्य कर लीजिए। वास्तव में हाथ तथा पांवों को गर्म पानी में डुबोने के बाद क्रीम से मसाज कर लीजिए ताकि त्वचा कोमल तथा मुलायम बन जाए। हाथों के सौंदर्य के लिए उन्हें चीनी तथा नींबू जूस से रगड़ लें। दीवाली त्यौहार से पहले वैक्सिंग तथा थ्रेडिंग की ओर भी हल्का सा ध्यान देना न भूले।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### सीओपी ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर सहमत जताई

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में आगामी 2025 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी30) में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर व्यापक रूप से सहमति व्यक्त की है। शिखर सम्मेलन के प्रभारी ब्राजील के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के विदेश मंत्रालय के जलवायु, ऊर्जा एवं पर्यावरण सचिव तथा सीओपी30 के अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने ब्रासीलिया में आयोजित प्री-सीओपी30 बैठक के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुपक्षवाद को सुदृढ़ करने की इच्छा पर स्पष्ट सहमति है और सभी ने इसका उल्लेख किया।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 14 की मौत

**काराकस।** दक्षिण-पूर्वी वेनेजुएला के बोलिवर राज्य में सोमवार को एक सोने की खदान ढहने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी मंगलवार को राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन प्रणाली ने दी। यह दुर्घटना रोसियो नगरपालि. का के एल कैलाओ शहर में हुई, जहां भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई जिससे खदान की संरचना कमज़ोर हो गई और वह ढह गई। अग्निशमन कर्मी और नागरिक सुरक्षा अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से शवों को निकालने का काम कर रहे हैं।

### रूस आर्कान्जेस्क क्षेत्र में मिला 340 कैरेट का हीरा

**मॉस्को।** रूस के आर्कान्जेस्क क्षेत्र में एक भंडार से 340 कैरेट का एक उच्च गुणवत्ता वाला हीरा मिला है। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर त्सिबुल्स्की ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्सिबुल्स्की ने कहा कि यह हीरा आधुनिक रूस में खोजे गए पांच सबसे बड़े हीरों में से एक है और यह स्थानीय वी. ग्रिब भंडार के औद्योगिक विकास के दौरान मिला। यह अब तक का सबसे बड़ा हीरा है। गवर्नर के अनुसार, यह रत्न न केवल अपने असाधारण आकार के लिए, बल्कि अपनी गुणवत्ता और बाजार के दामों के लिए भी खास है।

### वेनेजुएला का नार्वे दूतावास बंद करने का ऐलान

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचादो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने से नाराज सरकार ने नार्वे के दूतावास पर ताला लगा दिया है। वेनेजुएला में नोबेल समिति के फैसले की ही कघी आलोचना का ज्वार थम नहीं रहा है। लोग मानते हैं कि वह देश में सत्ता पलटने के लिए विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं और स्वयं भी तख्तापलट के प्रयासों में भागीदार रही हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सुमाचादो को धुर दक्षिणपंथी नेता बताते हुए कहा कि वह देश में बाहरी हस्तक्षेप की मांग करती रही हैं।

# गाजा में इजरायल ने मचाई 13 एटम बमों जितनी तबाही

## मलबा हटाने में ही लगेंगे 15 साल, 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त

**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी आज एक भूगोल नहीं, बल्कि बारूद में झुलसे मानवीय त्रास का प्रतीक है। इजरायल ने गत दो वर्षों में करीब 2 लाख टन विस्फोटक बरसाए हैं। यह इतना बारूद है जो 13 परमाणु बमों के साझा असर के बराबर है। हमास की जिद का मूल्य गाजा को एक लाख से अधिक मौतों के रूप में चुकाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की नवीनतम अक्तूबर 2025 की रिपोर्ट रिकंस्ट्रक्शन इंडेक्स ऑफ गाजा के अनुसार, इस तबाही में 105800 से अधिक इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं और हर 10 में से 8 इमारतें खंडहर हैं।

गाजा मानव निवास के लिए अयोग्य क्षेत्र है। लगभग 90 प्रतिशत आबादी के घर या तो ढह गए हैं या रहने लायक नहीं बचे। 95 प्रतिशत से अधिक बहु मंजिला इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूएनडीपी और विश्व बैंक के साझा सर्वेक्षण कहता है, गाजा में अब 6 करोड़ टन से अधिक मलबा फैला है। यह मात्रा सीरिया के अलेप्पो युद्ध के दौरान हुए कुल विनाश से तीन गुना अधिक है। मलबा हटाने की अनुमानित लागत 24 अरब डॉलर (करीब 2 लाख करोड रुपये) है जो फलस्तीनी वार्षिक जीडीपी से 4 गुना है। इंजीनियरिंग परिषद के आकलन में कहा गया है कि मौजूदा संसाधनों के आधार पर सिर्फ मलबा हटाने में ही 12 से 15 साल लगेंगे और तब जाकर किसी नए निर्माण की शुरुआत संभव होगी। इसलिए गाजा का पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती है। तबाही का सबसे भयावह पहलू मानव जीवन की हानि है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय राहत एजेंसी, डब्ल्यूएचओ और यूएनआरडब्ल्यूए की अक्टूबर 2025 तक की समेकित रिपोर्टों के अनुसार गाजा में करीब 1.52 लाख लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से 1.8 लाख मौतों की पुष्टि हुई है व 43 हजार से अधिक लोग मलबे में दबे या लापता हैं। घायलों की संख्या 3.72 लाख से अधिक है, जिनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं-बच्चे हैं। मृतकों में 423 स्वास्थ्यकर्मी, 179 पत्रकार और 247 संयुक्त राष्ट्र राहतकर्मी हैं जो कर्तव्य निभाते हुए हमलों का शिकार बने। हमास की तरफ से इजरायल के 20 बंधकों को गाजा युद्धविराम के तहत रेड क्रास को सौंपते ही इजरायलियों में जश्न शुरू हो गया। पश्चिम एशिया समेत पूरी दुनिया को अस्थिर करने वाला दो साल से जारी विनाशकारी युद्ध खत्म होने से गाजा और इजरायल दोनों जगह लोगों ने उत्सव मनाया। लेकिन युद्धविराम और बंधकों की रिहाई संबंधी शांति योजना सिर्फ पहला कदम है। अगले कदमों पर प्रतिस्पर्धी मांगें बरकरार हैं। इस कारण युद्ध की वास्तविक समाप्ति पर अनिश्चितता है। इजरायली बंधकों को रिहा करते वक्त हमास ने कहा कि 1900 से अधिक फलस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जा रहा है।




## सांसद कीर्तिवर्धन सिंह गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश के गोंडा लोकसभा सीट से सांसद एवं विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शर्म अल-शेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सह-मेजबानी में आयोजित गाजा शांति शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से मंगलवार को यह जानकारी दी। जायसवाल ने लिखा कि भारत ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर का स्वागत करता है और आशा करता है कि इससे क्षेत्र में स्थाई शांति स्थापित होगी।



चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिवार के सदस्यों से मिलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## ढाका में केमिकल गोदाम-कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग, नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मीरपुर इलाके के शियालबाड़ी में मंगलवार को एक रसायनिक (केमिकल) गोदाम और कपड़ा फैक्टरी में भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा अचानक हुआ और आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल से कई झुलसे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के अधिकारी तल्हा बिन जसीम ने बताया कि आग रूपनगर इलाके में स्थित बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ बिजनेस एंड टेक्नोलाजी (बीयूबीटी) के पास लगी। केमिकल गोदाम से शुरू हुई आग फैक्ट्री तक पहुंच गई। मामले में फायर सर्विस एंड सिविल डिफेंस के ऑपरेशन्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने जानकारी दी कि मृतकों के शव कपड़ा फैक्ट्री की दूसरी और तीसरी मंजिल से बरामद किए गए हैं।

## डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए नाउरू के राष्ट्रपति चुने गए

**सिडनी।** नाउरू में शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों के बाद वर्तमान राष्ट्रपति डेविड एडियांग दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए है। नाउरू सरकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मंगलवार को माइक्रोनेशियाई राष्ट्र की 25वीं संसद के उद्घाटन सत्र के दौरान एडियांग को निर्विरोध राष्ट्रपति चुना गया। एडियांग अक्टूबर 2023 से नाउरू के राष्ट्रपति के रूप में सेवा दे रहे हैं और 2001 से संसद सदस्य हैं। वह शनिवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों में 25वीं संसद में नाउरू के आठ बहु-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए 19 सांसदों में से एक हैं।

## दोस्तों को बचाकर खुद हमास के चुंगल में फंसा था बिपिन

**■ इजरायल को सौंपा गया बंधक बिपिन जोशी का शव**

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद अब बंदियों की अदला-बदली का दौर शुरू हो चुका है। हमास ने 20 जीवित बंदियों को रिहा किया। इसी के साथ दूसरी तरफ हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड्स ने 4 मृत इजरायल बंधकों के नाम सार्वजनिक कर, उनके शव सौंप दिए हैं, जिनमें से एक हिंदू छात्र बिपिन जोशी का शव भी शामिल है, जिनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। हमास ने अपहृत बंदी बिपिन जोशी का शव दो साल से ज्यादा समय के बाद इजरायल को लौटा दिया गया है। 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान बिपिन जोशी को उनकी बहादुरी के लिए जाना जाता था। उन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ उसके 4 दोस्तों को बचाया था। बिपिन जोशी, जो कि नेपाली छात्र थे, हमास के हमले के समय 22 वर्ष के थे और गाजा सीमा के पास किबुत्ज़ अलुमिम में एक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नेपाल से आए थे। माना जाता है कि वह गाजा में जीवित बचे एकमात्र गैर-इजरायली और हिंदू बंधक थे। सोमवार देर रात हमास ने उनका शव इजरायली अधिका. रियों को सौंप दिया।

## भारत में 3 कफ सिरप के खिलाफ WHO की चेतावनी

### इन सिरप से जान को खतरा, कोल्ड्रिफ भी शामिल, MP में इससे 25 बच्चों की मौत हुई

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोल्ड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें। कोल्ड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितम्बर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई है। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल (डीईजी) की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। डब्ल्यूएचओ ने 9 अक्टूबर को भारत से पूछा था कि क्या कोल्ड्रिफ कफ सिरप विदेशों में भी निर्यात किया गया था। भारत में दवाओं की निगरानी करने वाली अथारिटी, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने कहा था कि कोई भी मिलावटी दवा बाहर नहीं भेजी गई। न ही अवैध निर्यात का कोई सबूत मिला है। तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित फैक्ट्री से सोमवार रात अधिकारियों ने कोल्ड्रिफ के सैंपल जब्त किए। श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी भी बंद तमिलनाडु स्थित कांचीपु. रम में श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी कोल्ड्रिफ सिरप बना रही थी। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द कर दिया और कंपनी को आधिकारिक रूप से हमेशा के लिए बंद कर दिया। कंपनी के मालिक रंगनाथन गोविंदन (75 साल) को 9 अक्टूबर को चेन्नई के कोडम्बक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था। मध्य प्रदेश पुलिस की एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (सीट) ने उसे पकड़ा था। उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड (20 अक्टूबर तक) पर भेजा गया है। कोल्ड्रिफ में किडनी खराब करने वाला 48 प्रतिशत जहर एमपी में बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मा की यूनिट से कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) जब्त की गई थी।




सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकाल की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी

## अफगानिस्तान के साथ दुश्मनी भरा माहौल

**■ पाक पाकिस्तानी रक्षामंत्री बोले: संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है, दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि अफगान के साथ दुश्मनी भरा माहौल है। इस्लामाबाद और काबुल में किसी भी वक्त संघर्ष शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों देशों में कोई झड़प नहीं हो रही है, लेकिन दोनों देशों के बीच संबंध ठंड पड़ गए हैं। आसिफ ने आगे कहा संघर्ष की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

अगर अफगानिस्तान धमकी देता है, तो हमें तुरंत प्रतिक्रिया देने का अधिकार है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए- तालिबान पाक (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 11 अक्टूबर को देर रात पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर हमला कर दिया था। बार्डर पर दोनों देशों की सेनाएं अलर्ट पर रहीं। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और यात्रियों का आना-जाना बंद रहा। बार्डर बंद होने से सैकड़ों अफगान लोग पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। वे अपने मुल्क नहीं लौट पा रहे हैं।

## यूएन महासभा में बोले भाजपा सांसद: पाकिस्तान उपदेश न दे



**■ पहले आईने में चेहरा देखे, महिलाओं-बच्चों को निशाना बनाना बंद करे**

**न्यूयार्क।** भाजपा नेता और लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उसकी हार का हवाला दिया। पाकिस्तान पर बच्चों और आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे (सीएएसी) के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के एजेंडे पर एक सेशन को संबोधित कर रहे थे। निशिकांत ने कहा कि पाकिस्तान को खुद को आईने में देखना चाहिए, इस मंच पर उपद. ेश देना बंद करना चाहिए, अपनी सीमाओं के भीतर बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाना चाहिए और अपनी सीमाओं के पार महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाना बंद करना चाहिए। निशिकांत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और विकास के लिए बेहतर वातावरण बनाना राष्ट्रीय महत्व का विषय है। भारत के प्रयासों की सराहना करने के लिए हम विशेष प्रतिवे. दक का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने भारत में चल रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी पहलों का उल्लेख किया। यह हेल्पलाइन खतरे में पड़े बच्चों को इमरजेंसी सर्विस प्रोवाइड करती है। हमारी उज्ज्वला योजना तस्करी और यौन शोषण से बच्चों के बचाव और पुनर्वास पर केंद्रित है। दुबे ने कहा कि दूसरी ओर, पाकिस्तान में बिल्कुल उलटा है। वह एक ऐसा देश है जो सीएएसी एजेंडे के सबसे गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।

## भारत में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाएगा गूगल

**■ कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही: थामस कुरियन**

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल भारत में बड़ा निवेश करने जा रहा है। गूगल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में 15 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है।

इस निवेश के तहत कंपनी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक विशाल डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब स्थापित करेगी। गूगल के मुताबिक, यह अमे. रिका के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा एआई सेंटर होगा। गूगल क्लाउड के सीईओ थामस कुरियन ने दिल्ली में आयोजित समझौता कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह हमारे लिए अमे. रिका के बाहर सबसे बड़ा एआई हब निवेश है। भारत अब ग्लोबल टेक हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और राज्य के आईटी मंत्री नारा लोकेश भी मौजूद रहे। यह समझौता आंध्र प्रदेश में तेजी से बढ़ती डिजिटल इकानमी को गति देने वाला माना जा रहा है।

## सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 11 वां टेस्ट कामयाब

### दूसरी बार आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़े, स्टारशिप की हिंद महासागर में लैंडिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 11वां टेस्ट कामयाब रहा। इसे मंगलवार (14 अक्टूबर) को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था, जिसमें सुपर हैवी बूस्टर की अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई।

वहीं स्टारशिप की हिंद महासागर में वाटर लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट का मकसद भविष्य में राळकेट को उड़ान भरने वाली जगह पर वापस लाने से जुड़े टेस्ट करना था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। फ्लाइट एक्सपेरिमेंट्स से नेक्स्ट-जनरेशन बूस्टर के लिए जरूरी जानकारी इकट्ठा की गई। व्हीकल के संवे. दनशील हिस्से को टेस्ट करने के लिए वहां से कुछ टाइल्स हटा दी गई थीं। बूस्टर के लैंडिंग बर्न के दौरान एक खास इंजन कॉन्फिगरेशन का प्रदर्शन किया गया। लैंडिंग के अंतिम चरण में तीन सेंटर इंजनों में से एक को जानबूझकर बंद किया गया, ताकि यह जांचा जा सके कि मिडिल रिंग का बैकअप इंजन लैंडिंग को पूरा कर सकता है या नहीं। मिशन में आठ डमी सैटेलाइट अंतरिक्ष में छोड़ी गई। अंतरिक्ष में एक रैप्टर इंजन को दोबारा चालू करने का टेस्ट भी किया गया, जो कामयाब रहा। स्टारशिप के सुपर हेवी बूस्टर की अमे. रिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप का 10वां टेस्ट 27 अगस्त को किया गया था, जो कामयाब रहा था। राकेट को सुबह 5:00 बजे टेक्सास के बोका चिका से लान्च किया गया। ये टेस्ट 1 घंटे 6 मिनट का था। इस मिशन में स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़ने से लेकर इंजन चालू करने जैसे सभी आब्जेक्टिव पूरे हुए। स्टारलिंक सिम्युलेटर सैटेलाइट असली स्टारलिंक सैटेलाइट्स के डमी हैं। इनका इस्तेमाल स्टारशिप की सैटेलाइट डिप्लायमेंट क्षमता को परखने के लिए किया जाता है।



**■ दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया**

## मंगोलिया के नागरिकों को मिलेगा नि:शुल्क ई-वीजा

**■ भारत मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार: मोदी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मंगोलिया के विकास में मजबूत और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर मंगो. लिया के नागरिकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की और कहा कि दोनों के बीच आध्यात्मिक संबंधों तथा परंपराओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत मंगो. लिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति हुरेलसुख की यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक भागीदारी के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर दोनों देशों ने संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया जो साझा विरासत, विविधता और गहरे सत्यतागत संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि भारत मंगोलिया के नागरिकों को निघ्शुल्क ई-वीजा देगा और हर वर्ष मंगोलिया से युवा 'कल्चरल एम्बेसडर्स' की भारत यात्रा की भी व्यवस्था करेगा।

